सूर्योदय 7:14 सूर्यास्त 5:36

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 7.6 न्यू | 16.2 अधि |
| धर्मशाला | 5.9 न्यू | 18.9 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78507.41 |
| निफ्टी | 23742.90 |
| सोना | 78,000 |
| चांदी | 90,207 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




तमन्ना ने दोस्तों के साथ मनाया न्यू ईयर

पृष्ठ 4 पर


आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 2 जनवरी 2025 | 19 पौष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 15, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


# हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिरों में नतमस्तक होकर किया नववर्ष के पहले दिन का आगाज

**नववर्ष** का जश्न मनाने के लिए देशभर से तीन लाख से ज्यादा पर्यटक और श्रद्धालु देवभूमि हिमाचल आए। पर्यटकों ने जहां 31 दिसंबर की रात विभिन्न जगहों में न्यू ईयर सेलिब्रेट किया, तो वहीं नए साल के पहले दिन श्रद्धालुओं ने पांच शक्तिपीठों और बाबा बालक नाथ मंदिर में दर्शन किए।



















## न्यूज शॉर्ट्स

### बर्फ का आनंद लेने छराबड़ा पहुंची प्रियंका




**शिमला।** बर्फ का आनंद लेने के लिए कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी बुधवार को दोपहर करीब डेढ़ बजे छराबड़ा पहुंचीं। प्रियंका गांधी के बच्चे दो दिन पहले ही शिमला पहुंच गए थे। सूत्रों ने बताया कि प्रियंका का शिमला में आगामी एक सप्ताह तक रुकने का कार्यक्रम है। बर्फ का दीदार करने के लिए प्रियंका गांधी और उनके बच्चे शिमला आए हैं।

### लखनऊ के होटल में पांच लोगों की हत्या

**लखनऊ।** लखनऊ के होटल शरणजीत में पांच लोगों की नृशंस हत्या कर दी गई है। इस सनसनीखेज वारदात को अंजाम 24 वर्षीय अरशद ने दी है। उसने अपनी मां और चार बहनों की बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। थाना नाका क्षेत्र के होटल शरणजीत सभी लोग 30 दिसंबर को रुकने के लिए आए थे। 31 दिसंबर की रात में अरशद ने अपनी मां और चार बहनों रहमीन, अल्शिया, अक्शा और आलिया की हाथ की नस काटकर हत्या कर दी।

### गुजरात के कच्छ में भूकंप के लगे झटके



**अहमदाबाद।** गुजरात के कच्छ जिले में बुधवार सुबह 3.2 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप से किसी के हताहत होने या संपत्ति को नुकसान पहुंचने की कोई खबर नहीं है। आईएसआर के मुताबिक, भूकंप के झटके सुबह 10 बजकर 24 मिनट पर आए। इसका केंद्र भचाऊ से 23 किलोमीटर उत्तर-उत्तर पूर्व में स्थित था।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- एचआरटीसी जारी करेगा स्मार्ट डिस्काउंट कार्ड -पेज 3
- धर्मशाला मंडल में परिवहन निगम ने की 206 करोड़ की कमाई: पंकज -पेज 4
- दो साल से सड़क को साफ नहीं कर पाया लोक निर्माण विभाग -पेज 9
- क्या भाजपा के 'गलत कामों' का समर्थन करता है आरएसएस? -पेज 13
- बुमराह ने छुआ 907 रेटिंग अंकों का आंकड़ा -पेज 14


# दृष्टिबाधित बच्चों को अब 4,000 रुपए मिलेगी पेंशन

## सीएम ने पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन के नाम किया हिप्र लोक प्रशासन संस्थान (हिप्पा)

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को कहा कि प्रदेश के संसाधनों में दृष्टिबाधित बच्चों को भी उनका हक मिलना चाहिए। उन्होंने प्रदेश के सभी दृष्टिबाधित बच्चों को मिलने वाली 1500 रुपए मासिक पेंशन को 27 वर्ष की आयु तक बढ़ाकर 4 हजार रुपए करने की घोषणा की।

उन्होंने कहा कि इसका प्रावधान राज्य सरकार आगामी बजट में करेगी। राज्य सरकार दृष्टिबाधितों को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास कर रही है। यह घोषणा उन्होंने हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान (हिप्पा) शिमला की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर की। इसके साथ ही सीएम ने संस्थान का नाम पूर्व प्रधानमंत्री स्व. डॉ. मनमोहन सिंह के नाम पर रखने का ऐलान भी किया। उन्होंने हिप्पा में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि भी अर्पित की। उन्होंने कहा कि उनकी दूरदर्शी नीतियों के कारण देश के लोग आत्म-सम्मान के साथ खड़े हैं और हिमाचल प्रदेश के विकास में भी उनका विशेष योगदान रहा है। उनके प्रयासों से हिमाचल प्रदेश में अनेक बड़े संस्थान खुले, जिसका लाभ आज प्रदेश के लोगों को मिल रहा है।



### ब्रेल पद्धति का स्थान लेगी स्पेशल एजुकेटर

**सीएम** ने हिप्पा की एक कॉफी टेबल बुक का विमोचन किया। उन्होंने हिप्पा में स्पेशल एजुकेटर की तीन जनवरी तक चलने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम का भी शुभारंभ किया, जिसमें 80 शिक्षक भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को न्यू एज टेक्नोलॉजी से विशेष बच्चों को पढ़ाने का प्रशिक्षण प्राप्त होगा, जिससे दृष्टिबाधित बच्चों को लाभ मिलेगा। यह नई पद्धति ब्रेल का स्थान लेगी। सुक्खू ने हिप्पा की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने पर संस्थान के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को बधाई दी। इस अवसर पर ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, एपीएमसी शिमला किन्नौर के अध्यक्ष देवानंद वर्मा, नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान आदि उपस्थित रहे।

# मातम में बदला न्यू ईयर का जश्न: ठियोग में खाई में गिरी कार, तीन युवकों की मौत

## शिमला से रामपुर लौट रहे थे युवक, मतियाना में पेश आया हादसा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



**नए** साल की पूर्व संध्या जहां हर जगह खुशी और जश्न का माहौल था। वहीं, इस हादसे ने तीन परिवारों को गमगीन कर दिया। परिवार पर दु:खों का पहाड़ टूट पड़ा। शिमला जिले के ठियोग के मतियाना में मंगलवार रात करीब 11:30 बजे पेट्रोल पंप के पास एक कार खाई में गिर गई।

इस हादसे में किन्नौर के तीन युवको मौत हो गई है। तीनों युवक कार (एचपी 02ए-0169) से शिमला से रामपुर की ओर जा रहे थे। मतियाना पहुंचने पर पेट्रोल पंप के समीप कार खाई में गिर गई और तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान चालक साजन (23) पुत्र राकेश गांव सुगरा, प्रशांत (21) पुत्र शिव कुमार गांव कश्मीर, जिला किन्नौर, और साहिल (22) पुत्र बिट्टू प्रताप गांव काप्टी, जिला कुल्लू के रूप में हुई है। डीएसपी ठियोग सिद्धार्थ शर्मा ने हादसे की पुष्टि करते हुए कहा कि हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि तीनों युवक किसी निजी कार्य से शिमला आए थे और रामपुर लौट रहे थे।

# निजी स्कूल संचालक का भांजे ने किया मर्डर

**अनंत ज्ञान, सोलन**

**नए** साल के पहले दिन सोलन जिले के ओच्छघाट स्थित केटीएस स्कूल के संचालक जेएस निंदी को भांजे ने तेजधार हथियार से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। आरोपी कुछ दिन पहले ही ओच्छघाट आया था। संपत्ति विवाद के चलते दोनों में किसी बात को लेकर बहस हो गई, जिस पर भांजे ने तेजधार हथियार से हमला कर दिया। इसके बाद निंदी को सोलन अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी को पकड़ने के लिए रोपड़ टीम भेजी है। जानकारी के मुताबिक, मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए आईजीएमसी शिमला भेजा है। जुन्गा लैब से फॉरेंसिक टीम को बुलाया है। एएसपी राज कुमार चंदेल ने बताया कि एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है, जिससे पूछताछ चल रही है। बता दें कि निंदी पिछले कुछ वर्षों से ओच्छघाट में बोर्डिंग स्कूल का संचालन कर रहे थे। बताया जा रहा है कि उनका इसी संपत्ति को लेकर रिश्तेदारों से विवाद चल रहा था।

**संपति विवाद के चलते हुई थी दोनों के बीच बहस**

## शंभू बॉर्डर पर 6 को मनाया जाएगा गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाशोत्सव

# किसान बोले- कृषि मार्केटिंग पॉलिसी का ड्राफ्ट रद्द करे पंजाब सरकार

**एजेंसी, चंडीगढ़**

**फसलों** के एमएसपी की कानूनी गारंटी समेत 13 मांगों को लेकर शंभू और खनौरी बॉर्डर पर किसानों का आंदोलन पिछले साल फरवरी से चल रहा है। इस बीच सरवन सिंह पंधेर के नेतृत्व में बुधवार को शंभू बॉर्डर पर किसानों की बैठक हुई है।

मीटिंग में तय हुआ है कि 6 जनवरी को श्री गुरु गोबिंद के प्रकाश पर्व शंभू बॉर्डर पर मनाया जाएगा। ऐसे में पटियाला के नजदीक के गांवों से अपील है कि अधिक से अधिक लोग मोर्चे में पहुंचे। इसमें किसान जत्थेबंदियां अपने कैडर सहित शामिल होंगी। किसानों ने मांग की कि पंजाब सरकार विंटर सेशन में केंद्र सरकार की ओर से जारी कृषि मार्केटिंग पॉलिसी के ड्रॉफ्ट को रद्द किया जाए। किसानों की अन्य 13 मांगों के हक में पंजाब सरकार प्रस्ताव पास करे। आने वाले समय में शंभू बॉर्डर पर लोगों की संख्या बढ़ाई जाएगी। जल्द ही दिल्ली जाने के फैसले का ऐलान करेंगे। जब तक केंद्र सरकार हमारी मांगों पर कोई ठोस फैसला नहीं लेती, तब तक हमारा आंदोलन जारी रहेगा। दूसरी तरफ खनौरी बॉर्डर पर भी किसानों की मीटिंग जारी है।

**केंद्र के फैसले तक आंदोलन जारी रहेगा**



# फसल बीमा का बजट बढ़ाकर 69,516 करोड़ किया

## मोदी सरकार का किसानों को नए साल का तोहफा, डीपी खाद का 50 किलो का बैग 1350 में मिलता रहेगा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्र** सरकार ने साल के पहले दिन किसानों के लिए बड़े फैसले किए हैं। बुधवार को कैबिनेट बैठक में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और मौसम आधारित फसल बीमा योजना को 2025-26 तक जारी रखने को मंजूरी दे दी है।

इसी के साथ फर्टिलाइजर पर सब्सिडी जारी रहेगी। डाय-अमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) खाद का 50 किलोग्राम का बैग पहले की तरह 1350 रुपए का मिलता रहेगा। कैबिनेट ने डीपी खाद बनाने वाली कंपनियों को 3850 करोड़ की अतिरिक्त सब्सिडी देने का ऐलान किया है। फसल बीमा योजना का आवंटन बढ़ाकर 69,516 करोड़ रुपए कर दिया गया है। फसल बीमा न देने पर पेनल्टी नहीं लगाई जाएगी।



केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए डीएपी पर सब्सिडी बढ़ाने का ऐलान किया है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कृषि जगत में इनोवेशन और टेक्नोलॉजी को विस्तार देने के लिए 824.77 करोड़ रुपए के बजट का भी आवंटन किया है। उन्होंने कहा कि यह फसल क्षति के तेजी से आकलन, दावा निपटान और कम विवादों के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग में मदद करेगा। यह आसान नामांकन और अधिक कवरेज के लिए डिजिटल तकनीकों का उपयोग करने में भी मदद करेगा।

### मौसम सूचना और नेटवर्क डाटा सिस्टम पर होगा काम

**कैबिनेट** ने वेदर इंफॉर्मेशन से जुड़े प्रोजेक्ट पर भी मंजूरी दी है। मौसम सूचना और नेटवर्क डाटा सिस्टम में ब्लॉक स्तर पर ऑटोमेटिक वेदर सिस्टम और पंचायत स्तर पर ऑटोमेटिक रेन गेज स्थापित किए जाएंगे। नौ प्रमुख राज्य विंड्स को लागू करने की प्रक्रिया में हैं (जिसमें केरल, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, पुडुचेरी, असम, ओडिशा, कर्नाटक, उत्तराखंड और राजस्थान शामिल हैं), अन्य राज्यों ने भी इसे लागू करने की इच्छा जताई है।

**मौसम** | हिमाचल में पड़ रही कड़ाके की ठंड, ताबो में -17 डिग्री तापमान, आज से सक्रिय होगा पश्चिम विक्षोभ

# मौसम बदलेगा करवट, 5-6 को फिर बर्फबारी


**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश लोगों को एक बार फिर बर्फबारी देखने का नजारा मिलेगा। दो जनवरी से पश्चिमी विक्षोभ फिर सक्रिय होगा।

वहीं, 5 और 6 को भारी बारिश और बर्फबारी का अलर्ट जारी किया है। प्रदेशभर में बर्फबारी के बाद से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पहाड़ी क्षेत्रों में कई स्थानों पर पारा शून्य से नीचे गिर चुका है, जबकि मैदानी इलाकों में शीतलहर चलने से तापमान में गिरावट आई है। इस दौरान मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने कई जगहों पर बारिश-बर्फबारी होने संभावना जताई है। हिमाचल में बारिश-बर्फबारी के बाद काफी ठंड बढ़ गई है। ताबो में पारा रिकॉर्ड माइनस 17 डिग्री पहुंच गया है।

2024 के आखिरी दिन शिमला और मनाली के तापमान में हल्की बढ़ोतरी हुई है, लेकिन बर्फबारी के बाद प्रदेश के छह शहरों का पारा शून्य से नीचे लुढ़क चुका है। सबसे अधिकतम तापमान सुंदरनगर में 21.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है।

**छह शहरों का पारा शून्य से नीचे लुढ़का**



शिमला में बुधवार को खिली धूप के बीच रिज मैदान पर घूमने का आनंद लेते पर्यटक।

### मैदानों में कोहरे की मार, येलो अलर्ट जारी

**मैदानी** जिलों ऊना, कांगड़ा, बिलासपुर, हमीरपुर और मंडी जिले के कई क्षेत्रों में कोहरा पड़ने का सिलसिला बुधवार को जारी रहा। वीरवार को घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है।

## अमेरिका में जश्न मना रहे लोगों को कार ने रौंदा, 10 की मौत

**न्यू ओर्लियंस।** अमेरिका के लुइसियाना राज्य के न्यू ऑर्लियंस शहर में पहली जनवरी को एक शख्स ने नए साल का जश्न मना रहे लोगों पर कार चढ़ा दी। कार से एक शख्स उतरा और लोगों पर फायरिंग शुरू कर दी। इससे 10 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए। वहीं, अमेरिका के न्यू ओर्लियंस में लोगों को कार से कुचलने और गोलीबारी करने का संदिग्ध पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायल लोगों को अस्पतालों में भर्ती करवाया है। यह घटना न्यू ओर्लियंस में नए साल के जश्न के अंत में और शहर के कैसर सुपरडोम में आयोजित कॉलेज फुटबाल क्वार्टर फाइनल ऑलस्टेट बाउल की शुरुआत से कुछ घंटे पहले हुई है।

# मुंबई हमले के आरोपी तहव्वुर राणा को लाया जाएगा भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**मुंबई** हमले (26/11) के आरोपी तहव्वुर राणा को जल्द भारत लाया जा सकता है। अमेरिकी कोर्ट ने भारत-अमेरिका प्रत्यर्पण संधि के तहत राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी है।

राणा को डिप्लोमैटिक चैनल के जरिए भारत लाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। तहव्वुर राणा को 2009 में एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। 15 अगस्त 2024 को राणा ने प्रत्यर्पण के फैसले के खिलाफ अपील की थी, जिसे डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने खारिज कर दिया था। अमेरिकी अदालत ने अपने फैसले में कहा था कि दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि के तहत उसे भारत भेजा जा सकता है। मुंबई हमले की 405 पन्नों की चार्जशीट में राणा का नाम भी आरोपी के तौर पर दर्ज है। इसके मुताबिक राणा आईएसआई और लश्कर-ए-तैयबा का मेंबर है। चार्जशीट के मुताबिक, राणा हमले के मास्टरमाइंड मुख्य आरोपी डेविड कोलमैन हेडली की मदद कर रहा था। 26 नवंबर 2008 को मुंबई में लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने हमले किए थे। उनमें 166 लोग मारे गए और 300 घायल हुए थे। मरने वालों में कुछ अमेरिकी नागरिक भी थे।



**अमेरिका ने आतंकी के प्रत्यर्पण की मंजूरी दी**

## न्यूज ब्रीफ

### शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा को दी श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** सेना मेडल (शौर्य) से अलंकृत शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा के शहीदी दिवस पर बुधवार को उन्हें हमीरपुर में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा चौक और निर्माणाधीन युद्ध स्मारक के परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में डीसी अमरजीत सिंह, एसपी भगत सिंह ठाकुर, एएसपी राजेश कुमार और अन्य अधिकारियों-कर्मचारियों, शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा के परिजनों, भूतपूर्व सैनिकों और आम नागरिकों ने शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए और देश के लिए उनके सर्वोच्च बलिदान का स्मरण किया। गौर हो कि कैप्टन मृदुल शर्मा एक जनवरी 2004 को जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में बहादुरी के साथ लड़ते हुए शहीद हो गए थे। इस अदम्य साहस के लिए उन्हें मरणोपरांत सेना मैडल (शौर्य) से अलंकृत किया गया था। प्रदेश सरकार ने शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा की स्मृति में ब्वॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर का नाम शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा स्मारक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) हमीरपुर किया है।

### छह तक बंद रहेगी झनिक्कर-बढार सड़क

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** भोरंज उपमंडल में झनिक्कर-बढार सड़क की मरम्मत के चलते इस सड़क पर यातायात 6 जनवरी तक बंद कर दिया गया है। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि झनिक्कर-बढार सड़क दिम्मी के पास क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसकी मरम्मत करवाने के लिए उक्त सड़क पर वाहनों की आवाजाही 6 जनवरी तक बंद की गई है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक दिम्मी-भरड़ू-डेरा परोल सड़क या पंजोत से धरयाड़ा, कंजयाण, डेरा परोल सड़क को वैकल्पिक रूट के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं।

### चाचा ने शराब के नशे में भतीजे को पीटा

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** थाना भोरंज में अश्वनी अंगारिया पुत्र रमेश कुमार गांव भौर डाकखाना ककरोट तहसील भोरंज की लिखित शिकायत के आधार पर मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता के अनुसार इनके चाचा रविंद्र कुमार इनके घर के कमरे मे बनी आंगनबाड़ी का बल्ब तोड़ रहे थे तथा उनके हाथ में डंडा भी था। जब शिकायतकर्ता ने उन्हें ऐसा करने से रोका तो वह आग बबूला हो गए तथा उन्होंने हाथ मे लिये डंडे से पहले शिकायतकर्ता के घर मे लगे सीसीटीवी कैमरा को तोड़ा है तथा बाद मे शिकायतकर्ता के घुटने पर 4 -5 डंडे मार दिए। जब शिकायतकर्ता अपना बचाव कर रहा था तो इनके चाचा ज्यादा शराब पीने के कारण असंतुलित होकर नीचे गिर गए व इतने में उनका बेटा भास्कर भी मौके पर आ गया जिसने भी शिकायतकर्ता को पीटना शुरू कर दिया। शिकायतकर्ता जब जोर-जोर से चिल्लाया तो इनके पिताजी व भाई नीरज मौका पर आ गए। दोनों ने शिकायतकर्ता को उनके चाचा व भास्कर के चंगुल से छुड़ाया। थाना प्रभारी प्रशांत ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी है।

### कार्यकारी अधिकारी अल्प प्रवास के तहत स्थानांतरित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर ।** संजय कुमार, कार्यकारी अधिकारी को जनहित में स्थानांतरण पर प्रतिबंध में छूट देते हुए नगर परिषद सुजानपुर-टिहरा से नगर परिषद चंबा में रिक्त पद पर अल्प प्रवास के लिए स्थानांतरित किया गया है। उक्त अधिकारी को निर्देश दिया गया है कि वे नए स्थान पर कार्यभार ग्रहण करें तथा कार्यभार ग्रहण की रिपोर्ट तत्काल विभाग को प्रस्तुत करें। इसके अतिरिक्त, श्री अजमेर सिंह, कार्यकारी अधिकारी, नगर निगम हमीरपुर, अपने कार्यभार के अतिरिक्त नगर परिषद सुजानपुर-टीहरा का कार्यभार भी देखेंगे। यह आदेश प्रधान सचिव (यूडी) हिमाचल सरकार ने जारी किए हैं।

# बाबा की गुफा में एक लाख श्रद्धालओं ने लगाई हाजिरी

## नववर्ष पर दियोटसिद्ध मंदिर में सारे रिकॉर्ड टूटे, देर शाम तक बारी के इंतजार में लाइनों में खड़े रहे भक्त

**विक्रम ढटवालिया/एसके ठाकुर, हमीरपुर/बड़सर**

बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में नववर्ष पर इस बार श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ छूटी और पिछले सारे रिकॉर्ड टूट गए। करीब 1 लाख से ऊपर श्रद्धालुओं ने माथा टेका। देर शाम तक श्रद्धालु बड़ी तादाद में बाबा की गुफा के दर्शन के लिए लाइनों में अपनी बारी की इंतजार में खड़े थे। पिछली मर्तबा या आंकड़ा 70 हजार के आसपास का था। पिछले साल श्रद्धालुओं की लाइन टूट गई थी, उसके बाद इक्का-दुक्का श्रद्धालु ही पहुंचे थे, लेकिन बुधवार को देर शाम तक जो भीड़ देखी जा रही है, उसकी प्रमुख वजह इस बार मौसम खुशगवार होना भी मानी जा रहा है।

मंदिर अधिकारी और बिझड़ी के तहसीलदार संदीप ठाकुर का कहना है कि मंगलवार दोपहर के समय से जिस अंदाज में श्रद्धालुओं ने लाइनों में खड़े होकर बारी का इंतजार किया, यह सिलसिला देर रात तक बना रहा और 12 के बाद भी रात को नए सिरे से श्रद्धालु लाइनों में खड़े हो गए थे। लाइन बुधवार देर शाम तक भी टूटी नहीं थी। अनुमान यही है कि एक लाख से भी ज्यादा श्रद्धालु देर शाम तक माथा टेक लेंगे क्योंकि शाम 5 बजे के आसपास भी भारी भीड़ श्रद्धालुओं की मौजूद थी।





दियोटसिद्ध मंदिर के परिसर में बैठे श्रद्धालु (मध्य) लेट कर बाबा जी के मंदिर जाता एक श्रद्धालु (दाएं) महंत दरबार में भी श्रद्धालुओं का काफी हजूम उमड़ा।

### दर्शन हो गए हैं आसान

क्योंकि ज्यादा भीड़ जमा इसलिए नहीं हो पाई और लाइन में जो श्रद्धालु खड़ा हो रहा है, उसे लंबा इंतजार नहीं करनी पड़ रही क्योंकि गुफा के रास्ते को बहुत बेहतर और खुला हो बना दिया गया है। यहां भी इस बार नववर्ष पर श्रद्धालुओं को सहूलियत मिली।

**खास बातें : लंगर में खीर का आयोजन, बच्चों के लिए स्पेशल दूध की व्यवस्था :** नववर्ष की पूर्व संध्या पर गुफा दर्शन आने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए इस बार मंदिर प्रशासन ने लंगर में खीर तथा बच्चों के लिए दूध की विशेष व्यवस्था की गई थी।

### सीसीटीवी कैमरों से रखी जा रही नजर

सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी ठंड के बावजूद भी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं को सुरक्षा के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस पैनी नजर रखी हुई थी। मंदिर अधिकारी धर्मपाल नेगी, डीएसपी लालमन शर्मा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज पर पैनी नजर गढ़ाए हुए थे। गुफा दर्शन करने वाले हर एक श्रद्धालु पर सीसीटीवी फुटेज को कंट्रोल रूम में मंदिर अधिकारी, डीएसपी बारीकी से चेक कर रहे थे तथा हर एक संदिग्ध पर पैनी नजर से देख रहे थे। पुलिस टीम को कंट्रोल रूम से मैसेज भेज कर भीड़ पर नियंत्रित करके श्रद्धालु आसानी से गुफा दर्शन कर सके।

**महंत दरबार में भी श्रद्धालुओं का काफी हुजूम उमड़ा :** गुफा दर्शन के बाद देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु गड़ीसीन महंत श्री श्री श्री 1008 के दरबार में आशीर्वाद लेने के लिए पहुंच रहे थे। श्रद्धालुओं में आस्था है की नववर्ष की संध्या पूर्व गुफा दर्शन तथा महंत जी का आशीर्वाद देने से नववर्ष मंगल में रहता है। मन्नत पूरी होने पर श्रद्धालु शाहतलाई लेट कर गुफा दर्शन करने पहुंचते हैं। पंजाब से आए एक श्रद्धालु प्रमोद सिंह जो तपोभूमि शाहतलाई लगभग 4 किलोमीटर से लेटकर गुफा दर्शन करने के बाद बोले कि दरबार में मन्नत मांगी थी, जो पूरी हो गई है। इसी के चलते लेट कर गुफा दर्शन किए।

### पार्किंग की रही बेहतर व्यवस्था

इस बार पंजाब प्रांत से आने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ तो खूब पहले की तरह ही देखी गई, लेकिन हिमाचल के श्रद्धालुओं ने भी बड़ी तादाद में बुधवार को बाबा के दरबार में माथा टेकने में कोई कसर नहीं छोड़ी। महिलाएं भी काफी बड़ी तादाद में बाबा के दरबार पहुंची हुई थीं। इस बार पार्किंग की बेहतर व्यवस्था होने के कारण उन्हें ज्यादा दिक्कत का सामना नहीं करना पड़ा। श्रद्धालु अपने वाहनों में मंदिर परिसर तक भी पहुंच रहे थे।

### समीरपुर में पूर्व मुख्यमंत्री का आशीर्वाद लेने के लिए लगी रही भीड़



अनंत ज्ञान, हमीरपुर। नववर्ष के शुभ अवसर पर समीरपुर में जिला व प्रदेश के कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल को बधाइयां दीं व उनका आशीर्वाद लिया। पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने भी अंग्रेजी कैलेंडर नववर्ष 2025 की जिला हमीरपुर व हिमाचल प्रदेश के सभी जनता को नववर्ष की बधाई दी है। इस दौरान समीरपुर पहुंचे भाजपा के नेता प्यारेलाल शर्मा, कमलेश परमार, पृथ्वीराज शर्मा के अलावा जिला भाजपा अध्यक्ष, जिला के महामंत्री, जिला सचिव, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा व उनकी टीम जिला भाजपा उपाध्यक्ष उषा बिरला, समीरपुर मंडल के अध्यक्ष अभयवीर सिंह लवली, भोरंज मंडल के अध्यक्ष अशोक ठाकुर, विकास कनव, तेज प्रकाश चोपड़ा, जिला मीडिया प्रभारी, विकास शर्मा सहित अन्य जिलों से आए हुए पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता समीरपुर पहुंचे।

# वन विभाग ने पंचायत प्रधान से वसूला 25 हजार रुपए जुर्माना

**एसके ठाकुर, बड़सर**

▶ प्रतिबंध के बावजूद पेड़ों पर चल रही कुल्हाड़ी

वन विभाग द्वारा अवैध रूप से सरकारी भूमि से काटे गए पेड़ों के ऐवज में 25000 रुपए जुर्माना वसूला है। जानकारी के अनुसार उपमंडल की सठवीं बीट में अवैध रूप से पेड़ काटे जा रहे थे।

सोशल एक्टिविस्ट परमजीत दटवालिया ने मामले की जानकारी मिलने के बाद वन विभाग की टीम को साक्ष्य दिखलाए। इसके बाद जब जांच की गई तो पाया गया कि सरकारी भूमि से 9 पेड़ काटे गए हैं। विभागीय अधिकारियों द्वारा इस मामले में समेला पंचायत प्रधान बलवंत सिंह की डीआर काटकर ₹25000 का जुर्माना वसूला है। लकड़ी को कब्जे में ले लिया गया है। बता दें कि प्रदेश सरकार ने निजी व सरकारी भूमि से किसी भी प्रकार के पेड़ों के कटान पर पूर्णतया पाबंदी लगा रखी है ।

अधिकारियों के मुताबिक हालांकि अभी नोटिफिकेशन जारी नहीं हुई है, लेकिन फिर भी कटान पर पूर्णतया पाबंदी है। सूख चुके पेड़ों को कटाने के लिए विभाग द्वारा परमिट जारी किया जा रहा हैद्य

बीओ फॉरेस्ट विनोद कुमार के मुताबिक विभाग की टीम मौके पर पहुंच कर सरकारी भूमि से काटे गए 9 पेड़ों के ऐवज में स्मेला पंचायत प्रधान बलवंत सिंह को ₹25000 जुर्माना किया गया है तथा लकड़ी को कब्जे में ले लिया गया है। (अनंत ज्ञान)

### रग्बी खेल में यशवी नेशनल टीम के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान, भोटा।** ग्राम पंचायत सौर के गांव मनसुई की यशवी चांगरा का एसजीएफआई दिल्ली नेशनल टीम अंडर 14 में चयन हुआ है। स्कूल गेम्स ऑफ फेडरेशन दिल्ली की टीम पटना रवाना हो गई है। यशवी चांगरा दिल्ली के केएसएम पब्लिक स्कूल में छठी कक्षा में पढ़ाई कर रही है रग्बी में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। यशवी चांगरा के माता रजनी चांगरा व पिता राज चांगरा को लोग शुभकामनाएं दे रहे हैं। गांव के लोगों ने यशवी चांगरा ने रग्बी खेल में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए खुशी व्यक्त की है।



# अवैध खनन से प्राचीनतम बिल्लकलेश्वर महादेव मंदिर का अस्तित्व खतरे में

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

उपमंडल नादौन के प्राचीनतम मंदिर बिल्लकलेश्वर महादेव के पास बह रही व्यास नदी में वर्तमान समय में अवैध खनन के खिलाफ क्षेत्रवासी वर्तमान समय में पूर्ण रूप से आर-पार की लड़ाई लड़ने के मूड में हैं। यहां पर हो रहे अवैध खनन पर शिकंजा कसने के लिए ग्राम पंचायत बड़ा के पंचायतवासियों ने ग्राम पंचायत बड़ा के माध्यम से प्रस्ताव पारित करके जिलाधीश हमीरपुर को भेजा है और आग्रह किया है कि खनन माफिया द्वारा सरेआम इस स्थान पर दिनदिहाड़े ही बेखौफ हो कर बिल्लकलेश्वर के पास बह रही व्यास नदी में अवैध रूप से खनन किया जा रहा है, जबकि खनन विभाग इन खनन माफियों पर शिकंजा कसने की बजाए कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है।

खनन माफिया द्वारा इस स्थान पर खनन इस तरह से किया जा रहा है कि यहां स्थित प्राचीनतम ऐतिहासिक मंदिर से जो पोड़ियां व्यास नदी को जाती हैं, वे कभी भी क्षतिग्रस्त हो कर गिर सकती हैं और यदि इस स्थान पर खनन इसी तरह से जारी रहा तो वह दिन दूर नहीं, जब यह ऐतिहासिक मंदिर भी खनन की चपेट में आने से इसका अस्तित्व भी समाप्त होने में समय नहीं लगेगा। व्यास नदी के पास बसे गांव वासियों का कहना है कि कई बार रात के अंधेरे में व्यास नदी में खनन करने वाली मशीनरियों एवं वाहनों की इतनी भरमार होती है कि रात को व्यास नदी रोशनी से जगमगाई होती है।



अवैध खनन से बिल्लकलेश्वर महादेव के पास बह रही व्यास नदी का सीना छलनी हो गया है।

▶ पंचायत के माध्यम से डीसी हमीरपुर को कार्रवाई के लिए भेजा प्रस्ताव

बिल्लकलेश्वर महादेव सुधार सभा एवं स्थानीय गांव वासियों ने रोष प्रकट करते हुए कहा कि यदि खनन विभाग द्वारा यहां पर खनन रोकना बंद नहीं किया तो न केवल इसके खिलाफ नादौन-सुजानपुर रोड पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा, बल्कि यातायात व्यवस्था भी अवरुद्ध की जाएगी। इस दौरान कोई अप्रिय घटना होती है तो उसका पूरा जिम्मेदार खनन विभाग एवं खनन माफिया होगा। सभा ने यह भी बताया कि बिल्लकलेश्वर में व्यास नदी में हो रहे अवैध खनन के बारे में वे अतिशीघ्र मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को भी ज्ञापन भेजेंगे एवं खनन माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं पंचायत बड़ा के प्रतिनिधि

ग्राम पंचायत बड़ा की प्रधान सरिता देवी ने भी पंचायत वासियों द्वारा पंचायत के माध्यम से उक्त स्थान पर अवैध खनन को रोकने के लिए जिलाधीश हमीरपुर को ज्ञापन भेजने की पुष्टि की है।

# अब टौणी देवी व सुजानपुर में भी आभा कार्ड से बनेगी पर्ची

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

▶ अभी तक जिले में बन चुके हैं 469025 आभा कार्ड

हमीरपुर जिले में पिछले एक साल से आभा कार्ड बनाने का कार्य चला हुआ था, जिसके तहत पहली जनवरी 2025 तक जिले के लगभग 469025 लोगों के आभा कार्ड बनकर तैयार हो चुके हैं। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत आने वाले समय में सभी अस्पतालों में आभा कार्ड से ही इलाज संभव हो पाएगा। मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में पिछले डेढ़ महीने से आभा कार्ड से ही पर्ची बनाई जा रही है।

बिना आभा कार्ड के पर्ची नहीं बनाई जा रही थी, जिससे मरीजों को इलाज करवाने में परेशानी हो रही थी क्योंकि अस्पताल में आने वाले मरीजों को इसके बारे में जानकारी नहीं थी। स्वास्थ्य विभाग ने अब सिविल अस्पताल टौणी देवी व सुजानपुर में आभा कार्ड से पर्ची बनाने का कार्य शुरू कर दिया है, जिसके लिए सिविल अस्पताल टौणी देवी व सुजानपुर में कंप्यूटर उपलब्ध करवा दिए हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण चौधरी ने बताया कि हमीरपुर जिले में अभी तक 469025 आभा कार्ड बनाए जा चुके हैं। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत हमीरपुर जिले के तीन अस्पतालों में डॉ. राधा कृष्णन गवर्नमेंट मेडिकल कालेज अस्पताल हमीरपुर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टौणी देवी और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुजानपुर में आभा आईडी द्वारा पंजीकरण शुरू कर दिया गया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी लोगों से आग्रह किया है कि वे आभा कार्ड साथ लेकर ही अस्पताल जाएं, जिससे उन्हें लंबी लाइनों में खड़ा नहीं होना पड़ेगा और उनका हेल्थ रिकॉर्ड भी सुरक्षित रहेगा। डॉ. प्रवीण चौधरी ने कहा कि जिन लोगों ने अभी तक आभा कार्ड नहीं बनवाए हैं, वे इन्हें अतिशीघ्र बनवा लें जिससे उन्हें काफी सुविधा होगी।

उन्होंने बताया कि जिला हमीरपुर में कुल 289 अस्पताल पंजीकृत हैं। इनमें से डॉ. राधा कृष्णन राजकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और उपस्वास्थ्य केंद्र आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन से जुड़े हुए हैं। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत अभी तक जिले के 330 चिकित्सकों की हेल्थ प्रोफेशनल आईडी बन गई है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अन्य चिकित्सकों से भी अतिशीघ्र हेल्थ प्रोफेशनल आईडी बनवाने की अपील की है। (अनंत ज्ञान)

### गलोड़ तहसील में ऑनलाइन प्रमाण पत्र बनाने का काम शुरू

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** तहसील परिसर गलोड़ में नववर्ष से सुगम केंद्र में सरकारी दामों पर ऑनलाइन प्रमाण पत्र बनाने का काम शुरू हो गया। अब लोग लोकमित्र केंद्र की तरह तहसील गलोड़ में भी अपने प्रमाण पत्र बनवा सकेंगे।

तहसील कार्यालय गलोड़ में कार्यरत तहसीलदार केशव कुमार व नायब तहसीलदार मनजीत ठाकुर ने अवगत करवाया कि उपायुक्त अमरजीत सिंह के मार्गदर्शन और दिशा-निर्देशों से तहसील गलोड़ के निवासियों की सुविधा के लिए तहसील परिसर गलोड़ में 1 जनवरी 2025 से सभी प्रकार के प्रमाण पत्र हिमाचली बोनाफाइड, आय प्रमाण पत्र, चरित्र, कृषि प्रमाण, डोगरा, स्वतंत्रता सेनानी लिगेल हेयर, ग्रामीण, बेरोजगारी, लैंड होल्डिंग, ईडब्ल्यूएस, कॉपी ऑफ नकल आदि प्रमाण पत्रों की ऑनलाइन एंट्री का प्रिंट तहसील परिसर में तहसील परिसर में कमरा नं. 106 में निर्धारित सरकारी मूल्य पर किया जाएगा। इसके अतिरिक्त आम जन अब नकल जमाबंदी भी सुगम केंद्र से सरकारी मूल्य पर प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा तहसील कार्यालय गलोड़ में नकुलात बनाने का कार्य भी प्रारंभ कर दिया है।

### विधायक आशीष शर्मा ने शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा को दी श्रद्धांजलि



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** आज से 21 वर्ष पहले-पहली जनवरी 2004 में देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले हमीरपुर के वीर सपूत शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा को विधायक हमीरपुर सदर आशीष शर्मा ने उनके शहीदी स्मारक पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने श्रद्धासुमन अर्पित कर शहीद कैप्टन मृदुल के चरणों में नमन कर देश रक्षा में उनकी शहादत को याद किया। इस मौके पर विधायक आशीष शर्मा ने कहा कि उनके इस बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। एक जनवरी, 2004 को जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए उन्होंने देश रक्षा में अपने प्राणों की आहुति दी। आज पूरा हमीरपुर व प्रदेश उनकी शहादत को याद कर उन्हें नमन कर रहा है। शहीदी स्मारक के लिए पूर्व भाजपा सरकार ने 60 लाख रुपए जारी किए। कांग्रेस सरकार में आर्थिक तंगी की वजह से कार्य की गति धीमी हुई है, लेकिन आने वाले समय में इस कार्य को जल्द पूरा किया जाएगा। उन्होंने शहीद के परिजनों से भी मुलाकात कर उन्हें नमन किया।

### उपायुक्त कार्यालय परिसर की पार्किंग की निविदाएं अब छह जनवरी को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उपायुक्त कार्यालय परिसर की पार्किंग को मासिक किराये के आधार पर आवंटित करने के लिए अब 6 जनवरी सुबह साढ़े दस बजे तक निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। उपायुक्त की सहायक आयुक्त अपराजिता चंदेल ने बताया कि कार पार्किंग के आवंटन के लिए पहले 30 दिसंबर सुबह साढ़े दस बजे तक निविदाएं आमंत्रित की गई थीं, लेकिन इस अवधि तक कोई भी निविदा प्राप्त नहीं हुई। उन्होंने बताया कि तय समय सीमा के उपरांत 3 निविदाएं प्राप्त हुई। इस कारण उक्त प्रक्रिया को स्थगित कर दिया गया है और अब 6 जनवरी सुबह साढ़े दस बजे तक निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। इस अवधि में प्राप्त होने वाली निविदाएं 6 जनवरी को ही सुबह 11 बजे खोल दी जाएंगी। सहायक आयुक्त ने इच्छुक लोगों से निर्धारित समय अवधि के भीतर आवेदन की अपील की है।

### पूर्व सैनिकों के लिए ब्याड़ में कल लगेगा स्वास्थ्य जांच शिविर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बड़सर उपमंडल के बिझड़ ब्लाक के ब्याड़ गांव में तीन जनवरी को ईसीएचएस की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों के लिए लगाए जाने वाले इस शिविर में जालंधर से मान मेडिसिटी अस्पताल के चिकित्सकों की टीम सेवा देगी। चिकित्सकों की टीम सुबह 10 बजे से अंतिम पंजीकृत पूर्व सैनिक व उनके आश्रित का स्वास्थ्य जांचेगी। शिविर में सभी प्रकार के टेस्ट भी निशुल्क होंगे और मरीजों की मधुमेह, उच्च रक्तचाप, ईसीजी सहित जरूरी टेस्ट मौके पर ही होंगे। मरीजों को चिकित्सकों की टीम दवा भी निशुल्क उपलब्ध करवाएगी। सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर भगवानदास ने बताया कि तीन जनवरी को अकराणा, घुमारली, जंदराणा, क्योटा, ब्याड़, कलोहण, ननांवा और आसपास के गांव के पूर्व सैनिक व उनके आश्रित इस शिविर का लाभ उठा सकते हैं।

### 15 तक बिजली बिल जमा करवाएं हमीरपुर के उपभोक्ता, नहीं तो कटेंगे कनेक्शन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के अंतर्गत आने वाले उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 15 जनवरी तक का समय दिया गया है। सहायक अभियंता सौरभ राय ने कहा कि उपमंडल के जिन विद्युत उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे इनका भुगतान 15 जनवरी से पहले उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से कर दें। उन्होंने बताया कि इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे। सहायक अभियंता ने उपमंडल के सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

**सुविधा** कुढार-सलोनी-बिझड़ी-दियोटसिद्ध सड़क मार्ग का 26 करोड़ का कार्य प्रगति पर

# मार्ग के टू लेन बनने से लोगों की परेशानियों का होगा अंत

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

उपमंडल बड़सर के कुढार-सलोनी-बिझड़ी-दियोटसिद्ध सड़क मार्ग का कार्य तेजी पर चला हुआ है। इस सड़क को 26 करोड़ रुपए की लागत से डबल लेन बनाया जा रहा है। जेसीबी मशीनों के माध्यम से सड़क की कटिंग का कार्य शुरू हो चुका है।

इस सड़क की चौड़ाई बढ़ाकर लगभग 5-6 मीटर की जाएगी, साथ ही, सुरक्षा के लिए प्रोटेक्शन एंगल भी लगाए जाएंगे। डबल लेन बनने बाबा बालक नाथ मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को यातायात जाम और दुर्घटनाओं से राहत मिलेगी।

**अवैध कब्जों पर कार्रवाई और भूमि का उपयोग :** लोक निर्माण विभाग ने सड़क निर्माण में अवरोध बन रहे अवैध कब्जों को हटाने की योजना तैयार की है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि सड़क के विस्तारीकरण में आने वाली निजी भूमि का भी उचित उपयोग किया जाएगा। इसके लिए प्रशासनिक अधिकारियों और तहसीलदारों का सहयोग लिया जा रहा है। सरकारी भूमि को चिन्हित कर सड़क निर्माण में शामिल किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



जेसीबी से सड़क के टू लेन बनाने का कार्य किया जा रहा है।

### स्थानीय निवासियों से सहयोग की अपील

लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता रविंद्र कुमार जुगलानी ने बताया कि विस्तारीकरण कार्य में सरकारी भूमि का अधिकतम उपयोग किया जाएगा। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की है कि वे सड़क विस्तारीकरण कार्य में सहयोग करें और अपनी भूमि को स्वेच्छा से निर्माण कार्य के लिए उपलब्ध कराएं।

### मुख्यमंत्री की पहल से हुआ कार्य शुरू

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सत्ता संभालने के तुरंत बाद इस सड़क को डबल लेन करने की घोषणा की थी। भूमि पूजन के बाद इस योजना का कार्य शुरू कर दिया गया है। सड़क निर्माण के दौरान मुख्यतः सोहारी, बिझड़ी, कोटला और चकमोह जैसे कस्बों की तंग सड़कों को चैड़ा किया जाएगा।

### श्रद्धालुओं और वाहन चालकों को मिलेगी राहत

डबल लेन सड़क का निर्माण पूरा होने से यातायात सुगम और सुरक्षित हो जाएगा। इससे श्रद्धालुओं और वाहन चालकों को बड़ी राहत मिलेगी। दुर्घटनाओं और जाम की समस्या भी समाप्त होगी। यह परियोजना अगले दो वर्षों में पूरी होने की उम्मीद है। सड़क चौड़ीकरण का यह कदम न केवल स्थानीय निवासियों को राहत देगा, बल्कि धार्मिक स्थलों तक पहुंचने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी बड़ी सुविधा साबित होगा।

# नादौन शहर को मिला नगर परिषद का दर्जा, नोटिफिकेशन जारी

**अनंत ज्ञान, नादौन**

हमीरपुर जिले के प्रमुख शहर नादौन की नगर पंचायत को नगर परिषद का दर्जा मिल गया है। सरकार ने इसकी फाइनल नोटिफिकेशन जारी कर दी है। कई गांवों के लोग इसका शामिल किए जाने का विरोध कर रहे थे। प्रशासन के पास आपत्तियां भी दर्ज करवाई हैं। प्रशासन ने लोगों की आपत्तियां सुनीं और लोगों को संतुष्ट करवाया है। जो क्षेत्र नगर परिषद में शामिल किए गए हैं, उन क्षेत्रों के लोगों को तीन साल तक नगर परिषद का हाउस टैक्स नहीं देना होगा।

नगर परिषद नादौन में बेला, भरमोटी, मझियार व कोहला पंचायतों के कुछ क्षेत्रों को शामिल किया गया है। नादौन बेला पंचायत का अधिकतर क्षेत्र नगर परिषद में शामिल हो गया है। भरमोटी पंचायत के भरमोटी कलां क्षेत्र के 59 परिवारों को भी नगर परिषद में शामिल किया गया है। इसके अलावा मझियार पंचायत के मानपुल बंटेरा क्षेत्र के तीन परिवारों, कोहला पंचायत के इंडस्ट्रीयल एरिया के अलावा 16 परिवारों को भी नगर परिषद में शामिल कर लिया गया है।



बेला पंचायत के वार्ड नं. 1 के 85 परिवारों, वार्ड नं. 2 के 83 परिवारों, वार्ड नं. 3 के 100 परिवारों, वार्ड नं. 4 के 72 परिवारों, वार्ड नं. 5 के 30 परिवारों, वार्ड नं. 6 के 128 परिवारों, वार्ड नं. 7 के 123 परिवारों, वार्ड नंबर 5 के 35 परिवारों को शामिल किया गया है। इसके अलावा भरमोटी पंचायत के भरमोटी कलां वार्ड नं. 4 के 12 परिवारों तथा वार्ड नं. 5 के 47 परिवारों को शामिल किया गया है।

मझियार पंचायत के मानपुल बंटेरा के वार्ड नं. 4 के 3 परिवारों कोहला पंचायत के वार्ड नं. 3 के 16 परिवारों को नगर परिषद नादौन में शामिल किया गया है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी प्रबुद्ध हस्तियों ने दी सीएम को नववर्ष की शुभकामनाएं



**अनंत ज्ञान, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों, केंद्रीय मंत्रियों, पूर्व मुख्यमंत्रियों, प्रदेश मंत्रिमंडल के सदस्यों, विधायकों, बोर्डों एवं निगमों के अध्यक्षों एवं उपाध्यक्षों, वरिष्ठ नेताओं, वरिष्ठ प्रशासकों, विभागों के अध्यक्षों सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी प्रबुद्ध हस्तियों ने आधिकारिक आवास ओक-ओवर पहुंचकर मुख्यमंत्री को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

### दलाईलामा एकांतवास के लिए कर्नाटक के बायलाकुप्पे होंगे रवाना

**संजय अग्रवाल, मैक्लोडगंज।** तिब्बती आध्यात्मिक नेता 14वें दलाईलामा 4 जनवरी को बेंगलुरु दौरे पर होंगे। दलाईलामा यहां से अगले दिन मैसूर जिले के बायलाकुप्पे के लिए रवाना होंगे।



दलाईलामा की कर्नाटक यात्रा की पुष्टि करते हुए केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के दक्षिण क्षेत्र के मुख्य प्रतिनिधि अधिकारी (सीआरओ) जिग्मे त्सुल्त्रिम ने कहा कि दलाई लामा 4 जनवरी को बेंगलुरु पहुंचेंगे और बायलाकुप्पे के लिए रवाना होने से पहले एक दिन रुकेंगे, जहां उनका एक महीने तक रहने का कार्यक्रम है। दलाईलामा ने आखिरी बार 2017 में कर्नाटक का दौरा किया था। बायलाकुप्पे हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी तिब्बती बस्ती है, जो निर्वासित तिब्बती सरकार का मुख्यालय भी है। धर्मशाला में सर्दियां काफी कठोर होती हैं। दलाई लामा आराम करने और स्वस्थ होने के लिए एक महीने के एकांतवास के लिए कर्नाटक जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### नव वर्ष पर सुन्नी में ब्रह्मकुमारी ने ओम शांति हॉल में लगाया लंगर



**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** नव वर्ष के उपलक्ष्य में सुन्नी स्थित ब्रह्मकुमारी के ओम शांति हॉल में आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुन्नी सेवा केंद्र की संचालिका ब्रह्मकुमारी शकुंतला ने उपस्थित ग्रामीणों को आध्यात्मिक प्रवचन दिए और सभी को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारी के निदेशक रेवा दास ने नववर्ष में सदा खुश रहने की प्रेरणा दी। अंत में लंगर का आयोजन किया गया।

### मुख्यमंत्री के कोटखाई के दौरे को लेकर ब्लॉक कांग्रेस ने की बैठक



**भरत ठाकुर, कोटखाई।** प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के 4 जनवरी को कोटखाई क्षेत्र के प्रस्तावित दौरे को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई की बैठक बागड़ा में संपन्न हुई। बैठक में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने विशेषतौर से शिरकत की। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बैठक को संबोधित किया और नव वर्ष 2025 की शुभकामनाएं दीं। बैठक में मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर रूपरेखा बारे विस्तृत चर्चा हुई और संगठन के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई। इस बैठक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जुब्बल-नावर-कोटखाई के अध्यक्ष मोतीलाल डेरटा, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता, सभी जोन प्रभारी, बूथ अध्यक्ष, अग्रणी संगठन के सभी अध्यक्ष/पदाधिकारिगण व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

### प्रधानाचार्यों की शिक्षा उपनिदेशक पद पर तैनाती पर जताया आभार

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** हिमाचल प्रदेश स्कूल प्रवक्ता संघ ने सरकार द्वारा स्कूल प्रधानाचार्यों को शिक्षा उपनिदेशक के पद पर पदोन्नति करने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष लोकेंद्र सिंह नेगी ने कहा कि प्रवक्ता संघ सरकार से लगातार शिक्षा उपनिदेशकों के रिक्त पड़े पदों को भरने की मांग कर रहा था। प्रवक्ता संघ की मांग पर मोहर लगाते हुए सरकार ने बीते मंगलवार को 37 स्कूल प्रधानाचार्य को शिक्षा उपनिदेशक के रूप में तैनाती दी है। शिक्षा विभाग में 37 प्रिंसीपल को प्लेसमेंट के आधार पर डिप्टी डायरेक्टर बनाया गया है। मंगलवार को प्रदेश सरकार की ओर से इस बारे में अधिसूचना जारी कर दी गई। इन्हें नए स्थानों पर तैनाती दी है। उन्होंने वर्तमान सरकार को कर्मचारी हितेषी बताते हुए कहा है कि वर्तमान सरकार लगातार शिक्षा के क्षेत्र में अनेक योजनाओं को लागू कर गुणात्मक शिक्षा पर बल दे रही है। (अनंत ज्ञान)

### सांसद सुरेश कश्यप ने कहा-खेलों में नहीं होनी चाहिए कोई राजनीति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कश्यप ने कहा कि खेलों में राजनीति नहीं होनी चाहिए, अगर प्रदेश में वालीबाल टीम का सीनियर नेशनल के लिए चयन



हो चुका है, जिसका आयोजन जयपुर में 7 से 13 जनवरी को होने जा रहा है, तो अब ऐसी क्या नौबत आन पड़ी है कि इस टीम का चयन दोबारा करवाने का प्रयास किया जार हा है। 5 तारीख को इस टीम नेशनल खेलने जाना है अभी तो इस टीम का कैंप भी नहीं लगा और सरकार कही न कही इस टीम को बदलने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान टीम का चयन हिमाचल प्रदेश एवं अन्य प्रदेशों से बड़े-बड़े खिलाड़ियों द्वारा किया गया है, जिसमें अर्जुन अवॉर्ड जीतने वाले संजय फोगाट जो आने वाले समय में भारतीय टीम की सिलेक्शन भी करेंगे, वह इस चयन एड हॉक समिति के आब्जर्वर थे, साथ अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल कोच जम्मू कश्मीर से मोहम्मद तारीख एवं अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी रणवीर सिंह थे। इस चयन समिति में एक भी कोच हिमाचल प्रदेश का नहीं था, तो तुष्टिकरण का सवाल पैदा ही नहीं होता है। उन्होंने कहा की इसी समिति ने राज्य खेलों के लिए महिला टीम का भी चयन किया है, उसमें किसी को कोई दिक्क त नहीं है पर बॉयज टीम से क्या दिक्कत है, इस बात को सरकार द्वारा स्पष्ट करना चाहिए।

# एचआरटीसी जारी करेगा स्मार्ट डिस्काउंट कार्ड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

एचआरटीसी स्मार्ट डिस्काउंट कार्ड जारी करने वाला उत्तर भारत का पहला राज्य हिमाचल बनेगा। प्रदेश में करीब 80,000 लोग निगम की बसों में रियायती सफर की सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। इनमें स्कूली बच्चों और कर्मचारियों के अलावा येलो कार्ड, ग्रीन कार्ड और सम्मान कार्ड धारक शामिल हैं।

> सुविधा देने वाला उत्तर भारत का पहला राज्य हिमाचल बनेगा




मौजूदा कार्ड की वैधता खत्म होने के बाद अब लोगों को आरएफआईडी कार्ड ही जारी होंगे। यात्रियों के लिए यह कार्ड जारी करने की सुविधा निगम की वेबसाइट पर ऑनलाइन उपलब्ध करवाना भी प्रस्तावित है। एचआरटीसी प्रबंधन ने कार्ड तैयार कर इसका ट्रायल कर लिया है। अब मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से समय लेकर कार्ड की औपचारिक लॉन्चिंग की तैयारी है। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर सबसे पहले राजधानी शिमला से यह सेवा शुरू की जाएगी।

इसके लिए पुराने बस अड्डे और टूटीकंडी आईएसबीटी में कंप्यूटर जनरेटिड कार्ड प्रिंटर लगाए जा रहे हैं। आरएफआईडी कार्ड सुविधा देने वाला हिमाचल उत्तर भारत का पहला राज्य होगा। एचआरटीसी को हाईटेक बनाने की कड़ी में एनसीएमसी के बाद एक और नई सुविधा देने की तैयारी है।

रियायती सफर का लाभ लेने वाले यात्रियों को आरएफआईडी कार्ड जारी होंगे। ई-टिकटिंग मशीन पर टैप करते ही कार्ड में फीड डाटा के आधार पर छूट के साथ टिकट जारी होगी। जल्द ही औपचारिक तौर पर कार्ड की लॉन्चिंग करने की तैयारी है।

## नववर्ष की शुभकामनाएं



शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट कर उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि वर्ष-2025 उनके जीवन में खुशियां और समृद्धि लेकर आए।

# विंटर कार्निवाल आज से फिर होगा शुरू, सरताज मचाएंगे धमाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



राजधानी शिमला के रिज मैदान पर विंटर कार्निवाल आज से फिर शुरू हो जाएगा। आज पंजाबी गायक सतिंदर सरताज धमाल मचाएंगे।

पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन के चलते विंटर कार्निवाल को स्थगित कर लिया गया था। अब फिर से पर्यटक भी शिमला में विंटर कार्निवल का लुत्फ उठा पाएंगे।

इस बार विंटर कार्निवल में पंजाबी गायक सहित वॉलीवुड गायक धमाल मचाएंगे। वैसे तो शिमला में न्यू ईयर को लेकर भीड़ जुटी थी, लेकिन अब विंटर कार्निवाल को लेकर पर्यटकों की भीड़ जुटेंगी। इसको देखते हुए भी पर्यटक शिमला आने शुरू हो गए है। वहीं कारोबारी के चेहरे भी खिल गए है।

### वीकेंड पर राजधानी में उमड़ी पर्यटकों की भीड़ होटल भी हुए पैक

कारोबारी की खूब कमाई हो रही है। शिमला में अंग्रेजों के जमाने के भवनो को देखने के लिए भी पर्यटकों की भीड़ उमड़ रही है। शहर में पर्यटन कारोबार से जुड़े लोगों ने ली राहत की सांस ली है। इंग्लैंड, जर्मनी, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, स्विट्जरलैंड, कनाडा, फ्रांस के सैलानी शिमला पहुंच रहे है।

### नए साल में भी नौकरियां छीनने का सिलसिला जारी : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि साल बदलने के साथ भी सुक्खू सरकार के लिए कुछ नहीं बदला है। नए साल में भी सरकार द्वारा लोगों की नौकरियां छीनने का सिलसिला जारी है।



समाचारों के माध्यम से पता चल रहा है कि आईजीएमसी से फिर सैंकड़ों की संख्या में लोगों को निकालने की पूरी तैयारी हो चुकी है। सरकार का काम नौकरियां छीनना नहीं नौकरियां देना होता है, लेकिन यह सरकार सिर्फ नौकरियों छीनने के क्षेत्र में ही सबसे बेहतरीन कार्य कर रही है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सत्ता में आने के पहले कांग्रेस के नेताओं ने भर-भर कर झूठ बोला था, चौक-चौराहों पर खड़े होकर हर साल एक लाख नौकरी और 5 साल में 5 लाख नौकरी देने की गारंटी दी थी, लेकिन सत्ता में आने के बाद से ही मुख्यमंत्री ने अपनी गारंटियों और सरकार के दायित्वों के विपरीत काम किया।

### गैर-कानूनी वसूली करने वाले आरोपी दो होमगार्ड ड्यूटी से हटाए

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



जिला हमीरपुर में दो होमगार्ड जवानों द्वारा गैर-कानूनी तरीके से पैसे वसूलने का मामला सामने आया है। बकरों से भरी एक पिकअप जीप को तलाशी के नाम पर रोककर 500 रुपए की वसूली करने का आरोप इन जवानों पर लगा है। मामले की जांच के बाद दोनों जवानों को बुधवार सुबह 11 बजे ड्यूटी से हटा दिया गया।

जिला पुलिस को इस घटना की लिखित शिकायत प्राप्त हुई थी। जांच में पाया गया कि नादौन में ट्रैफिक ड्यूटी पर तैनात इन होमगार्ड जवानों ने पिकअप वाहन चालक से गाड़ी छोड़ने के बदले पैसे लिए। जांच के आधार पर पुलिस ने 16 दिसंबर को संबंधित विभाग को कार्रवाई की सिफारिश की थी।

होमगार्ड कमांडेंट विनय कुमार ने बताया कि एसपी हमीरपुर से शिकायत मिलने के बाद तत्काल प्रभाव से इन दोनों जवानों को ड्यूटी से हटा दिया गया। विभागीय जांच जारी है और दोनों जवानों का पिछला रिकॉर्ड भी खंगाला जाएगा।

#### पद का दुरुपयोग बना कारण

**मामले** में पांच दिन पहले ही दोनों जवानों का ड्यूटी स्थल बदला गया था, लेकिन इसके बावजूद वे नादौन में तैनात रहे। अब इन्हें ड्यूटी से हटाकर उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।


#### जांच के नतीजे पर होगी सख्त कार्रवाई

**विभाग** ने साफ किया है कि अगर जांच में दोष सिद्ध हुआ, तो आगे की सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस घटना ने होमगार्ड विभाग की छवि पर सवाल खड़े किए हैं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि भविष्य में इस तरह के मामलों से सख्ती से निपटा जाएगा।

## स्पैल वैली में 39 साल बाद संघेडा में आज से शुरू होगा भुंडा महायज्ञ

**दशमी रावत, रोहड़ू**

उपमंडल रोहड़ू के अंतर्गत स्पैल वैली के दलगांव में देवता बकरालू महाराज के मंदिर में 39 साल बाद होने जा रहा भुंडा महायज्ञ आज संघेडा से शुरू होगा।



बकरालू देवता महाराज के अधीन 9 गांव आते है, जो इस धार्मिक अनुष्ठान की मेजबानी करने जा रहे हैं, जिसमें दलगांव, कुटाडा, भ्रेटली, खशकंडी, बुठारा, गावणा, बमनाला, खोडसू व करालश शामिल है। 9 गांव के लोग पिछले 5 साल पहले से ही इस महायज्ञ की तैयारियों में लग गए थे। भुंडा महायज्ञ में आने वाले रिश्तेदारों व लोगों के लिए वैली के लोगों ने खाने-पीने व रहन-सहन का विशेष प्रबंध किया हुआ है। शादी की तरह घरों को सजाने के लिए व मेहमानों के लिए भोजन की व्यवस्था करने के लिए रोहड़ू से लेकर चंडीगढ़ तक लगभग सभी टेंट हाऊस किराए पर लिए गए हैं।

इस तरह का आंकलन करने के बाद इस महायज्ञ को सफलतापूर्वक संपन्न होने में लगभग 100 करोड़ रुपए से अधिक खर्च होंगें। इस धार्मिक अनुष्ठान में एक लाख से अधिक लोगों के शामिल होने की संभावना है।

अनुष्ठान की भव्यता व धार्मिक महत्त्व का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि समारोह के सफल आयोजन के लिए मंदिर कमेटी ने करीबन डेढ़ करोड़ से अधिक धनराशि खर्च होने का अनुमान लगाया हुआ है। वहीं महायज्ञ संपन्न करवाने में 9 गांव के प्रत्येक परिवार का भी पांच से छह लाख रुपए खर्चा आ रहा हैं। (अनंत ज्ञान)

### प्रतिबंध के बावजूद चूड़धार यात्रा पर पहुंच रहे श्रद्धालु

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा।** शिरगुल देव की तपोस्थली चूड़धार में बर्फबारी व खराब मौसम के चलते प्रशासन द्वारा यात्रा पर रोक के बावजूद पंजाब व हरियाणा से श्रद्धालु चूड़धार के लिए जा रहे है। रास्ते में चार फीट से अधिक बर्फ जमी होने के कारण कई श्रद्धालु रास्ते में ही फंस रहे है।

चूड़धार मंदिर कमेटी के अध्यक्ष एवं एसडीएम चौपाल हेमचंद वर्मा ने कहा कि सर्दी में भारी बर्फबारी से कपाट आधिकारिक तौर पर बंद किए गए है और कोई अप्रिय घटना न हो इसलिए बर्फबारी में दिसंबर से लेकर मार्च माह तक यात्रा पर पूर्ण प्रतिबंध रहता है।

इन दिनों मंदिर की रखवाली के लिए मंदिर स्टाफ के मात्र दो ही कर्मचारी तैनात है। इसलिए जो श्रद्धालु रास्ते में फंस रहे है उन्हें रेस्क्यू करने में स्टाफ को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। श्रद्धालु नौहराधार के रास्ते से चूड़धार जा रहे है। हैरानी की बात तो यह है कि नौहराधार के होटल व्यवसायी श्रद्धालुओं को की चूड़धार यात्रा के लिए प्रेरित कर रहे है। (अनंत ज्ञान)

## रक्तदान कर मरीज की जान बचाना सबसे बड़ा पुण्य : अनिरुद्ध सिंह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

नववर्ष के अवसर पर शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की स्मृति में आयोजित उमंग फाउंडेशन के रक्तदान शिविर का उद्घाटन ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री राणा अनिरुद्ध सिंह ने किया। उमंग फाउंडेशन के महासचिव यशवंत राय ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता विख्यात चिकित्सा विज्ञानी एवं पद्मश्री से सम्मानित डॉ. ओमेश भारती ने की।

शिविर में 45 लोगों ने रक्तदान किया। अनिरुद्ध सिंह और डा. भारती ने रक्तदाताओं को गुलाब के फूल देकर सम्मानित भी किया। उमंग फाउंडेशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने 99वीं बार रक्तदान कर रिकॉर्ड बनाया। अनिरुद्ध सिंह उमंग फाउंडेशन के सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि रक्तदान और दिव्यांगजनों के लिए उसके कार्य विशेष रूप से सराहनीय हैं।

उनका कहना था कि नव वर्ष पर रक्तदान शिविर को स्वर्गीय डॉक्टर मनमोहन सिंह की पुण्य स्मृति को समर्पित करना भी प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि वह स्वयं रक्तदानी हैं और किसी बेबस मरीज की जान बचाने से बेहतर पुण्य कार्य और कोई नहीं हो सकता।

### उमंग के कैंप में 45 ने किया रक्तदान



शिविर में 62वीं बार रक्तदान करने वाले डॉक्टर ओमेश भारती ने कहा की पुरुष हर 3 महीने पर और महिलाएं 4 महीने पर आसानी से रक्तदान कर सकती हैं। इससे शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती बल्कि रक्तदाता कई बीमारियों से बचा रहता है।

उनकी पत्नी व वरिष्ठ पत्रकार अर्चना फुल्ल और बेटी डॉ. कृति शर्मा, मीरा शर्मा, विजय सिंह, ललित शर्मा, अजय वर्मा, निरंजना और इन्दर सिंह भी रक्तदान करने वालों में शामिल थे। आईजीएमसी ब्लड बैंक की टीम ने डॉ. सिद्धार्थ गोयल के नेतृत्व में रक्त संग्रह किया।

**गुड न्यूज** — सिप्ला फाउंडेशन तथा कैनसपोर्ट इंडिया के सहयोग से शुरू की गई पहल

# सीएम ने कैंसर रोगियों के लिए रवाना किया वाहन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कैंसर रोगियों व अस्पताल जाने में असमर्थ और अन्य रोगी जो लंबे समय से बीमार है, को घर-द्वार पर उपशामक देखभाल प्रदान करने के उद्देश्य से चिकित्सा पेशावरों की एक समर्पित टीम और वाहन को रवाना किया। इस टीम में उपशामक देखभाल में प्रशिक्षित एक चिकित्सक, एक समाजशास्त्री तथा एक नर्स शामिल हैं जो आईजीएमसी शिमला में रेडियोथेरेपी एवं आन्कोलॉजी विभाग के अन्तर्गत रोगियों को स्वास्थ्य देखभाल करेंगे।




यह पहल प्रदेश में सिप्ला फाउंडेशन तथा कैनसपोर्ट इंडिया के सहयोग से शुरू की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल रोगियों को सुलभ स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के प्रति प्रदेश सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने कहा कि यह टीम रोगियों की चिकित्सा आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आईजीएमसी शिमला के चिकित्सकों के साथ गहन परामर्श में कार्य करेगी। चिकित्सा देखभाल के अलावा टीम में शामिल समाजशास्त्री रोगियों की सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक आवश्यकताओं को पूरा करने का कार्य करेगी और उनकी चिकित्सा देखभाल सुनिश्चित करेंगे। सुक्खू ने कहा कि इस पहल के अन्तर्गत मरीजों को दवाइयां और ड्रैसिंग किट निशुल्क उपलब्ध करवाई जाएगी।

### सीएम ने निजी आवास पर लगे बिजली मीटरों पर छोड़ी सब्सिडी

**मुख्यमंत्री** सुक्खू ने अपने निजी आवास पर लगे सभी बिजली मीटरों पर मिलने वाली सब्सिडी छोड़ने की घोषणा की। उन्होंने इस संबंध में हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड के अध्यक्ष संजय गुप्ता को एक फार्म भर कर सौंपा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके नाम पर पांच बिजली के मीटर हैं और वह सब्सिडी छोड़ रहे हैं। राज्य में ऐसे कई सुविधा संपन्न लोग हैं, जिनके नाम पर कई मीटर हैं। उन्होंने सभी को स्वेच्छा से बिजली की सब्सिडी छोड़ने की अपील की। सुक्खू ने प्रदेश के समर्थ एवं संपन्न बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए राज्य सरकार के प्रयासों में भागीदार बनें और प्रदेश के विकास के लिए बिजली पर मिलने वाली सब्सिडी का स्वेच्छा से परित्याग करें।

## ठियोग में पानी का घोटाला हुआ उजागर

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला जिले के ठियोग उपमंडल में पीने के पानी की सप्लाई में बड़ा घोटाला सामने आए है। क्षेत्र में पीने की पानी की सप्लाई ठेकेदार ने मोटर साइकिल और छोटे वाहनों से दिखाई है और कुछ वाहन नंबर तो ऐसे हैं जिनका कहीं रिकॉर्ड ही नहीं है, उन्हें भी लाखों रुपए की पेमेंट की गई है, जबकि टैंकर से पानी की सप्लाई होनी थी।

हर साल ठियोग उपमंडल में पानी की किल्लत के समय 10 से 12 लाख रुपए में क्षेत्र के लोगों को पीने के पानी की सप्लाई होती थी, लेकिन 2024 में यह आंकड़ा एक करोड़ 13 लाख पहुंच गया। स्थानीय निवासी व पूर्व प्रधान ने जब इसको लेकर आरटीआई मांगी, तो उसमें हैरानी वाले तथ्य सामने आए हैं। चार ठेकेदार को पानी के वितरण का कार्य दिया गया था, लेकिन पानी ग्रामीणों को मिला ही नहीं। जो बिल बनाए गए हैं उसमें मोटर साइकिल, ऑल्टो कार सहित अन्य छोटे वाहनों में पानी की ढुलाई दिखाई गई है जो कि संभव नहीं है और न ही कानूनी रूप से सही है।

कुछ क्षेत्र ऐसे है जहां सड़क ही नहीं हैं वहां भी वाहन से पानी की सप्लाई दिखाई गई है। ऐसे ने एसडीएम ठियोग ने बिल को बिना वेरिफाई किए ही ठेकेदार को बिल का भुगतान कर दिया जबकि एडीएम शिमला ने पेमेंट करने से पहले बिल को वेरिफाई करने की हिदायत दी थी जिसे दरकिनार कर एसडीएम ने पेमेंट कर दी।

## न्यूज ब्रीफ

### नववर्ष पर बेटियों को वितरित किए स्वेटर



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** सामाजिक सेवा क्षेत्र में अग्रणी संस्था हिमालयन स्पोर्ट्स एवं सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा समाज सेवी सचिन शर्मा के मार्गदर्शन, प्रयास व सहयोग से नववर्ष पर राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नगरोटा बगवां में छठी क्लास से 12वीं कक्षा तक की 75 बेटियों को स्वेटर उपहार स्वरूप भेंट किए गए। इस मौके पर सोसायटी के मुख्य संरक्षक राजन ढींगरा, राजीव सूद, स्वामी राम शर्मा, नीरज शर्मा विद्यालय के प्रिंसिपल, निखिल शर्मा, रविंद्र ठाकुर व राजेश भाट्टा, आजेश, बलवीर, शशि व अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

### नववर्ष पर पीर बाबा टैक्सी यूनियन ने बांटा हलवा



**नगरोटा बगवां।** नगरोटा बगवां में पीर बाबा टैक्सी यूनियन ने नववर्ष के उपलक्ष्य पर नगरोटावासियों के लिए खीर और हलवे के प्रसाद के भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में सैकड़ों लोगों ने खीर व हलवा प्रसाद ग्रहण किया।

### कराटे में सक्षम कौंडल ने जीता कांस्य पदक

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता मात्सोगी-डू कराटे में हिमाचल प्रदेश की ओर से जिला कांगड़ा के बच्चों ने भाग लिया। इसमें प्रिंस कुमार ने 50 किलो वर्ग में, दिव्यांश ने 55 किलो वर्ग में और सक्षम कौंडल ने 70 किलो वर्ग में भाग लिया। प्रतियोगिता में सक्षम कौंडल ने कांस्य पदक प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता चंडीगढ़ में पंजाब यूनिवर्सिटी के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में हुई, जिसमें पूरे देश के 700 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सक्षम कौंडल के पदक जीतने पर उनके कोच राजेश कुमार ने उन्हें बधाई दी। यह प्रतियोगिता 28 दिसंबर से लेकर 31 दिसंबर तक आयोजित की गई।



### बिल काटने वाले की गलती से आए भारी बिल

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** विद्युत विभाग उपमंडल रैहन के तहत पड़ते झाझवां के कुछ उपभोक्ताओं के दिसंबर माह के बिजली बिल इतने ज्यादा आ गए हैं कि लोग विभाग के खिलाफ रोष प्रदर्शन करने तक उतर आए हैं। बुधवार दोपहर बाद करीब 3 बजे विभागीय सहायक अभियंता अभिजीत सिंह का पक्ष जाना तो उन्होंने कहा कि उक्त उपभोक्ताओं के काफी ज्यादा बिल आए हैं, जिस पर विभाग को खेद है। यह सब उक्त क्षेत्र में बिल काटने वाले बिलर की वजह से हुआ है। उक्त क्षेत्रों में तैनात कुछ बिलर ने कम यूनिटों के बिल काटे हैं। इसके चलते जो यूनिटें बची थीं, उनके ही बिल आए हैं। विभाग को जैसे ही कुछ बिलर द्वारा कम यूनिटों के बिल काटने की जानकारी मिली तो विभाग ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन बिलर की सेवाएं समाप्त कर दी थीं।

# जिले के शक्तिपीठों में हजारों श्रद्धालु नतमस्तक

## ज्वालामुखी, चामुंडा और बज्रेश्वरी देवी मंदिर में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, भक्तों ने लिया मां का आशीर्वाद

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**



ज्वालामुखी मंदिर



बज्रेश्वरी देवी मंदिर



चामुंडा देवी मंदिर

जिले के पर्यटन क्षेत्रों में जहां नए साल का जश्न मनाने के लिए सैलानियों की भीड़ नजर आई, वहीं शक्तिपीठों में भी नए साल पर श्रद्धालुओं का हुजूम देखने को मिला। नए साल के पहले दिन ज्वालाजी, बज्रेश्वरी देवी व चामुंडा देवी मंदिर में 86 हजार श्रद्धालुओं ने माथा टेका। शाम 6 बजे तक कांगड़ा में 20 हजार, ज्वालामुखी में 26 हजार तथा चामुंडा मंदिर में लगभग 40 हजार श्रद्धालु मंदिर में दर्शन कर चुके थे।

बुधवार प्रातः से ही नए साल पर तीनों मंदिरों में हजारों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिरों दर्शन के लिए सही व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस के जवान भी तैनात कर दिए गए हैं। शक्तिपीठों में यात्रियों की सुविधा के लिए और उनको बेहतर तरीके से माता के दर्शन करवाने के लिए व्यापक प्रबंध किए हुए हैं। अतिरिक्त सुरक्षा कर्मचारी और मंदिर के कर्मचारी तैनात किए गए हैं। लंगर भवन में एहतियात बरती जा रही है। मंदिर के मुख्य गर्भ गृह में विशेष तौर पर एहतियात है। यात्रियों को अधिक समय तक मंदिर में और आसपास के क्षेत्रों में खड़े नहीं रहने दिया जा रहा है, ताकि भीड़ के चलते लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

नववर्ष 2025

मंदिर प्रशासन कर्मचारियों व पुलिस जवानी ने पूरी तरह से भीड़ को नियंत्रित किया। चंडीगढ़ व अंबाला से आए श्रद्धलुओं ने बताया कि वे हर साल नह वर्ष पर माता के दर्शन करने आते हैं, मंदिर प्रशासन ने बहुत अच्छी व्यवस्था की है और दर्शनों में परेशानी नहीं हुई। ज्वालामुखी मंदिर न्यास सदस्य पुजारी अविनेंद्र शर्मा ने सभी को नववर्ष की हार्दिक बधाई दी और बाताया कि अतिरिक्त होमगार्ड भीड नियंत्रित करने के लिए लगाए गए, सुबह से ही हजारों श्रद्धालु दर्शनों की पहुंचे।

कांगड़ा के प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम इशांत जसवाल के अनुसार मां ब्रजेश्वरी धाम में बीते कल ही चार हजार से ज्यादा श्रद्धालु भक्तों ने आस्था की डुबकी लगाई थी, जबकि नए साल में सुबह से ही भक्तों की मंदिर में लंबी कतारे लगी हुइ है। ऐसे में उनकी ओर से भक्तजनों की सुरक्षा और सहूलियत के लिए हर वो इंतजाम किया है। सह मुंधला से आई रुचि गोस्वामी ने कहा कि वे देवी के दरबार में नए साल की खुशहाली मांगने आई हैं। सुबह के समय आज मां के दर्शन करके वो धन्य हो गई हैं। दिल्ली से परिवार सहित पहुंचे हर्षित कुमार गुप्ता ने कहा कि वो पिछले 45 सालों से मां ब्रजेश्वरी देवी के दरबार में दर्शनों के लिए आ रहे हैं। इस साल की शुरुआत के साथ ही दर्शन करके उन्होंने दुनिया की खुशहाली की कामना की है। मथुरा से कांगड़ा मां ब्रजेश्वरी देवी के दरबार में पहुंचे रोहित ने बताया कि मां बजरेश्वरी देवी उनकी कुलदेवी है, आज उनके पास जो कुछ भी है वो सब मां का दिया हुआ है। वहीं, चामुंडा देवी मंदिर में 40 हजार के करीब श्रद्धालु मां के समक्ष नतमस्तक हुए। यहां भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### सुबह 5 बजे ही लग गई लाइनें

**ज्वालामुखी** मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने हाजिरी भरी व दिव्य ज्योतियों के दर्शन किए। नववर्ष को लेकर मंदिर प्रशासन व न्यास ने पूरी तैयारियां की थीं और अतिरिक्त होमगार्ड पुलिस जवान भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लगाए गए थे। मंदिर में सुबह 5 बजे से ही श्रद्धालुओं की लाइनें देखने को मिलीं। बुधवार सुबह से ही कोहरे के कारण ज्वालामुखी में काफी ठंड देखी गई। हालांकि मंदिर में यात्रियों को ठंड के कारण थोड़ी परेशानी हुई, लेकिन माता के जयकारों के साथ श्रद्धालु श्रद्धा से दर्शन करते रहे। नववर्ष के पहले दिन श्रद्धालुओं ने हवन यज्ञ में भी आहुतियां डालीं।

## कौंडल परिवार ने जाच्छ पंचायत को शव रखने के लिए दिया डीप फ्रीजर

**भूषण शर्मा, नूरपुर**

ब्लॉक नूरपुर की जाच्छ पंचायत में कौंडल परिवार द्वारा एक बेहतरीन पहल की गई है, जिसकी सराहना समूचे पंचायत व इलाके में की जा रही है। इस परिवार द्वारा अपनी स्वर्गीय माता की याद में पंचायत को एक बेड व शव रखने के लिए डीप फ्रीजर दिया गया। पंचायत प्रधान चैन सिंह ने कहा कि मेरी पंचायत के वार्ड पांच के कौंडल परिवार ने हमें एक बेड और एक शव रखने के लिए डीप फ्रीजर दिया है। यह सब उन्होंने अपनी माता की याद में दिया है। उन्होंने बताया कि जब किसी के घर में कोई मृत्यु हो जाती है तो शव को अगर दो या तीन दिन रखना पड़े तो वे शव को इस डीप फ्रीजर में रख सकते हैं। हम पंचायत की ओर से इस पहल के लिए परिवार का धन्यवाद करते हैं। वहीं,



परिवार सदस्य अनिता रानी ने कहा कि कौंडल परिवार की तरफ से वे पंचायत को एक बेड व शव रखने के लिए डीप फ्रीजर दान कर रहे हैं। हमें इसका विचार उस समया आया, जब हमारी माता की मृत्यु हुई थी। माता के शव को रखने के लिए हमें इधर-उधर भागना पड़ा था। उस वक्त सोचा था कि जैसे हमें परेशानी हुई, वैसे किसी को न उठानी पड़े, इसको मद्देनजर रखते हुए हमने यह कार्य किया है। (अनंत ज्ञान)

## मजाक बनकर रह गया मनरेगा कार्य: दलीप

**डाडासीबा।** ग्राम पंचायत चौली के उपप्रधान एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दलीप सिंह वर्मा ने प्रेस बयान जारी करते हुए कहा कि इन दिनों मनरेगा का निर्माण कार्य मजाक बनकर रह गया है। हर गरीब आदमी के उत्थान हेतु स्वयं प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने मनरेगा योजना शुरू करवाई थी, लेकिन अब यह मनरेगा को मजदूरों से दूर होती जा रही है। मनरेगा के निर्माण कार्य में पहले 60 प्रतिशत मजदूरी का प्रावधान था, लेकिन अब मजदूरी की औसत 30 प्रतिशत रह गई है। दलीप सिंह ने प्रदेश सरकार और पंचायतीराज मंत्री से अपील की है कि इस बारे सरकार समीक्षा करे अन्यथा सेंटर सरकार को कहा जाए कि इस स्कीम को बंद ही कर दिया जाए।

## धर्मशाला मंडल में परिवहन निगम ने की 206 करोड़ की कमाई : पंकज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल पथ परिवहन निगम धर्मशाला मंडल एमडी पंकज चड्ढा ने बुधवार को प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि बीते वर्ष में धर्मशाला मंडल के तहत आने वाले डिपों जोगिंद्रनगर, बैजनाथ, पालमपुर, जयसिंहपुर, नगरोटा बगवां, धर्मशाला, चंबा और पठानकोट की बसों ने 4 करोड़ 98 लाख किमी का सफर तय किया। इस दौरान 206 करोड़ 3 लाख 38 हजार रुपए की कमाई हुई।



पंकज चड्ढा ने कहा कि निगम की बसों में अच्छे चालक व परिचालक कार्य कर रहे हैं। सवारियों की सुविधा के लिए क्रेडिट व डेबिट कार्ड के माध्यम से किराए भुगतान की सुविधा दी गई है तथा उनके लिए तीन प्रकार के कार्ड भी जारी किए गए हैं, जिनके माध्यम से लोग निगम की बसों में सफर कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि निगम की वेबसाइट पर जाकर लोग बसों की बुकिंग करवा सकते हैं तथा लोग इस सुविधा का लाभ भी उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि डिपो में रात के समय सफर करने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए भी कर्मचारियों को बस अड्डा में तैनात किया गया है। बसों मं ईंधन की खप्त भी कम हुई है। 5 रूटों पर नई गाड़ियां चलाई हैं। उन्होंने कहा कि कुछ बसों को फोरलोन पर चलाया जा रहा है, जिससे दूरी कम हुई है।



# सिने जगत

## तमन्ना भाटिया ने दोस्तों के साथ मनाया न्यू ईयर

## जल्द ही अशोक तेजा की फिल्म 'ओडेला 2' में नजर आएंगी एक्ट्रेस

*बॉलीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने अपने माता-पिता को नए साल की शुभकामनाएं दीं। अभिनेत्री ने परिवार से दूर रहने के बावजूद दिल छू लेने वाले पलों को साझा किया। अपने दोस्तों के साथ छुट्टियां मना रही अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर अपने माता-पिता के साथ वर्चुअल सेलिब्रेशन की एक झलक दिखाई। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर वीडियो कॉल सेशन की एक तस्वीर शेयर की, जिसके कैप्शन में उन्होंने दिल वाली इमोजी के साथ 'हैप्पी न्यू ईयर' लिखा। 'बाहुबली' की अभिनेत्री ने कार से एक वीडियो पोस्ट की। वीडियो क्लिप रिकॉर्ड करते समय उनकी मुस्कान फैंस को दीवाना बना रही हैं।*

**मीडिया** में चर्चा है कि विजय और तमन्ना ने नेटफ्लिक्स की एंथोलॉजी 'लस्ट स्टोरीज 2 'की शूटिंग के दौरान डेटिंग शुरू की थी। गोवा में एक नए साल की पार्टी में साथ देखे जाने के बाद उनके रिश्ते की अफवाह फैलने लगी थी। हालांकि, बाद में विजय ने स्पष्ट किया कि उन्होंने फिल्म पर काम करते समय डेटिंग शुरू नहीं की थी। वर्क फ्रंट की बात करें तो तमन्ना भाटिया हाल ही में नेटफ्लिक्स थ्रिलर-एक्शन फिल्म 'सिकंदर का मुकद्दर' में नजर आईं।





इस सीरीज में उन्होंने कामिनी सिंह का किरदार निभाया। यह सीरीज एक हीरे की चोरी पर केंद्रित है।

अभिनेत्री ने फिल्म 'स्त्री 2' में भी एक छोटी सी भूमिका निभाई थी, जिसमें उन्होंने विशेष रूप से 'आज की रात' गीत में अपने प्रदर्शन से ध्यान आकर्षित किया था। तमन्ना भाटिया जल्द ही अशोक तेजा द्वारा निर्देशित 'ओडेला 2' में नजर आएंगी। इस प्रोजेक्ट का निर्माण संपत नंदी ने किया है और इसका निर्माण डी. मधु ने किया है। मार्च में तमन्ना ने फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया था, जिसमें वह एक समर्पित शिव भक्त की भूमिका में हैं।



## रणबीर की गोद में लिपटी राहा कपूर आलिया ने थामा हाथ

### नीतू कपूर ने दिखाई न्यू ईयर सेलिब्रेशन की झलक

कपूर फैमिली और भट्ट फैमिली ने एक साथ मिलकर नए साल का स्वागत किया है। साल 2025 की शुरुआत के साथ ही इनके नए साल की झलकियां भी सामने आ गई हैं। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट ने फैमिली के साथ वेकेशन पर न्यू ईयर सेलिब्रेट किया है। इस सेलिब्रेशन में दोनों सितारों के साथ परिवार के बाकी सदस्य भी एंजॉय करते नजर आए। राहा कपूर, नीतू कपूर, रिद्धिमा कपूर साहनी, रिद्धिमा के पति और सोनी राजदान भी शामिल हुईं। इस सेलिब्रेशन में समारा साहनी और शाहीन भट्ट भी मस्ती करती नजर आईं। इस सेलिब्रेशन की खूबसूरत तस्वीरें नीतू कपूर ने शेयर की हैं।



**ऐसा रहा नए साल का सेलिब्रेशन :** सामने आई तस्वीरों में रणबीर कपूर अपनी बेटी राहा को गले लगाए हुए हैं। ब्लैक पैंट-शर्ट में दिख रहे रणबीर को आलिया ने थाम रखा है। उन्होंने ने भी ब्लैक ड्रेस कैरी की है। वहीं कई और तस्वीरों में नीतू कपूर भी बेटे और बेटी के साथ पोज देती नजर आईं। नीतू कपूर ने हाई स्लिट ब्लैक ड्रेस इस ओकेजन के लिए कैरी की। वहीं रिद्धिमा कपूर ने क्रीम टॉप और ब्लैक ट्राउजर कैरी किया। वहीं सोनी राजदान रेड ब्लिंगी ड्रेस में दिखीं। इस दौरान सभी काफी खुश और मस्ती भरे मूड में नजर आए। एक गार्डन एरिया में फ्लोर सीटिंग के साथ नए साल का सेलिब्रेशन रखा गया था। राहा भी व्हाइट और रेड फ्लोरल फ्रॉक में दिखीं। रिद्धिमा, रणबीर, नीतू और समारा ने एक साथ एक प्यारी सेल्फी भी क्लिक की।

**फैंस हुए उत्साहित:** पोस्ट शेयर करते हुए नीतू ने हार्ट इमोजी के साथ 'हैप्पी 2025' लिखा। उनके कई प्रशंसक नन्ही राहा को लाल और सफेद रंग की फ्रॉक में देखकर खुश हुए और उन्होंने लिखा, 'नया साल मुबारक हो, मेरे पसंदीदा रणबीर कपूर और प्यारा परिवार, खास तौर पर राहा।' हाल ही में कपूर परिवार द्वारा आयोजित क्रिसमस पार्टी के दौरान राहा को अपने माता-पिता के साथ आते हुए देखा गया और उसने पैपराजी के साथ फ्लाइंग किस और शुभकामनाएं साझा की थीं। शुरुआत में आलिया ने पैपराजी से शोर मचाना बंद करने का अनुरोध किया क्योंकि नन्ही बच्ची थोड़ा घबरा रही थी, लेकिन बाद में राहा सामने आईं और उन्होंने सभी से हाथ हिलाकर बात की और फ्लाइंग किस भी दी।

## बंगाली फिल्म ने चमकाई थी विद्या बालन की किस्मत

## बॉलीवुड में मिली एंट्री बन गईं 'परिणीता'

**विद्या बालन भारतीय सिनेमा की बेहद शानदार और प्रतिभाशाली एक्ट्रेस में से हैं। विद्या ने पहली जनवरी को अपना 46वां जन्मदिन मनाया। उन्होंने पॉपुलर टीवी शो 'हम पांच' से अपना एक्टिंग डेब्यू किया और इस दौरान वह सिर्फ 16 साल की थीं। इसकी प्रोड्यूसर एकता कपूर की मां शोभा कपूर थीं। इस शो में विद्या ने अपने अभिनय से दर्शकों को भी इंप्रेस किया और साथ ही फिल्मी दुनिया के कई बड़े फिल्ममेकर्स को भी। तो टेलीविजन सीरियल से विद्या बालन ने फिल्मी दुनिया में कदम कैसे जमाए? आइये उनके जन्मदिन पर उनके करियर पर एक नजर डालते**





### विद्या को मिला अनलकी होने का टैग

*विद्या बालान को मुंबई विश्वविद्यालय से अपनी मास्टर डिग्री के समय ही प्रोजेक्ट 'चक्रम' में मलयालम अभिनेता मोहनलाल के साथ मुख्य भूमिका के लिए चुना गया था। इस दौरान उन्हें 12 से अधिक फिल्मों के लिए साइन किया गया था। प्रॉडक्शन की परेशानियों के कारण 'चक्रम' के पहले शेड्यूल के बाद रुक गई और इसके बाद विद्या बालन को 'अनलकी हिरोइन' का टैग दिया गया। और उनकी केवल एक ही मलयालम फिल्म 'कलारी विक्रमण' पूरी हो पाई और यह रिलीज होने के बाद असफल रही।*

**विज्ञापनों में किया काम:** *साउथ में करियर न बन पाने के बाद, विद्या ने विज्ञापनों में काम के करने का फैसला किया। बता दें कि सिनेमा में बड़ा रोल मिलने से पहले उन्होंने लगभग 60 से अधिक विज्ञापनों में काम किया। इस दौरान फिल्म निर्माता प्रदीप सरकार के साथ काम किया और यहीं से उनके बॉलीवुड डेब्यू के रास्ते खुले। 2007 में 'भूल भुलैया' फिल्म ने उस साल बॉक्स ऑफिस पर सभी फिल्मों के रिकॉर्ड को पीछे कर दिया था। फिल्म में विद्या बालन, शाइनी आहुजा और अक्षय कुमार थे, ये बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई।*

### टीवी से किया डेब्यू

*विद्या बालन कम उम्र से ही एक्टिंग करना चाहती थीं। वह शबाना आजमी, श्रीदेवी और माधुरी दीक्षित जैसी शानदार अभिनेत्रियों की फिल्मों से बहुत इन्सपायर थीं और हमेशा एक्टिंग में अपना करियर बनाना चाहती थीं। विद्या बालन ने 16 साल की उम्र में शो 'हम पांच' से एक्टिंग की शुरुआत की। उन्होंने शो में राधिका की भूमिका निभाई और दर्शकों को बेहद पसंद आईं। हालांकि, उन्होंने टेलीविजन छोड़ दिया और इसकी वजह ये थी कि वह फिल्मों में काम करने की इच्छुक थीं।*

**विद्या बालन का पहला ब्रेक:** *विद्या बालन ने डायरेक्टर प्रदीप सरकार की सिफारिश पर 'भालो थेको' के साथ बंगाली सिनेमा से शुरुआत की, और 'परिणीता' के लिए ऑडिशन दिया। हालांकि, डायरेक्टर विधु विनोद चोपड़ा शुरू में ललिता के रोल के लिए बड़ी अभिनेत्री को कास्ट करना चाहते थे। विद्या ने फिल्म के लिए बहुत से ऑडिशन दिए, जो छह महीने तक चले और बाद में, चोपड़ा ने उन्होंने फिल्म में ललिता के रोल के लिए ले लिया, इसके बाद उन्होंने कभी भी पीछे मुड़कर नहीं देखा।*



## न्यूज ब्रीफ

### अब अप्रैल महीने में होगा बीपीएल सर्वे



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पहले बीपीएल का सर्वे जनवरी माह में किए जाने का प्रावधान था, लेकिन अब सरकार के निर्देशों पर उसे अप्रैल माह में पूरा किया जाएगा। इस बारे बुधवार को जानकारी देते बीडीओ फतेहपुर सुभाष चंद अत्री ने बताया सरकार द्वारा बीपीएल मानकों में कुछ संशोधन किया जा रहा, जिसके चलते अब अप्रैल माह में बीपीएल का सर्वे होगा। जनवरी माह में ब्लॉक फतेहपुर की 66 पंचायतों में 4 चार चरणों में आम ग्राम सभा का आयोजन किया जा रहा है। पहले चरण में 8 जनवरी को, दूसरे चरण में दस जनवरी को,तीसरे चरण में 12 जनवरी को व चौथे चरण में 16 जनवरी को आम ग्राम सभा होगी।

### 21.72 ग्राम हेरोइन सहित महिला गिरफ्तार

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर के एसपी अशोक रत्न द्वारा चलाए गए



नशे के खिलाफ अभियान के अंतर्गत बुधवार को डमटाल थाना के पठानकोट - जालंधर मार्ग पर मोहटली पर रैंप नारकोटिक्स सेल की टीम द्वारा गुप्त सूचना आधार पर मिलने जब छापेमारी की गई, तब मौके पर मलकी पत्नी राकेश कुमार के घर में उसकी बहन रेनू बाला पत्नी काला राम निवासी प्रेम नगर सुजानपुर, जिला पठानकोट के कब्जे से 21.72 ग्राम हेरोइन पकड़ने में सफलता प्राप्त की गई।जानकारी देते हुए एएसपी धर्मचंद वर्मा ने बताया के थाना डमटाल के अंतर्गत मोहतली रैंप पर नशे का कारोबार किया जा रहा है, जिसके तहत नारकोटिक्स टीम द्वारा यह कार्रवाई अमल में लाई गई है। इस परिवार पर पहले भी कई एनडीपीएस के मामले दर्ज हैं, परंतु फिर भी येलोग मोटे मुनाफा के चलते यह गोरखधंधा छोड़ने का नाम नहीं ले रहे हैं।

### ताइक्वांडो में नव्या और देवांशी ने जीता गोल्ड



**अनंत ज्ञान, गगल।** 19वीं राष्ट्रीय जूडो खेल ताइक्वांडो प्रतियोगिता जो पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ में 28 दिसंबर से 31 दिसंबर तक आयोजित की गई। जानकारी देते हुए टीम के कोच विजय डोगरा ने बताया इस प्रतियोगिता में 18 प्रदेशों के 780 बच्चों ने भाग लिया, जिसमें 70 बच्चे हिमाचल के भाग ले रहे थे। इनमें से कांगड़ा के डीएवी तियारा, दिल्ली पब्लिक स्कूल देहरिया और डीबाई पाटिल ठानपुरी की बच्चों ने भाग लिया। इनमें से नव्या व देवांशी ने गोल्ड व सूर्यांश, महिमा ने सिल्वर, रुद्रा, अर्श धारिका, मनप्रीत, सात्विक, वैशवी, अग्रता, आराध्या और अदिति ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। बुधवार दोपहर जैसे ही बच्चे सनौरा चौक पहुंचे तो वहां पर पर बच्चों का स्वागत भाजपा के जयंती मंडल कांगड़ा के अध्यक्ष अशोक कुमार, बज्रेश्वरी मंडल कांगड़ा के अध्यक्ष रणजीत सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष सतपाल सोनी, पूर्व मंडल महा मंत्री रजनीश मोना, वैदी पंचायत के प्रधान हरमिंदर सिंह गोरा, विजय कुमार आदि ने बच्चों को फूल मालाएं पहनाकर बच्चों का स्वागत किया।

## जय माता चामुंडा



नववर्ष के पहले दिन चामुंडा देवी के मंदिर में माता रानी के चरणों में नतमस्तक होने के लिए लाइनों में खड़े मां के भक्त।

## श्रद्धा का सैलाब



नववर्ष के पहले दिन कांगड़ा स्थित बज्रेश्वरी देवी मंदिर में मां के दर्शनों के लिए लाइन में अपनी बारी का इंतजार करते श्रद्धालु।

### जिले में 31 जनवरी तक विभिन्न स्तरों पर आयोजित होंगे जागरूकता कार्यक्रम : उपायुक्त

# हादसे रोकने को यातायात नियमों की अनुपालना पर रहेगा फोकस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला में सड़क हादसों में कमी लाने के लिए यातायात नियमों की अनुपालना पर विशेष फोकस किया जाएगा, इसके लिए जिलाभर में 31 जनवरी तक विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सड़क हादसों को रोकने के लिए जागरूकता जरूरी है इस के लिए नियमित तौर पर चालकों के आंखों के चेकअप कैंप, ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल में बेहतर प्रशिक्षण की व्यवस्था के साथ साथ युवक मंडलों को यातायात नियमों की जानकारी देना अत्यंत जरूरी है इसके साथ ही ब्लैक स्पॉट चिह्नित करने के भी दिशा निर्देश दिए गए हैं, ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि यातायात नियमों का पालन करके ही खुद का और दूसरों का जीवन सुरक्षित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में हर साल 10 हजार लोग मर जाते हैं. जीवन अनमोल है और उसे बचाने के लिए यातायात नियमों का पालन करके ही जागरूकता लाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि माहभर चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों के बीच सड़क सुरक्षा उपायों को प्राथमिकता देने और सड़क दुर्घटना के मामलों को कम करना है।



उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान ज्यादा से ज्यादा लोगों के बीच लापरवाही से वाहन चलाने और सड़क नियमों का पालन न करने के परिणामों के बारे में बताया जाएगा इसमें विभिन्न स्वैच्छिक संगठनों, स्कूल और सामुदायिक केंद्रों से लेकर कार्यस्थलों तक में सड़क सुरक्षा के लिए जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे इसके साथ ही यातायात नियमों की अनुपालना के लिए शपथ भी दिलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारियों को जिला में सड़क सुरक्षा के नियमों का सख्ती से पालना सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि प्रतिदिन जिला में होने वाली दुर्घटनाओं को और कम किया जा सके।

### डीसी की अध्यक्षता में चार जनवरी को होगी टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा

**धर्मशाला।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाए जा रहे 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक चार जनवरी को धर्मशाला अस्पताल के सभागार में डीसी कांगड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, सभी बीएमओ और विभिन्न विभागों के अधिकारी भाग लेंगे। इस दौरान समाजसेवी संस्थाओं के साथ सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर भी बैठक में हिस्सा लेंगे। बैठक में जिले भर में चलाए टीबी मुक्त भारत अभियान पर चर्चा की जाएगी। साथ ही अभियान को सफल बनाने के लिए जन भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए भी अन्य विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए जाएंगे। इस दौरान सभी अधिकारियों को अपने विभागों में लोगों को टीबी के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## जब मामला कोर्ट में तो मीटिंग किसके दबाव में : प्रवीण कुमार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पूर्व भाजपा विधायक प्रवीण कुमार ने चौधरी सरवन कुमार कृषि विश्वविद्यालय की जमीन को पर्यटन गांव के नाम हस्तांतरण के मुद्दे पर प्रदेश कांग्रेस सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जब यह मामला हाईकोर्ट में विचाराधीन है तो फिर किस दबाव में कमेटी गठित करके 3 जनवरी को मीटिंग रखी गई है। प्रवीन कुमार ने कहा कि जानकारी के मुताबिक कृषि विश्वविद्यालय के एक अधिष्ठाता की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया है। यह कमेटी 3 जनवरी को कृषि विश्वविद्यालय की जमीन को पर्यटन विलेज के नाम हस्तांतरण व इसी विश्वविद्यालय की जमीन के बदले अन्यत्र जमीन के तबादले पर चर्चा करेगी। पूर्व विधायक ने आशंका व्यक्त करते हुए कहा है कि जिस तरह पूर्व में तत्कालीन कार्यकारी उपकुलपति ने सरकार के दबाव में आकर बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट को विशवास में लिए बिना कृषि विश्वविद्यालय की जमीन को पर्यटन विलेज के नाम हस्तांतरण का अनापति प्रस्ताव सरकार की सेवा में प्रेषित कर दिया। ऐसे में यह कमेटी भी कहीं सरकार के दबाव के चलते इसी तरह का प्रस्ताव पारित कर यह प्रक्रिया सरकार द्वारा मान्य न्यायालय की जवाबतलबी में सहायक दस्तावेज न बन जाए।



**कृषि विवि की जमीन पर्यटन गांव के नाम हस्तांतरित करने पर घेरी सरकार**

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा अगर पूर्व की तरह ऐसा कथित प्रयास हुआ तो अव यह मान्य न्यायालय में लंबित मामले के विरुद्ध अवमानना अर्थात अवहेलना का मामला बनेगा।

### अवैध शराब रखने के आरोप में दो लोग पकड़े

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** पुलिस थाना फतेहपुर और पुलिस चौकी रे की टीम ने नववर्ष के पहले दिन ही भिन्न-भिन्न स्थानों पर दो लोगों को अबैध शराब रखने के जुर्म में हिरासत में लेकर जमानत पर छोड़ा है। इस बारे जानकारी देते हुए थाना प्रभारी फतेहपुर पवन गुप्ता ने बताया कि पहले मामले मे पुलिस थाना फतेहपुर की टीम ने कुटवासी में एक विशेष समुदाय के एक व्यक्ति से 5000 एमएल कच्ची शराब (लाहन) बरामद की है। दूसरे मामले में पुलिस चौकी रे की टीम ने धौलपुर स्थित एक दुकान से 7 बोतल देसी शराब बरामद की है। उन्होंने बताया कि दोनों मामलों में पुलिस ने दोनों व्यक्तियों को हिरासत में लेकर जमानत पर छोड़ दिया है। अन्होंने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशों पर जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ छेड़े गए अभियान को आने वाले समय में और गति दी जाएगी।

## छात्र-छात्राओं ने जानी पुलिस की कार्यप्रणाली



**हमीरपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र कॉलेज हमीरपुर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला हमीरपुर राजेश कुमार ने छात्र-छात्राओं को पुलिस कार्य-प्रणाली, साइबर सुरक्षा, सोशल मीडिया, यातायात नियमों की अनुपालना, कानून-व्यवस्था, महिला सुरक्षा, महिला हेल्पलाइन, महिला सशक्तिकरण, पोक्सो अधिनियम तथा नशे व शराब के दुष्परिणामों तथा प्रभावों के प्रति भी जागरूक किया गया। इस दौरान सभी छात्रों को अपने-अपने मोबाइल फोन में 112 ऐप तथा ड्रग फ्री हिमाचल ऐप को डाउनलोड करने तथा किसी भी आपात स्थिति में तुरंत 112 पर सूचित करें। (अनंत ज्ञान)

### नगरोटा सूरियां की उपेक्षा होती रही तो करेंगे प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, नगरोटा सूरियां।** एलीट ग्रुप 4 (फोर) की विशेष बैठक मंगलवार को नगरोटा सूरियां में पीसी विश्वकर्मा की अध्यक्षता में हुई। इसमें ग्रुप ने कहा कि हिमाचल सरकार नगरोटा सूरियां रामसर साइट में पर्यटकों को अधिक संख्या में पहुंचाने की कोशिश करें। पीसी विश्वकर्मा, गुरदेव भारती, डॉ. गुलशन चौधरी व सुदर्शन सिहोल ने हिमाचल सरकार की इस बात के लिए आलोचना की कि इस क्षेत्र को पर्यटक स्थल उभारने को 1800 करोड़ के बजट का ढोल पीटती आ रही है, मगर धरातल पर कुछ नजर नहीं आ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि नगरोटा सूरियां की यूं ही उपेक्षा होती रही तो ग्रुप धरना-प्रदर्शन शुरू कर देगा।

## नगरोटा सेवियर्स क्लब ने 111 यूनिट रक्त किया एकत्रित

### एसडीएम मुनीष कुमार ने भी किया रक्तदान, 15 महिलाओं ने भी कमाया पुण्य

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

नगरोटा बगवां के गांधी ग्राउंड में नववर्ष के पहले दिन बुधवार को नगरोटा सेवियर्स क्लब ने 'एक बार रक्तदान-कई मरीजों को जीवनदान' थीम के तहत रक्तदान शिविर लगाया। क्लब की ओर से 19वीं बार लगाए गए रक्तदान शिविर में कुल 111 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। शिविर में टांडा मेडिकल कॉलेज की टीम ने अपनी सेवाएं दी। मुख्यातिथि एसडीएम नगरोटा बगवां मुनीष कुमार शर्मा भी इस पुण्य के भागीदार बने, जिन्होंने आज 11वीं बार रक्तदान किया। उनके अलावा एडॉन संस्था के अध्यक्ष मनोज मेहता ने भी रक्तदान किया। वे अब तक पचास बार रक्तदान कर चुके हैं। रक्तदान करने वालों में 15 महिलाओं भी शामिल थीं। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष वरुण मारवाह, संयोजक जस्टिस चौधरी, शान भंडारी, सचिन वासुदेवा, भृगुनंदन वर्मा, अभिनव कटोच, शिव कुमार, सचिन कुमार, सत्येन शर्मा, सुनील कपूर, रवि सरीन, कृष्णा शर्मा, भगवान दास ने अपनी सेवाएं दीं।



### हर स्वस्थ व्यक्ति करे रक्तदान : एसडीएम

**शिविर** में मुख्यातिथि एसडीएम नगरोटा मुनीष कुमार ने कहा कि उन्हें भी रक्तदान करने का सौभाग्य मिला। उन्होंने कहा कि जब तक कोई रक्तदाता रक्त डोनेट नहीं करता तब तक इसकी आपूर्ति करना संभव नहीं है, इसलिए जो लोग स्वस्थ हैं वे हर तीन महीने के अंतराल पर रक्तदान अवश्य करें। उन्होंने कहा कि हमारा नगरोटा बगवां क्षेत्र नशे की चपेट में आ गया है। युवा वर्ग नशे में सड़कों पर वाहन दौड़ाते हैं और हादसों का शिकार होते हैं। इससे अच्छा तो यह है कि वे अपना रक्त सड़कों पर बहाने के बजाए किसी अच्छे काम में दें, ताकि किसी का जीवन बचाया जा सके।

## डीसी ने बड़सर में की सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

**अनंत ज्ञान, बड़सर**

सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और विकासात्मक परियोजनाओं की ताजा स्थिति की समीक्षा के लिए बुधवार को उपायुक्त अमरजीत सिंह ने बड़सर में उपमंडल स्तर के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों ने भाग लेकर उपायुक्त के समक्ष विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि सरकार ने आम लोगों कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई हैं, लेकिन जागरुकता के अभाव में कई पात्र लोग इनका लाभ नहीं उठा पाते हैं। इसलिए, सभी विभागों के अधिकारी फील्ड में इन योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें तथा आम लोगों को इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि उद्यान विभाग योजनाओं के माध्यम से किसानों को नकदी फसलों की खेती के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए, जिससे उनकी आय में अच्छी बढ़ोतरी हो सकती है। इस क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे प्रगतिशील किसानों-बागवानों की उपलब्धियों का भी व्यापक प्रचार किया जाना चाहिए। विभागीय अधिकारी किसानों को प्राकृतिक खेती, मोटे अनाज की खेती, पशुपालन और अन्य संबंधित गतिविधियों के लिए भी प्रेरित करें। उपायुक्त ने कहा कि पशुपालन विभाग के अधिकारी उपमंडल की सभी गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में विशेष प्रयास करें। पशुओं के उपचार के लिए 1962 नंबर पर उपलब्ध करवाई जा रही वेटनरी एंबुलेंस सेवा का भी व्यापक प्रचार-प्रसार होना चाहिए। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को हाल ही में बंद हुए स्कूलों के भवनों की सूची उपलब्ध करवाने के निर्देश भी दिए, ताकि इन भवनों को अन्य विभागों के उपयोग के लिए उपलब्ध करवाया जा सके। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और अन्य विभागों की योजनाओं पर भी व्यापक चर्चा की गई। मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना, मुख्यमंत्री सुख शिक्षा योजना, कन्यादान योजना, शगुन योजना और अन्य सभी कल्याणकारी योजनाओं से कोई भी पात्र व्यक्ति नहीं छूटना चाहिए। बड़सर क्षेत्र में जारी बड़ी विकासात्मक परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने मिनी सचिवालय के कार्य को तेजी से पूरा करने के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की प्रशंसा की।

**कार्यक्रम** 110 विद्यार्थियों में से एलिमिनेशन राउंड के लिए चुने जाएंगे 30 से 40 छात्र

# 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' के लिए सीयू बनी राज्य की नोडल एजेंसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2025 के लिए हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय को हिमाचल प्रदेश राज्य की नोडल एजेंसी के रूप में नामित किया गया है। इस संदर्भ में विश्वविद्यालय चरण 3 के तहत राज्यभर से प्राप्त पीपीटी प्रविष्टियों का व्यक्तिगत प्रस्तुतीकरण निरीक्षण मूल्यांकन दिनांक 2 जनवरी को विवि के धौलाधार परिसर एक और परिसर दो में करेगा।

इसके लिए कमेटियों का गठन विश्वविद्यालय की ओर से कर लिया गया है। प्रो. संदीप कुलश्रेष्ठ समन्वयक और प्रो. सूर्यरश्मि रावत सह समन्वयक बनाए गए हैं। केंद्रीय विश्वविद्यालय के पास लगभग 110 विद्यार्थियों की प्रविष्टियां आई हैं। सभी प्रतिभागी हिमाचल के ही रहने वाले हैं और विभिन्न राज्यों में निजी व सरकारी शिक्षण संस्थानों में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। गौरतलब है कि राष्ट्रीय युवा महोत्सव में सीयू अपनी सहभागिता निभा रहा है। भारत सरकार के युवा मामले विभाग की ओर से शुरू किए पोर्टल पर उपलब्ध एक प्रमुख अवसर 'विकसित भारत युवा नेता संवाद', अर्थात पुनः परिकल्पित 'राष्ट्रीय युवा महोत्सव, 2025' से संबंधित है।

इस चुनौती चरण 1, यानी विकसित भारत प्रश्नोत्तरी रहा। वहीं चरण 2 डिजिटल रहा। इस चरण में निबंध लेखन रहा। अब चरण 3 के तहत प्रत्येक राज्य अपने-अपने ट्रैक से शीर्ष 4 प्रतिभागियों का चयन करेगा, जो राज्य की टीम का हिस्सा बनेंगे। इसके बाद चरण 4 के तहत विकसित भारत चैंपियनशिप (राष्ट्रीय युवा महोत्सव) का एलिमिनेशन राउंड आयोजित किया जाएगा, जिसमें फाइनल के लिए शीर्ष टीमों का चयन किया जाएगा।

ये शीर्ष टीमें 12 जनवरी को प्रधानमंत्री के समक्ष अपनी प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम के समन्वक प्रो. संदीप कुलश्रेष्ठ के अनुसार राज्यभर से प्राप्त पीपीटी प्रविष्टियों का व्यक्तिगत प्रस्तुतीकरण निरीक्षण मूल्यांकन के पश्चात छात्रों का चयन कर उन्हें दिल्ली में आयोजित होने वाले एलिमिनेशन राउंड व चयन के उपरांत प्रधानमंत्री के समक्ष प्रेजेंटेशन हेतु दिल्ली लेकर जाने एवं वापस लाने का प्रबंधन करेगा। सीयू के पास लगभग 110 विद्यार्थियों की प्रविष्टियां आई हैं। इनमें से 30 से 40 विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। विद्यार्थियों की आयु सीमा 18 से 28 वर्ष के बीच की है।

वीरवार को प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. बंसल डाढ़ स्थित निजी होटल में पूरे हिमाचल प्रदेश के प्रतिभागियों से रू-ब-रू होंगे। कुलपति प्रो. बंसल कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे और बच्चों के अनुभवों के बारे में जानेंगे। वहीं इसके बाद धौलाधार परिसर-एक के सेमिनार हाल में कार्यक्रम का आयोजन होगा।

### विद्यार्थी इन विषयों पर रखेंगे अपने विचार

**इस** दौरान प्रदेश भर से विद्यार्थी विकसित भारत के लिए तकनीक, विकास भी, विरासत भी, विकसित भारत के लिए युवाओं को सशक्त बनाना, कृषि में उत्पादकता बढ़ाना, भारत को विश्व की स्टार्टअप राजधानी बनाना, भारत को एक स्पोर्टिंग और फिट राष्ट्र बनाना, भारत को वैश्विक विनिर्माण पावरहाउस बनाना भारत को ऊर्जा कुशल बनाना, भविष्य के लिए बुनियादी ढांचे का निर्माण, महिलाओं को सशक्त बनाना और सामाजिक संकेतकों में सुधार करना विषयों पर व्यक्तिगत प्रस्तुतीकरण देंगे।

## एनआईटी हमीरपुर के सभी होस्टल वाईफाई सुविधा से लैस

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

छात्रों के शैक्षिक अनुभव को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर के निदेशक प्रो. एचएम सूर्यवंशी ने बुधवार को संस्थान के सभी होस्टलों में अत्याधुनिक इंटरनेट वाईफाई सुविधाओं का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के उदयगिरी होस्टल में किया गया, जिसमें रजिस्ट्रार डॉ. ननोटी, डीन, विभागाध्यक्ष, समिति के अध्यक्ष प्रो. रवि शर्मा, कंप्यूटर सेंटर के फैकल्टी इंचार्ज डॉ. टीपी शर्मा, फैकल्टी इन-चार्ज डॉ. राजेश शर्मा और मुख्य वार्डन डॉ. कुलदीप कुमार सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। इस परियोजना की कुल लागत, जो कि 5.5 करोड़ रुपए अनुमानित है, संस्थान के छात्रों को अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा प्रदान करने के निरंतर प्रयासों का प्रतीक है। वाईफाई सुविधाएं डिजिटल दुनिया की बढ़ती मांगों को पूरा करने के लिए डिजाइन की गई हैं, जो अब सभी 12 होस्टलों और सामान्य क्षेत्रों में निर्बाध उच्च-गति इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान करेंगी, जिससे पुरानी अविश्वसनीय वायर्ड कनेक्टिविटी को समाप्त किया जाएगा। अपने उद्घाटन भाषण में प्रो. एचएम सूर्यवंशी ने प्रो. रवि शर्मा की अध्यक्षता में लागू की गई समिति की समर्पित मेहनत की सराहना की, जिसमें कंप्यूटर सेंटर के फैकल्टी इन-चार्ज डॉ. टीपी शर्मा, फैकल्टी इन-चार्ज (खरीदारी) डॉ. राजेश शर्मा, इंजीनियर अनिल कुमार (वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी), जगदीश वर्मा और इंजीनियर अश्वनी कुमार शर्मा (वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी) शामिल थे। उन्होंने आगे कहा कि डिजिटल पहुंच का महत्व बढ़ता जा रहा है और यह एनआईटी हमीरपुर के दृष्टिकोण का हिस्सा है, जो परिसर को एक पूरी तरह से जुड़े स्मार्ट विश्वविद्यालय में बदलने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसमें भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अत्याधुनिक तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने संस्थान की दूरदर्शी पहलों पर गर्व व्यक्त किया, जो छात्रों को उनके शैक्षिक और व्यक्तिगत लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करती हैं। यह प्रयास छात्रों की लंबित मांग को पूरा करता है, जो सभी होस्टलों और आसपास के क्षेत्रों में निर्बाध इंटरनेट वाईफाई कनेक्टिविटी प्रदान करने की थी।

## न्यूज ब्रीफ

### कार की चपेट में आया बुजुर्ग, मौत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर औहर के समीप एक बुजुर्ग की कार की चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गत रात 86 वर्षीय जगत राम शर्मा निवासी औहर फोरलेन किनारे से घर जा रहे थे कि एक कार की चपेट में आ गए। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें स्थानीय लोग उपचार के लिए नागरिक अस्पताल घुमारवीं ले गए, जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद ट्रैफिक टूरिस्ट पुलिस थाना औहर ने मौके पर पहुंचकर परिजनों के ब्यान कलमबद्ध किए। मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर शव स्वजनों को सौंप दिया है।

### महिला के साथ दो लोगों ने की मारपीट

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** थाना झंडूता के तहत आने वाले रोहल में एक महिला के साथ दो लोगों द्वारा मारपीट किए गई। थाना झंडूता पुलिस ने 55 वर्षीय बिमला देवी निवासी रोहल तहसील झंडूता जिला बिलासपुर की शिकायत पर आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत आपराधिक मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी गई शिकायत में कहा है कि गत दिवस वह अपनी मलकीयत भूमि को जा रही थी, तो दो लोगों ने पहले उस पर पत्थर मारे और बाद में मारपीट की। इससे उसे चोटें लगीं। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी मदन धीमान ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि थाना झंडूता पुलिस द्वारा मामले की छानबीन की जा रही है।

### डंगार में लगाया 29वां रक्तदान शिविर

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं/बिलासपुर।** नेहा मानव सेवा सोसायटी घुमारवी द्वारा डंगार में 29वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य हिमाचल प्रदेश तथा बाहर के अस्पतालों में कैंसर तथा थैलीसीमिया जैसे गंभीर रोगों से पीड़ित लोगों के लिए आ रही खून की कमी को पूरा करना है। इस शिविर का आयोजन नेहा सोसायटी के मुख्य संस्थापक पवन बरूर द्वारा किया गया। उन्होंने इस सेवा सोसायटी का गठन अपनी बेटी नेहा के नाम पर किया है जो अब इस दुनिया में नहीं है।






बुधवार को सोसायटी द्वारा 29वां रक्तदान शिविर लगाया गया है जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर रक्तदान करने वालों को प्रमाण पत्र तथा गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।

### कैहरियां गांव के जंगल में संदिग्ध गुब्बारे मिले

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी।** स्वारघाट के की टरवाड़ पंचायत के कैहरियां गांव के जंगल में संदिग्ध गुब्बारे मिले हैं। इन गुब्बारों पर पाकिस्तानी लार्जेस्ट यूथ लीडरशिप बूट कैंप लिखा है। इसमें बाज का चित्र भी छपा है। ग्रामीणों ने गुब्बारों को जनाली से कैहरियां गांव को जाने वाली सड़क के पास जंगल में देखा। 13 गुब्बारों में ज्यादातर सफेद और कुछ संतरी रंग के हैं। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस थाना स्वारघाट की टीम मौके पर पहुंची और इन गुब्बारों को जांच के लिए कब्जे में ले लिया। शुरुआती जांच में इन गुब्बारों में कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### नववर्ष पर आरटीओ ने किए 15 चालान

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी।** नववर्ष मेला श्री नैना देवी मे आरटीओ विद्या चौधरी ने गाड़ियों की चेकिंग की और ट्रैफिक नियमों की उल्लंगना करने वालों के खिलाफ चालान भी किए। पत्रकारों को उन्होंने बताया कि उन्होंने नववर्ष मेला के दौरान लगभग 300 गाड़ियों की चेकिंग की और लगभग 15 चालान किए। जबकि जुर्माने के रूप में 15 हजार रुपए नगद वसूले हैं और अभी लगभग 50 हजार रुपए चलान पेंडिंग बाकी हैं, जिसे जल्द वसूल कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नव वर्ष के दौरान माता श्री नैना देवी का आशीर्वाद भी उन्होंने प्राप्त किया है। मंदिर न्यास की तरफ से पुजारी शंशाक गौतम ने उन्हें माता की चुनरी और फोटो भी भेंट की।

### सेना दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम 15 को




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भाजपा पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के तत्वावधान में सेना दिवस के उपलक्ष्य में 15 जनवरी को कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सेना दिवस पर सुबह के समय चंगर सेक्टर स्थित शहीद स्मारक में देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले रणबांकुरों को श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे। उसके बाद शहर के रौड़ा सेक्टर स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें सदर विधानसभा क्षेत्र से ताल्लुक रखने वाले पूर्व सैनिक भाग लेंगे। सेना दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम की तैयारियों के मद्देनजर बुधवार को कैप्टन सुरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सदर के विधायक त्रिलोक जमवाल ने विशेष तौर पर उपस्थिति दर्ज करवाई। बैठक में कहा गया कि 15 जनवरी को सेना दिवस पर सुबह 10.30 बजे शहीद स्मारक में शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के साथ ही 2 मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मिक शांति के लिए प्रार्थना की जाएगी। उसके बाद 11 बजे रौड़ा सेक्टर स्थित भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें सदर विधानसभा क्षेत्र से ताल्लुक रखने वाले भारतीय वायुसेना, थल सेना व जल सेना के साथ ही अर्ध सैनिक बलों के पूर्व सैनिक भाग लेंगे। बैठक में कैप्टन सीताराम, सूबेदार मेजर ज्ञानचंद, सूबेदार मेजर जोगेंद्र सिंह, सूबेदार मेजर शमशेर सिंह व भाजपा बिलासपुर मंडल अध्यक्ष पवन ठाकुर समेत कई पूर्व सैनिकों ने भाग लिया।

# नववर्ष पर नयना देवी में 70 हजार श्रद्धालुओं ने टेका माथा

**मुकेश गौतम, श्री नयना देवी जी**

- पंजाब, हिमाचल, दिल्ली, हरियाणा व अन्य राज्यों से पहुंचे श्रद्धालु
- श्रद्धालुओं ने ऊंचे जयकारों के साथ नव वर्ष बड़ी धूम धाम से मनाया

विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी में नववर्ष के दिन श्रद्धालुओं ने माता रानी का आर्शीवाद प्राप्त किया। हिमाचल, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और अन्य राज्यों से लगभग 70 हजार श्रद्धालु नयना देवी जी पहुंचे हुए थे। श्रद्वालुओं को बेहतर सुविधा देने के लिए मंदिर प्रशासन की ओर से पुख्ता प्रबंध किए गए थे।

नववर्ष के उपलक्ष्य पर श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन के निर्देशानुसार मंदिर के द्वार सुबह आरती के बाद एक बजे खोल दिए गए सुबह की आरती के साथ ही मंदिर में नववर्ष का शुभारंभ हुआ। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए श्रद्धालुओं को सुरक्षा कर्मियों ने छोटे-छोटे ग्रुपों में रोककर मंदिर भेजा और लाइनों में ही दर्शन करवाए।

मंदिर अधिकारी विपिन ठाकुर और डीएसपी विक्रांत श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु डटे रहे और हर गतिविधि पर सीसीटीवी कैमरों से पैनी नजर बनाए रखी। पंजाब से आई कई समाजसेवी संस्थाओं ने श्रद्धालुओं के



लिए खान पान की व्यवस्था की ओर स्वादिष्ट व्यंजन परोसे अभी तक श्रद्धालुओं के आने का क्रम जारी रहा।

बता दें कि श्री नैना देवी में जहां पर रात से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही हैं। वहीं पर मंदिर न्यास के अध्यक्ष मेला अधिकारी धर्मपाल ने मंदिर क्षेत्र में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और सुरक्षा कर्मियों और मंदिर न्यास के कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए उनके साथ मंदिर न्यास के सहायक अभियंता प्रेम शर्मा भी मौजूद थे। धर्मपाल ने बताया कि मंदिर न्यास और जिला प्रशासन श्रद्धालुओं की सुख सुविधा का पूरा ध्यान रख रहा हैं।

उन्होंने कहा कि मंदिर क्षेत्र मे सुरक्षा की दृष्टि से इस मेले के दौरान भी कड़ाह-प्रसाद चढ़ाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया हैं। इसके अलावा मंदिर परिसर में ढोल, बैंड-बाजों पर भी पूर्णतया प्रतिबंध है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए सुबह मंदिर के द्वार लगभग एक बजे खोल दिए गए थे। जिसके कारण निकासी तेज होने से भीड़ पर पूरी तरह नियंत्रण बना रहा। उन्होंने बताया कि सभी संबंधित विभागों के साथ समय-समय पर मीटिंग होती रही ताकि श्रद्धालु आसानी से माता श्री नैना देवी जी का आशीर्वाद प्राप्त हो सके। (अनंत ज्ञान)

# मिल्क प्लांट में युवक पर तलवारों और डंडों से हमला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर शहर के साथ लगती बंदला पंचायत में स्थित परनाली क्षेत्र में मिल्क प्लांट पर कार्य कर रहे 4 से 5 लोगों ने तलवारों व डंडों से युवक पर हमला कर दिया। इस हमले में मिल्क प्लांट में कार्यरत एक कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया है। घायल को उपचार के लिए एम्स बिलासपुर में भर्ती करवाया गया है। हमले की सीसीटीवी फुटेज इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गई है।

> युवक गंभीर रूप से घायल एम्स में भर्ती, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

बताया जा रहा है कि हमला करने के बाद हमलावार मौके से फरार हो गए हैं, जिन्हें पुलिस तालाश रही है। घायल की पहचान 32 वर्षीय रमेश कुमार निवासी डियोडिया रामसिंहपुरा थाना किशनगंज जिला जयपुर, राजस्थान के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि गत शाम को संबंधित मिल्क प्लांट में कार्यरत कर्मचारी नए साल की पार्टी मान रहे थे। इस दौरान घायल और हमलावर की आपस में बहसबाजी हुई तथा घायल ने एक हमलावर को न केवल थप्पड़ मारे बल्कि उसकी टोपी भी जला दी। जिस पर बुधवार को संबंधित व्यक्ति अपने 4-5 साथियों के साथ संबंधित मिल्क प्लांट पर गया तथा रमेश कुमार पर डंडों व तलवारों से हमला कर दिया।

थाना सदर पुलिस ने घायल रमेश कुमार के ब्यान के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं के तहत आपराधिक मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। अभी तक दो ही हमलावरों की पहचान हो पाई है। जिसमें शशि कांत व रोहित निवासी जिनणू थाना सदर शामिल हैं।

# सात प्रोजेक्टों पर डीसी आबिद कर रहे बेहतर कार्य

## कहा- स्पेस लैब, डिजिटल लाइब्रेरी, ग्रीन डीसी ऑफिस, पैराग्लाडिंग व कोलडैम को वॉटर टूरिज्म बनाने की योजना

**शुभम राही, बिलासपुर**

- नए साल के दिन से इन प्रोजेक्टों को तेजी से पूरा करने का रख रहा हूं लक्ष्य
- बिलासपुर वॉटर स्पोर्ट्स का सीएम के नववर्ष कैलेंडर व बधाई संदेश में मिला स्थान गर्व की बात

बिलासपुर उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने नववर्ष के दिन अपने सात से अधिक प्रोजेक्टों की विस्तृत से जानकारी दी। वहीं, इन सात से अधिक प्रोजेक्टों को अप्रैल माह तक पूरा करने का लक्ष्य भी निर्धारित कर दिया है।



बुधवार को उपायुक्त कार्यालय के बचत भवन में प्रेसवार्ता करते हुए डीसी ने कहा कि उनके व जिलावासियों के लिए यह गर्व का विषय है कि नववर्ष के सरकार के कैलेंडर व बधाई संदेश में बिलासपुर के वॉटर स्पोर्ट्स को स्थान मिला है। यह सब बिलासपुर की जनता का सहयोग व उनकी टीम बधाई के पात्र हैं। डीसी ने कहा कि वर्तमान में वह जिला में स्पेस लैब स्थापित करना मुख्य लक्ष्य हैं।

घुमारवीं स्कूल में वर्तमान में स्पेस लैब बन चुकी है और अब बिलासपुर शहर के छात्र स्कूल रौड़ा सेक्टर में इस स्पेस लैब का कार्य चला हुआ है।

उन्होंने कहा कि इसका कार्य तेजी से चला हुआ है और 7 जनवरी को मंत्री राजेश धर्माणी द्वारा इसका शुभारंभ करवाया जाएगा। जिला के कोलडैम को वॉटर टूरिज्म के तहत डेवलेप करने का कार्य चला हुआ है। जिसके लिए जल्द ही चौथी बार टेंडर प्रक्रिया अपनाई जा रही है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि यह कार्य भी पूरा हो जाएगा। इससे वॉटर



टूरिज्म को एक रफतार मिलेगी। उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट जिसमें डीसी ऑफिस बिलासपुर को ग्रीन डीसी ऑफिस बनाना चाहते हैं। जिसमें 110 किलो मेगावाट का सोलर सिस्टम लगाया जाएगा। इससे पूरा डीसी ऑफिस ग्रीन डीसी ऑफिस होगा।

वहीं, इस पूरे प्रदेश का पहला जिला बिलासपुर ग्रीन डीसी ऑफिस बनाने वाला जिला उभरकर सामने आएंगा। पत्रकारों को उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने बताया कि वह बिलासपुर की बंदलाधार में फरवरी माह में पैराग्लाडिंग का नेशनल लेवल की प्रतियोगिता करवाने जा रहे हैं। जिसको लेकर उनकी प्रिंसिपल सेक्रेटरी टूरिज्म से बात हो चुकी है और उनकी ओर से इस प्रतियोगिता के लिए कुछ सहायता राशि देने का भी आश्वासन मिला हुआ है। उन्होंने बताया कि बिलासपुर जिला ने मुख्यमत्री सुख आश्रय योजना के तहत 123 पात्रों के आवेदन को स्वीकृति दे दी है। जिला में कोई इस योजना के तहत आने वाले पात्रों को पैंडिंग नहीं रखा गया हैं। वहीं, उन्होंने बताया कि बिलासपुर शहर व घुमारवीं शहर को पूरा तरह से सीसीटीवी कैमरों से लैस करने की योजना पर कार्य शुरू हो गया है।

बिलासपुर जिले के बाद घुमारवीं शहर भी पूरी तरह से सीसीटीवी कैमरे से लैस होगा, जिससे प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखी जा सकें। वहीं, इस सभी कैमरों के कंट्रोल रूम एसपी ऑफिस में बनाया जा रहा हैं। साथ ही उपायुक्त ने कहा कि बिलासपुर मुख्यालय में डिजीटल लाइब्रेरी बनाने के बाद अब घुमारवीं में भी डिजीटल लाइब्रेरी बनाई जाएगी। घुमारवीं में डिजीटल लाइब्रेरी बनाने के लिए 1 करोड़ 70 लाख रुपए का बजट भी जारी किया गया है। इस बजट के तहत यह डिजीटल लाइब्रेरी बनाई जाएगी।

उपायुक्त ने यह भी साफ किया है कि जिले में पहले से 10 लाइब्रेरियां वर्क कर रही हैं, इसके लिए अलावा अब 10 अन्य लाइब्रेरी बनाई जाएगी। उपायुक्त का मानना है कि वह इन सभी प्रोजेक्टों पर तेजी से कार्य कर रहे हैं। साथ ही अप्रैल माह तक इन प्रोजेक्टों को पूरा करने का टारेगट है, जिसे पूरा कर लिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### सिक्योरिटी गाड्र्स के लिए कैंपस इंटरव्यू 6 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला रोजगार अधिकारी राजेश मैहता ने जानकारी देते हुए बताया कि एसआईएस सिक्योरिटी, द्वारा सिक्योरिटी गाड्र्स के 100 पदों हेतु 6 जनवरी को उप-रोजगार कार्यालय घुमारवीं, तथा 8 जनवरी को उप-रोजगार कार्यालय श्री नैना देवी जी में 10:30 बजे से कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि उम्मीदवार की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10जी पास व मासिक मानदेय 17000 रुपए से लेकर 20000 रुपए तक दिया जाएगा तथा उम्मीदवार की न्यूनतम ऊंचाई 168 सेमी एवं वजन 52 किग्रा होना अनिवार्य है। उमीदवार की आयु 19 से 40 वर्ष होनी चाहिए तथा केवल पुरुष उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों सहित 6 जनवरी को उप-रोजगार कार्यालय घुमारवीं, तथा 8 जनवरी को उप-रोजगार कार्यालय श्री नैना देवी जी, पहुंच कर कैंपस इंटरव्यू में भाग ले सकते है। उन्होंने बताया कि उम्मीदवार का एंप्लॉयमेंट एक्सचेंज के पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए एसआईएस सिक्योरिटी, बिलासपुर के अधिकारी को 8558062252 पर संपर्क कर सकते है।

### 13.29 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** पुलिस की स्पेशल डिटैक्शन टीम ने कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर मंडी-भराड़ी के पास नाकाबंदी के दौरान एक कार से 13.29 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस की स्पेशल डिटैक्शन टीम ने कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर मंडी-भराड़ी के पास गत देर रात को नाका लगाया था तथा आने-जाने वाले वाहनों का निरीक्षण किया जा रहा था। इस दौरान एक कार नंबर एच.पी.33बी-7787 आई। इस कार में दो लोग सवार थे। पुलिस ने जब पुलिस ने कार की तलाशी ली तो उनसे चिट्टा बरामद किया। आरोपियों की पहचान रोहित धीमान (27) निवासी सुंदरनगर व भारती गुलेरिया (23) निवासी भंगरोटू तहसील बल्ह जिला मंडी के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई के लिए थाना सदर पुलिस के हवाले कर दिया है।

# घुमारवीं में बहुउद्देश्यीय हॉल का काम चार साल बाद भी नहीं हो पाया पूरा

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) घुमारवीं में बन रहे बहुउद्देश्यीय हॉल का काम चार साल बीत जाने के बाद भी पूरा नहीं हो पाया है। मौजूदा स्थिति की बात करें तो। इन बीते चार सालों में इस बहुउद्देशीय हॉल का आधा ढांचा भी बनकर तैयार नही हो पाया है। अभी तक मात्र इस हाल के पिलर ही खड़े हो पाए थे कि इस हाल का निर्माण कार्य बंद कर दिया गया। जिस वजह से छात्र आज भी इस बहुउद्देशीय हाल में मिलने वाली सुविधाओं से मरहूम है।

बता दें कि इस बहुउद्देशीय हॉल का शिलान्यास 2020 में तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने किया था, जिसके लिए तत्कालीन सरकार द्वारा 4.35 करोड़ रुपए का बजट मंजूर किया गया था। शिलान्यास के कुछ समय बाद इस हॉल का काम तो शुरू हो गया, लेकिन बीते 4 साल में पूरा नहीं हो पाया। पिछले एक साल से यह बहुउद्देशीय हाल आधे-अधूरे ढांचे के रूप में खड़ा सब का मुंह चिढ़ा रहा है। इस बहुउद्देशीय हाल के दोनों तरफ खेल के मैदान है जहां पर अक्सर बच्चे खेलों का अभ्यास करते हैं, जबकि इस निर्माण कार्य के दोनों तरफ निर्माण सामग्री पड़ी हुई है जिससे हमेशा बच्चों को चोट लगने का खतरा बना रहता है। पिछले करीब एक साल से इस बहुउद्देशीय हॉल का काम पूरी तरह से बंद है। जिस वजह से स्कूली छात्र इस बहुउद्देशीय हाल में मिलने वाले बैडमिंटन कोर्ट तथा कबड्डी कोर्ट जैसी खेल सुविधाओं से वंचित है।

> **पिछले** करीब एक साल से इस बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण कार्य बंद है। विभाग को कई बार लिखा जा चुका है, लेकिन विभाग बजट न होने की बात कहता है। इस हाल के निर्माण से छात्रों को बैडमिंटन कोर्ट तथा कबड्डी कोर्ट के जैसी सुविधाएं मिलनी थीं।
> **अरविंद कुमार शर्मा (वॉइस प्रिंसिपल, बाल स्कूल घुमारवीं)**

> **बजट** के अभाव में अभी इस बहुउद्देशीय हॉल का काम रुका हुआ है, लेकिन बजट का प्रावधान होते ही इस बहुउद्देशीय हॉल का काम एक बार फिर से शुरू कर दिया जाएगा।
> **अनुज पाराशर (सहायक अभियंता, लोक निर्माण विभाग घुमारवीं)**

### धूमधाम से मनाई बाबा प्रेम गिरि महाराज की 22वीं बरसी

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता उपमंडल की ग्राम पंचायत सुन्हाणी में स्थित प्रख्यात शिव गौरी मंदिर नागा बाबा कुटिया सुन्हाणी में बाबा प्रेम गिरि महाराज की 22वीं बरसी पहली जनवरी को धूमधाम से मनाई गई। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और बाबा प्रेम गिरि महाराज जी का आशीर्वाद प्राप्त किया।



इस मौके पर संत समाज के अर्भय गिरि जी महाराज मुख्य रूप से वार्षिक भंडारे में शामिल हुए। मंदिर में हवन-यज्ञ के आयोजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। वर्तमान में शिव गौरी मंदिर के महंत बाबा अर्भय गिरि जी महाराज सेक्रेटरी दसनाम जूना अखाड़ा ने बताया कि बाबा जी की बरसी में प्रदेशभर के दर्जनों संत, उनके भक्त व स्थानीय संगत ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। चूना अखाड़े से आए बाबा ने बताया कि बाबा प्रेम गिरि महाराज की 22वीं बरसी सुन्हाणी में बड़ी धूमधाम से मनाई गई यह महंत अर्भय गिरि जी महाराज गिरी सेक्रेटरी दसनाम जूना अखाड़ा के नेतृत्व में मनाई गई। जिनमें महंत निरंजन गिरी जी का विशेष आशीर्वाद प्राप्त हुआ। इसमें प्रदेश के बड़े महंत व पदाधिकारी शामिल हुए। इस पर्व को बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में देश प्रदेश के अनेक संत महात्मा आते हैं जिनके दर्शन करने क सौभाग्य हमें प्राप्त होता है। आज भी हजारों श्रादालु बाबा के दर्शन करने के लिए यहां आए हैं।

### सरकार के 2 वर्ष के कार्यकाल में तकनीकी शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण उपलब्धियों का कार्यान्वयन

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने प्रदेश सरकार के 2 वर्ष के कार्यकाल के दौरान तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास क्षेत्र में किए गए महत्वपूर्ण कार्यों व उपलब्धियों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि वर्तमान में तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत कुल 363 संस्थान कार्यशील हैं, जिनमें 5 इंजीनियरिंग कॉलेज, 5 फार्मेसी कॉलेज, 17 पॉलीटेक्निक, 152 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, और 01 मोटर ड्राइविंग एवं हैवी अर्थ मूविंग मशीनरी ऑपरेटर स्कूल सरकारी क्षेत्र में, जबकि 7 इंजीनियरिंग कॉलेज, 18 फार्मेसी कॉलेज, 8 पॉलीटेक्निक, 17डी फार्मेसी कॉलेज और 133 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान निजी क्षेत्र में कार्यरत हैं। राजकीय फार्मेसी कॉलेज सुलह और राजकीय पॉलीटेक्निक जंदौर को क्रमश: 2023-24 और 2024-25 से शैक्षिक सत्र से आरंभ किया गया है। इसके अतिरिक्त, राजकीय हाईड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बांदला में कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस), राजकीय पॉलीटेक्निक रोहडू में कंप्यूटर इंजीनियरिंग और आईओटी डिप्लोमा कोर्स और राजकीय पॉलीटेक्निक चंबा में मेकाट्रोनिक्स डिप्लोमा कोर्स भी इस सत्र से शुरू किए गए हैं। ज्वाहरलाल नेहरू राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज सुंदरनगर के चार कोर्स सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, टेक्सटाइल इंजीनियरिंग, और मैकेनिकल इंजीनियरिंग को नेशनल बोर्ड ऑफ एक्रेडिटेशन से मान्यता प्राप्त हुई है।

मंत्री ने यह भी बताया कि राजकीय पॉलीटेक्निक के 38 छात्रों और विभिन्न इंजीनियरिंग कॉलेजों तथा पॉलीटेक्निक संस्थानों के 20 संकायों को आईआईटी मंडी में एक सप्ताह का रोबोटिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। इसके अलावा, 20 संकायों को सेमिकंडक्टर इकोसिस्टम के लिए आईआईटी रोपड़ और दिल्ली भेजा गया है, और 10 संकायों और 6 छात्रों को भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान ऊना में मशीन लर्निंग और उसके अनुप्रयोग पर प्रशिक्षण प्राप्त हुआ।

### 8 बोतलें अंग्रेजी शराब बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** थाना सदर पुलिस ने गश्त के दौरान मंडी-भराड़ी में एक कार से 8 बोतलें अंग्रेजी शराब की बरामद की हैं। जानकारी के अनुसार थाना सदर पुलिस ने कीरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर नाका लगाया था तथा आवागमन करने वाले वाहनों का निरीक्षण किया जा रहा था। इस दौरान एक कार नंबर एचआर11पी-2325 आई। जिसे पुलिस ने निरीक्षण के लिए रोका। तलाशी के दौरान कार से यह शराब बरामद की। पुलिस ने कार चालक से जब इसका परमिट मांगा तो वह कोई कागज पेश नहीं कर पाया। जिस पर पुलिस ने कार चालक हनुबंत सिंह निवासी सरगथल जसील गोहाना जिला सोनीपत-हरियाणा के विरुद्ध थाना सदर में मामला दर्ज कर लिया। डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि थाना सदर पुलिस द्वारा मामले की आगामी कार्रवाई की जा रही है।

**सुविधा** लैब में ड्रोन, एयरक्राफ्ट के वर्किंग मॉडल, टेलिस्कोप, वर्किंग रोबोट, थ्री डी पिंटर का सीखा कार्य

# घुमारवीं स्कूल में बनीं स्पेस लैब बच्चों के लिए वरदान साबित

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

ग्रामीण विद्यार्थियों को साइंस एंड टैक्नोलॉजी के प्रति प्रोत्साहित करने के मकसद से शुरू की गई स्पेस लैब में बच्चों के लिए वरदान साबित हो रही हैं। हिमाचल प्रदेश की पहली स्पेस लैब में बच्चे अलग-अलग मॉडल्स से विज्ञान की बारीकियां सीखने के साथ ही टेलिस्कोप से खगोलीय घटनाओं को भी निहारते हैं।

जी हां, हम बात कर रहे हैं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक छात्र पाठशाला घुमारवीं की। इस स्कूल में वर्ष 2023 स्पेस लैब बनाई गई है। 10 लाख रुपए की लागत से बनी लैब में कक्षा छठी से जमा दो तक के बच्चे अंतरिक्ष विज्ञान की खूबियां जानते हैं। स्पेस लैब में ड्रोन, एयरक्राफ्ट के वर्किंग मॉडल, टेलिस्कोप, वर्किंग रोबोट, थ्री डी पिंटर के अलावा कुछ अन्य वर्किंग मॉडल हैं। यहां छात्रों को सिर्फ ड्रोन और एयरक्राफ्ट उड़ाना ही नहीं बताया जाता, बल्कि ये बनते कैसे हैं, काम कैसे करते




हैं, इसकी भी जानकारी दी जाती है। इसरो के चंद्रयान, मंगलयान मिशन के बारे में विद्यार्थियों को सिर्फ किताबों या ब्लैक बोर्ड पर नहीं पढ़ाया जाता, बल्कि प्रोजेक्ट्स के मॉडल दिखाकर समझाया जाता है।

यहां अब तक 900 से ज्यादा बच्चों को अंतरिक्ष और रोबोटिक्स के गूढ़ रहस्यों के बारे में बताया जा चुका है। अब शैक्षणिक टूर के लिए जिला बिलासपुर के अन्य स्कूलों के बच्चे यहां आते हैं। बच्चे अंतरिक्ष का नजारा देखते हैं। बच्चे ही उन्हें अंतरिक्ष विज्ञान की बारीकियां समझाते हैं। इस स्कूल से एक बच्चा ने इसरो, अहमदाबाद का भ्रमण कर चुका है। जहां उसे अंतरिक्ष के विषय में जानकारी दी गई थी। (अनंत ज्ञान)

#### चंद्रयान-3 की सफलता के बाद आया विचार

**वर्ष** 2018 बैच की आईएएस अधिकारी एवं बिलासपुर की अतिरिक्त उपायुक्त डा. निधि पटेल ने अंतरिक्ष शिक्षा लाने के लिए प्रेरित होकर इस पहल की शुरुआत की है। बच्चों को अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, विज्ञान और अनुप्रयोगों की बुनियादी जानकारी देने के लिए स्पेस लैब का विचार चंद्रयान-3 की सफलता के बाद आया और यह बच्चों के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत बन गया। इस पहल के तहत बिलासपुर प्रशासन ने 10 लाख रुपए की राशि आबंटित की, जिससे घुमारवीं ब्वॉयज स्कूल में यह स्पेस लैब स्थापित की गई और बच्चों को एक नया सीखने का अवसर मिला। अब प्रशासन ने जिला में पांच नई लैब विकसित करने का निर्णय लिया है। इन स्कूलों में स्पेस लैब खोलने के लिए कमरों की व्यवस्था कर दी गई है। प्रत्येक लैब पर 10 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। लैब शुरू होने के बाद विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के लिए स्पेशल ट्यूटर प्रोग्राम भी चलाए जाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### रेडक्रॉस ने निकाला मिंजर मेले का लकी ड्रॉ


"RED CROSS RAFFLE DRAW-2024"

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में जिला रेड क्रॉस सोसायटी के सौजन्य से मंगलवार को बचत भवन में अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेला -2024 का लकी ड्रॉ निकाला गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मेहरा, सहायक आयुक्त पीपी सिंह, एसडीएम चंबा प्रियांशु खाती, जिला राजस्व अधिकारी जगदीश सांख्यान सहित उपायुक्त कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान 10 विभिन्न विजेता प्रतिभागियों के इनामों को लेकर लकी ड्रॉ निकाले गए।

### डलहौजी में नववर्ष के जश्न को उमड़े सैलानी

**अनंत ज्ञान, डलहौजी।** हिमाचल प्रदेश की पर्यटक नगरी डलहौजी में नववर्ष के जश्न के उमड़ी भीड़ के चलते ट्रैफिक व कानून और सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस जवानों की तैनाती की गई है। मंगलवार को दिन भर पुलिस के जवान ट्रैफिक जाम की दृष्टि से संवेदनशील जगहों पर व्यवस्था को बेहतर बनाने में जुटे दिखे। पुलिस के जवानों ने जहां गाइड की भूमिका निभाई वहीं पर्यटकों को चिंहित जगहों पर वाहन पार्क करने की जानकारी दी। पर्यटकों की सुविधा के लिए डलहौजी के गांधी चौक, सुभाष चौक और बस स्टैंड के आसपास विशेष पार्किंग स्थलों की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही पुलिस जवान शहर में लगातार गश्त भी कर रहे हैं। बताते चलें कि नववर्ष का जश्न मनाने के लिए पर्यटकों की भीड उमडऩे से पर्यटन नगरी डलहौजी में बर्फीली वादियों में रौनक देखने को मिल रही है। शहर में कामकाज के रफ्तार पकडऩे से होटल कारोबारियों के चेहरे भी खिल उठे हैं। नववर्ष के मौके पर शहर के विभिन्न होटलों में पर्यटकों के लिए बोन फायर सहित विभिन्न मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### खजियार में उमड़ा पर्यटकों का सैलाब

**अनंत ज्ञान, चंबा।** पर्यटन स्थल खजियार में नववर्ष का जश्न मनाने के लिए पर्यटकों का सैलाब उमड़ पड़ा है। इससे खजियार के तमाम होटल व होम स्टे पैक हो गए हैं। शनिवार को पर्यटकों ने खजियार मैदान में बिछी बर्फ की सफेद चादर पर नाच-गाकर खूब मस्ती की। पर्यटकों ने ठंड से बेपरवाह होकर बर्फ में अठखेलियां करने के साथ ही इन यादगार पलों को वीडियो कॉल के जरिए अपने दोस्तों व परिजनों के साथ भी सांझा किया। खजियार में नववर्ष का जश्न मनाने को उमड़ी भीड़ से होटल कारोबारियों के चेहरे भी खिल उठे हैं। साथ ही रेहड़ी-फड़ी वालों का काम धंध भी रफ्तार पकड़ गया है। मंगलवार को भारी तादाद में पर्यटक खजियार में नववर्ष का जश्न मनाने को पहुंचे हैं। इससे खजियार की हसीन वादियां पर्यटकों की चहलकदमी से गुलजार हो उठी है। पर्यटकों की भीड़ उमडऩे से खजियार में ट्रैफिक और कानून व्यवस्था को बेहतर रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती भी की गई है। मंगलवार को खजियार मैदान पर्यटकों की भीड़ से खचाखच भरा रहा। पर्यटकों ने बर्फ में मस्ती करने के साथ ही नाच-गाकर इन पलों को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

### बच्चों की पढ़ाई पर शिक्षकों-अभिभावकों में संवाद

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जनजातीय क्षेत्र भरमौर के शीतकालीन स्कूलों में वार्षिक परीक्षा के परिणाम के साथ शिक्षा संवाद किया गया। राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरमौर की प्रधानाचार्या अरुणा चाड़क ने बताया कि गैर बोर्ड कक्षाएं पहली से आठवीं तक की परीक्षाओं का मंगलवार को परिणाम घोषित किया गया है। जबकि, नवमी से बारहवीं तक की कक्षाओं की परीक्षाएं मार्च 2025 में आयोजित की जाएंगी। सत्र के आखिरी शिक्षा संवाद में अभिभावकों ने भी भाग लिया। इसमें बच्चों की पढ़ाई की गुणवत्ता पर अपने विचार एवं सुझाव भी दिए। इस अवसर पर अध्यापकों में रेखा वैद्य, ओम प्रकाश, विवेक कुमार, विजय कुमार, जगपाल चौहान, मंजीत सिंह, शंकर पाल, अशोक अधीक्षक, कल्याण सिंह, अनामिका ठाकुर एवं एसएमसी अध्यक्ष चमन सिंह भी विशेष रूप से मौजूद रहे। छठी कक्षा में प्रथम स्थान पर आशीष, दूसरे पर आदित्य ठाकुर, जबकि तीसरे स्थान पर वरुण कुमार रहे। सातवीं कक्षा में वरुण शर्मा प्रथम, अमन भारद्वाज द्वितीय और रिस्व ठाकुर व कार्तिक तृतीय स्थान पर रहे। आठवीं कक्षा में साहिल भारद्वाज प्रथम, कृष द्वितीय और दक्षित तीसरे स्थान पर रहे।

# विधानसभा अध्यक्ष ने रखी टुंडी स्कूल के भवन की नींव

## बोले, अठारह माह के भीतर बनकर तैयार होगा 5 करोड़ 95 लाख का यह भवन





**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने नववर्ष 2025 के प्रथम दिन राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टुंडी में बनने वाले स्कूल भवन का विधिवत शिलान्यास किया। कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया कि राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय टुंडी में 5 करोड़ 95 लाख रुपए की लागत से बनने वाले स्कूल भवन का निर्माण कार्य 18 माह के भीतर पूर्ण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश का सर्वांगीण एवं संतुलित विकास प्रदेश सरकार की उच्च प्राथमिकता है जिसके तहत भटियात विधानसभा क्षेत्र में भी गत दो वर्षों के दौरान सड़क शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि चुवाड़ी से चंबा के बीच लगभग 7 किलोमीटर लंबी सुरंग का निर्माण करना सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है तथा इसकी फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने के लिए प्रदेश सरकार ने सेतिया वीवरस कंपनी को टैंडर जारी कर दिया है उन्होंने बताया कि सिंहुता से लाहड़ू तक डबल लेन सड़क पर 52.34 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। इसके अलावा समोट-दरम नाला सड़क पर समोट घार में भूस्खलन की रोकथाम के लिए 18.75 करोड रुपए, टुंडी-धरूं सड़क पर 6.17 करोड़ रुपए, बनेट-मोरठू सड़क पर 88 लाख रुपए, भराड़ी-कुर्ला सड़क पर 88 लाख रुपए, सेरला दा बासा वाया पटियां सड़क पर 87 लाख रुपए तथा गांव सामूं के संपर्क सड़क के लिए 89 लाख रुपए खर्च किए जा रहे हैं। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सामुदायिक भवन, लाईब्रेरी भवन, खेल मैदान तथा श्मशान घाट के निर्माण संबंधी मांगों को अतिशीघ्र पूर्ण करने का आश्वासन दिया इस अवसर पर राज्य वन निगम के निदेशक कृष्ण चंद चेला, ग्राम पंचायत टुंडी के प्रधान पवन कुमार, एसडीएम भटियात पारस अग्रवाल, डीएफओ डलहौजी रजनीश महाजन, अधीक्षण अभियंता लोनिवि दिवाकर सिंह पठानिया, जल शक्ति विभाग के अधीक्षण अभियंता राजेश मोंगरा, जिला पर्यटन अधिकारी राजीव मिश्रा, स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य सोमदत्त चौहान स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान रमेश कुमार खंड परियोजना अधिकारी (शिक्षा) पवन कुमार भी उपस्थित थे।

### भटियात में शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास

**विधानसभा** अध्यक्ष ने कहा कि मूलभूत सुविधाओं के विकास की श्रृंखला में प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में ढांचागत विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि पिछले करीब 3 दशकों में भटियात विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास हुआ है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने अपने वर्तमान कार्यकाल में शिक्षकों के विभिन्न वर्गों की लगभग 3500 नई भर्तियां की है। प्रदेश सरकार के वर्तमान कार्यकाल में सबसे ज्यादा भर्तियां शिक्षा विभाग में होने जा रही हैं जिससे निकट भविष्य में इस क्षेत्र में भी शिक्षकों की आवश्यकताओं को पूरा कर लिया जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि प्रदेश सरकार निकट भविष्य में गैस्ट टीचर नीति के तहत शिक्षण संस्थानों में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने जा रही है, ताकि तुरंत प्रभाव से शिक्षकों की कमी को पूरा किया जा सके।

### चलो चंबा वार्षिक कैलेंडर-2025 का विमोचन



**विधानसभा** अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने जिला पर्यटन विकास अधिकारी चंबा तयार किए गए चलो चंबा वार्षिक कैलेंडर-2025 का विमोचन किया। कैलेंडर के संबंध में जानकारी देते हुए जिला पर्यटन अधिकारी राजीव मिश्रा ने बताया कि इस कैलेंडर में जिला चंबा के सुप्रसिद्ध व अनछुए पर्यटक स्थलों को विशेष स्थान दिया गया है, ताकि हिमाचल प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश और दुनिया के लोग जिला चंबा की पर्यटन संबंधी अहमियत को जान सकें।

## लूणा-सैहली सड़क पर खाई में गिरी कार, एक की मौत

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



भरमौर के लूणा-सैहली सड़क पर एक ऑल्टो कार दुर्घटनाग्रस्त होने से उसमें सवार चालक की मौके पर ही मौत हो गई है। यह हादसा बुधवार को दोपहर बाद करीब 1 बजे हुआ। मृतक का नाम दीनों राम पुत्र करमचंद गांव लूणा पंचायत सैहली उम्र 50 वर्ष बताई गई है। जानकारी के मुताबिक ऑल्टो कार नंबर एचपी 7ए1674 सैहली से लूणा की तरफ वापस आ रही थी कि अचानक करुईपढ़ पर मोड़ पर अनियंत्रित होकर तकरीबन 300 मीटर खाई में गिर गई।

जानकारी के मुताबिक मृतक दीनो राम अपने काम को लेकर सैहली से लूणा की तरफ आ रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस दल थाना भरमौर से दुर्घटना स्थल की ओर रवाना हो गया है। घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है और दुर्घटना के कारणों की छानबीन की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया जाएगा।

## होटल कर्मचारी की संदिग्ध मौत पर हुआ बवाल

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा जिले में नए साल की पूर्व संध्या पर एक होटल में पुलिस और कर्मचारियों में झड़प में मैनेजर की मौत हो गई। इस दौरान होटल के कर्मचारियों और मालिक ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। स्थानीय पुलिस के तीन जवानों पर होटल कर्मचारी को मारने का आरोप लगा है। न्यू ईयर पार्टी के दौरान यह विवाद हुआ और फिर हाथापाई और मारपीट में होटल मैनेजर की जान चली गई। लोगों का आरोप है कि पुलिस कर्मचारी होटल में शराब और चिकन मांगने आए थे। उधर, पूरे मामले में विवाद बढ़ता देख एसपी चंबा अभिषेक यादव भी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया। दोपहर तीन बजे के करीब लोग शांत हुए और ट्रैफिक खोला गया। उन्होंने कहा कि बॉडी का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा।

## क्षेत्र का समुचित विकास प्राथमिकता : नैय्यर

### पार्किंग, खेल स्टेडियम, मिनी सचिवालय और हेलिपोर्ट का जल्द शुरू होगा निर्माण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**



विधायक नीरज नैय्यर ने कहा कि लोगों की सुविधा के लिए चंबा शहर में प्रस्तावित वाहन पार्किंग निर्माण, इंडोर खेल स्टेडियम, मिनी सचिवालय भवन तथा सुल्तानपुर में हेलिपोर्ट का निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। नैय्यर बुधवार को चंबा के ऐतिहासिक चौगान के संरक्षण और सौंदर्यीकरण से संबंधित कार्यों एवं विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं को लेकर बचत भवन में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रहे थे। नीरज नैय्यर ने कहा कि चंबा विधानसभा के समुचित विकास को सुनिश्चित बनाना उनकी विशेष प्राथमिकता है। ऐतिहासिक चौगान के संरक्षण और सौंदर्यीकरण से संबंधित कार्यों को विशेष प्राथमिकता के साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों, बुद्धिजीवी वर्ग एवं संबंधित सभी हित धारकों के सुझावों के आधार पर सुनिश्चित बनाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि चंबा शहर की प्रमुख समस्या वाहन पार्किंग से लोगों को निजात दिलाने के लिए पुराने बस स्टैंड में निर्माण कार्य को शुरू करने के लिए सभी विभागीय औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं और जल्द निर्माण कार्य को शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि चंबा शहर में लगभग 6 करोड़ की राशि से पुराने फायर हाइड्रेंट सिस्टम की अपग्रेडेशन का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा तथा विद्युत आपूर्ति लाइनों को भूमिगत करने के लिए विभाग के अधिकारियों को डीपीआर तैयार करने को भी कहा गया है।

विधायक नीरज नैय्यर ने लोगों की मांग पर नए बस स्टैंड से पुराने बस स्टैंड तक हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा अतिरिक्त बस की व्यवस्था करने का भी आश्वासन दिया। बैठक में चिल्ड्रन पार्क (चौगान नंबर 4) के रखरखाव से संबंधित कार्यों को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई।

## कोठीपतन पुल तैयार, जनता कर रही उद्घाटन का इंतजार

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर**



धर्मपुर उपमंडल की ग्राम पंचायत सिद्धपुर के कोठी पतन में पिछले तीन वर्षों से निर्माणाधीन पुल का कार्य पूरा हो चुका है और जनता इस पुल के उद्घाटन का बेसब्री से इंतजार कर रही है। काबिले जिक्र है कि इस पुल के निर्माण पर लगभग 25 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं और एक महीना पहले इसका निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है मगर अभी तक इसका उद्घाटन नहीं हो पा रहा है, जिसकी वजह से लोगों को परेशानी आ रही है।

यहां एक बात और बताना जरूरी है कि धर्मपुर उपमंडल की ग्राम पंचायत बहरी, भरौरी, सिद्धपुर, स्योह, तनहेड व जोगिंद्रनगर उपमंडल की लांगाना, धार, खडिहार व तुलाह इत्यादि पंचायतों के लोगों का आपस में बेटी रोटी का रिश्ता है, जिन्हें अपने रिश्तेदारों के यहां आने-जाने में लगभग 15 किलोमीटर का सफर धर्मपुर होकर तय करना पड़ता है, जबकि इस पुल के तैयार होने से यह दूरी केवल 100 मीटर की रह जाती है। यही नहीं इस पुल का उद्घाटन होने और आवाजाही शुरू होने पर लंबे रूट की बसों का सफर भी कम होगा।

स्थानीय सिधपुर पंचायत प्रधान रीता देवी, बहरी पंचायत प्रधान पूजा देवी, तनहेड पंचायत प्रधान दलेर सिंह, स्योह पंचायत प्रधान प्रीति देवी, बीबीसी सदस्य विपिन कुमार, धर्मपुर पंचायत प्रधान ज्योति देवी इत्यादि पंचायत प्रतिनिधियों ने हिमाचल सरकार से आग्रह किया है कि इस पुल का जल्दी से जल्दी उद्घाटन कर लोगों को समर्पित किया जाए, ताकि लोगों को आने-जाने की सुविधा मिल सके। इस बारे लोक निर्माण मंडल धर्मपुर के कार्यकारी अधिशासी अभियंता नरेंद्र राणा से बात की, तो उन्होंने कहा कि पुल का काम लगभग पूरा हो चुका है और इसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों व विभाग को प्रेषित कर दी गई है।

## डॉ. सुनील बने उपनिदेशक क्वालिटी कंट्रोल

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** पीएम श्री राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर के प्रधानाचार्य डॉ. सुनील दत्त ठाकुर को उपनिदेशक (क्वालिटी कंट्रोल) कुल्लू के पद पर पदोन्नत किया गया है। इस अवसर पर बुधवार को पाठशाला में स्टाफ सदस्यों ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डॉ. सुनील ने कन्या पाठशाला में चार वर्षों तक अपनी सेवाएं दी। उनके कार्यकाल के दौरान पाठशाला को पीएम श्री का खिताब प्राप्त हुआ। बोर्ड परीक्षाओं में पाठशाला की 10 छात्राएं मेरिट सूची में शीर्ष 10 स्थानों पर रहीं। वहीं 10 छात्राओं ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर डॉक्टरी की पढ़ाई में प्रवेश लिया। खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी पाठशाला का प्रदर्शन सराहनीय रहा। 50 से अधिक छात्राएं राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुकी हैं। डॉ. सुनील दत्त ठाकुर को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए पिछले वर्ष राज्य स्तरीय शिक्षा पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। (अनंत ज्ञान)



## परवाड़ा के युवक की गोली लगने से हुई मौत

**सुनील शर्मा, गोहर**

गोहर के परवाड़ा में गत रात एक 32 वर्षीय युवक की रहस्यमय परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना गोहर के अंतर्गत यशवंत सिंह पुत्र नानक चंद निवासी गांव टिक्कर डॉ. परवाड़ा तहसील चच्योट जिला मंडी अपने साथियों हेमराज, कृष्ण चंद, नंद लाल, इंद्र सिंह व चैत राम के साथ शिकार करने गढ़ नाला जंगल में गए थे। घर वापस पर करीब 7 बजे रात गढ़नाला जंगल के पास हेमराज के हाथ में बंदूक थी, उसका पांव फिसला व बंदूक का पिछला भाग नीचे जमीन पर लगा, जिससे बंदूक से गोली चली और चैत राम की बांई टांक में घुटने के पास पीछे लगी तथा टांग से खून निकलने लगा। चैत राम को सिविल अस्पताल बगस्याड ले आए जहां पर डाक्टर साहब ने चैतराम को मृत घोषित कर दिया। यह हादसा हेमराज पुत्र लुदरमणी गांव सील की लापरवाही के कारण हुआ। थाना पर धारा 125, 106 बीएनएस व 25-54-59 शस्त्र अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। गोहर थाना पुलिस ने सूचना मिलने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इसके साथ ही घटनास्थल का दौरा करके साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

## टीबी उन्मूलन कार्यक्रम लोगों को किया जाएगा जागरूक

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

स्वास्थ्य विभाग घुमारवीं के तहत राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान को सफल बनाने के लिए विभाग की टीमें गांव-गांव में जाकर लोगों का एक्स-रे वह मॉन्टेक्स तथा साइ टेस्ट किया जाएगा।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेश जसवाल ने बताया कि यह अभियान 7 दिसंबर से शुरू हो चुका है और 17 मार्च तक चलेगा। 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान में 16 कैटेगरी के संभावित मरीजों की पहचान की जाएगी। जिसमें 60 साल से अधिक आयु के व्यक्तियों, टीबी रोगियों के नजदीक रहने वाले उनके परिवार के सदस्यों इसके अलावा कुपोषित व्यक्तियों शुगर तथा एचआईवी इत्यादि गंभीर रोगों से ग्रस्त व्यक्तियों की विशेष रूप से टीबी रोग संबंधी जांच की जाएगी। इसके लिए विभाग द्वारा विशेष शिविर अयोजित किए जा रहे हैं। जहां पर उच्च जोखिम वाले लोगों का एक्स-रे तथा साइ टेस्ट और मॉन्टोक्स टेस्ट किए जाएंगे, ताकि बीमारी का जल्दी पता लगाया जा सके और जल्दी इलाज शुरू किया जा सके।

आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर इन कैटिगरीज के लोगों का बलगम का सैंपल भी लेगी। इस प्रोग्राम के तहत खंड घुमारवीं के अंतर्गत 4 जनवरी को स्वास्थ्य उपकेंद्र ननावा, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुहमझवार, 5 जनवरी को स्वास्थ्य उप केंद्र रोहिणी और मल्यावर, 6 जनवरी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरलोग, स्वास्थ्य उप केंद्र चुराडी, 7 जनवरी को स्वास्थ्य उपकेंद्र तनथा और 8 जनवरी को स्वास्थ्य केंद्र तीयून खास,और स्वास्थ्य उपकेंद्र कोठी, 9 जनवरी को स्वास्थ्य उपकेंद्र दाबला और कसोहल, 10 जनवरी को स्वास्थ्य उपकेंद्र बदाघाट और नसवाल में यह कैंप अयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने सभी से अपील है की इन कैंपों में ज्यादा से ज्यादा लोग आए, ताकि लक्षण देखकर टेस्ट किया जा सके और हिमाचल को टीबी मुक्त किया जा सके।

## विधायक चंद्रशेखर के पिता का निधन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**



धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक चंद्रशेखर के पिता काहन सिंह (82) का बुधवार सुबह लंबी बीमारी के उपरांत उनके पैतृक निवास स्थान बहरी में देहांत हो गया।

उन्होंने वन विभाग में अधीक्षक के पद पर अपनी सेवाएं प्रदान की थीं। उनका कांडापतन स्थित श्मशानघाट में अंतिम संस्कार कर दिया गया, उन्हें क्षेत्र भर से एकत्रित हुए सैकड़ों लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी। उनके निधन पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में भगवान से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### सूडोकु 0034 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0033 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

2 जनवरी, 2025, वीरवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** अमांत, **तिथि** तृतीया (01:10): **नक्षत्र** श्रवण (11:11), **पक्ष :** शुक्ल, **योग :** हर्षण (02:57) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:04-12:45), **राहुकाल** (01:42 -03:00)।

### विशेष दिन

- 2 जनवरी 2025 : उर्स मेला आज से।
- 3 जनवरी : विनायक चतुर्थी कल।

**मेष:** आज अप्रत्याशित रूप से काफी खर्च हो सकता है। आप कोई ऐसी चीज खरीद सकते हैं जिसकी आपको जरूरत नहीं है।

**वृषभ:** आपको आज कुछ नई वित्तीय योजनाएं पता चलेंगी। अगर एक बार आप सोच समझकर कोई फैसला ले लें तो उसे कार्यान्वित करने में हिचकिचाएं नहीं।

**मिथुन:** आज समय अनुकूल हैं। थोड़ी-सी मेहनत से पूरा फल मिलने की संभावना हैं। आज परिजनों का सहयोग मिलेगा।

**कर्क:** यह आपके लिए अपने अंतर्मन में झांकने का बहुत अच्छा समय है और आपको इसका उपयोग अपनी कमियां दूर करने के लिए करना चाहिए।

**सिंह:** आज आत्मविश्वास की अधिकता रहेगी। पुरानी बातों में उलझे रहने के स्थान पर बदलाव के लिए जो कुछ जरूरी है उस पर फोकस करें।

**कन्या :** आज का दिन भावनात्मक रहेगा। आपको अपनी भावनाओं और विचारों को व्यक्त करने की स्थिति भी आ सकती है।

**तुला:** आज आपको भावनात्मक संतुष्टि मिलेगी। आपका कोई करीबी भी आज भावनाओ में बहकर बात करेगा। शारीरिक कष्ट कम होगा।

**वृश्चिक:** आज अकेलापन खत्म हो सकता हैं और रिश्तों में मजबूती आएगी। आज आप काफी अच्छे मूड में रहेंगे। क्रोध न करें और मन को शांत रखें।

**धनु :** आज आप खुद को उलझन में फंसा हुआ महसूस करेंगे। शिक्षार्थियों के लिए दिन अच्छा है। आज रोमांस आपके दिलो-दिमाग पर छाया रहेगा।

**मकर :** आज कही घूमने का प्लान बना सकते हैं। बेकार की बातों में बहस न करें। आपके वरिष्ठ अधिकारी आप पर नजर रखे हुए हैं।

**कुंभ :** आज आप अपने प्रति ईमानदार रहें क्योंकि इसी से आप हरेक स्थिति में खुश रह पाएंगे। परिवार में किसी सदस्य की तबीयत बिगड़ सकती है।

**मीन :** आप आज कल्पनात्मक रहेंगे। कार्यस्थल की ओर से किसी अन्य स्थान की यात्रा का मौका मिल सकता है। आपकी रोमांटिक प्रवृत्ति उजागर होगी।

**समझौता** — राष्ट्रीय औषधीय पौध बोर्ड एनएमपीबी के तहत औषधीय पौधों के संरक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में उठाया कदम

## आरसीएफसीएनआर-1 ने किया वल्लभ कॉलेज के साथ एमओयू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिमाचल प्रदेश क्षेत्रीय सह सुविधा केंद्र उत्तर क्षेत्र-1, आरसीएफसीएनआर-1 ने राष्ट्रीय औषधीय पौध बोर्ड एनएमपीबी के तहत औषधीय पौधों के संरक्षण और सतत विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इसके तहत आरसीएफसीएनआर-1 और मंडी के सरकारी वल्लभ कॉलेज के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।



एमओयू पर हस्ताक्षर करने के बाद डॉ. अरुण चंदन और डॉ. तारा सेन व अन्य।

इस पहल का उद्देश्य छात्रों को औषधीय पौधों के संरक्षण और सतत खेती में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है, साथ ही इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में उनके व्यावसायिक कौशल को सुदृढ़ करना है। समारोह में कॉलेज के प्राचार्य की ओर से डॉ. तारा देवी सेन ने प्रतिनिधित्व किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में पूर्व डीनए यूएचएफ यूनिवर्सिटी ऑफ हॉर्टिकल्चर एंड फॉरेस्ट्री प्रो. कमल शर्मा, करण जम्वाल और उज्ज्वल दीप शर्मा भी उपस्थित रहे। जिन्होंने इस सहयोगात्मक प्रयास को अपना समर्थन दिया। आरसीएफसीएनआर-1 के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अरुण चंदन ने इस साझेदारी को लेकर अपनी आशावादिता व्यक्त करते हुए डॉ. तारा देवी सेन के प्रयासों की सराहना की।

उन्होंने कहा कि डॉ. तारा सेन जैव विविधता संरक्षण के क्षेत्र में पहले से ही उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं। इस एमओयू के साथ, हम समुदायों महिला समूहों और स्वयं सहायता समूहों एसएचजी को औषधीय पौधों के संरक्षण और खेती के माध्यम से आजीविका को बढ़ावा देने के लिए अधिक प्रभावी ढंग से सशक्त कर सकते हैं। यह साझेदारी न केवल छात्रों, शोधकर्ताओं और स्थानीय समुदायों के लिए जागरूकता, शोध और औषधीय पौध संसाधनों के व्यावहारिक अनुप्रयोगों के नए अवसर प्रदान करेगी, बल्कि हिमाचल प्रदेश में जैव विविधता संरक्षण और सतत आजीविका को बढ़ावा देने के व्यापक लक्ष्यों के साथ भी मेल खाती है।

वल्लभ कालेज की प्राचार्य सुरिना शर्मा ने इस नई शुरुआत पर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और इसे वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी के छात्रों के लिए नई संभावनाओं का द्वार बताया। आरसीएफसीएनआर-1 एनएमपीबी क्षेत्र के समुदायों और संस्थानों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और औषधीय पौधों के संरक्षण और खेती के माध्यम से उज्ज्वल भविष्य की दिशा में काम कर रहा है।

**सच्चा** बलवान तो वही होता है, जिसने अपने मन पर पूरी तरह से नियंत्रण कर लिया हो। -विनोबा भावे

## संपादकीय

### जीवन रेखाएं सड़कें

सड़कें जीवन रेखाओं की तरह होती हैं जो हमारे दैनिक जीवन को सुगम और सुविधाजनक बनाती हैं। सड़कें न केवल यातायात के लिए, एक महत्वपूर्ण माध्यम हैं, बल्कि वे हमारे आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक विकास में भी अहम भूमिका निभाती हैं। बड़ी खुशी की बात है कि व्यापक विकास से हिमाचल प्रदेश की सड़क व्यवस्था में सुधार होने जा रहा है। निश्चित रूप से सरकार के इन प्रयासों से लोगों को बेहतर यात्रा सुविधा मिलेगी। हिमाचल प्रदेश की सड़कों की दशा अब सुधरने वाली है। सब ठीक रहा तो 2025-26 के वित्तीय वर्ष में सड़कों के मूलभूत ढांचे में बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। सुक्खू सरकार लोगों को बेहतर यातायात सुविधा देने के लिए कई योजनाओं पर काम कर रही है। पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर विक्रमादित्य सिंह के दावों पर यकीन करें, तो आने वाले वर्ष में 500 नई सड़कों का निर्माण किया जाएगा, जिसमें 300 किलोमीटर सड़कें नाबार्ड योजना के तहत बनेंगी, जबकि 200 किलोमीटर सड़कों का निर्माण मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत होगा।

सरकार सड़कों की क्वालिटी को बेहतर बनाने पर भी फोकस कर रही है। प्रदेश में 625 किलोमीटर सड़कों पर टारिंग शुरू की जाएगी। 50 नए पुल और 35 नए भवनों का निर्माण भी सरकार करवाएगी। वार्षिक मरम्मत योजना के तहत 1800 किलोमीटर सड़कों की मरम्मत और अपग्रेडेशन होगा। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 10 वर्गमीटर पैक वर्क किया जाएगा, जिससे 3500 किलोमीटर सड़कें गड्ढा मुक्त किया जाएगा। पीएमजीएसवाई-3 योजना के तहत 2000 किलोमीटर सड़कों का अपग्रेडेशन किया जाएगा और पीएमजीएसवाई-4 योजना के तहत 900 किलोमीटर सड़कों की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट यानी डीपीआर तैयार की जाएगी। सड़कें यातायात और संचार के लिए एक महत्वपूर्ण माध्यम होती हैं। वे लोगों, वस्तुओं और सेवाओं को एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने में मदद करती हैं। ये आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं तथा व्यापार और उद्योग को बढ़ावा देने में मदद करती हैं। साथ ही लोगों को रोजगार के अवसर भी देती हैं। यही नहीं, सामाजिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

वे लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य सामाजिक सेवाओं तक पहुंचाने में मदद करती हैं। इसके अलावा सड़कें लोगों को तरह-तरह की संस्कृतियों और परंपराओं के बारे में जानने और समझने में मदद करती हैं। हालांकि, सड़कों के निर्माण और रखरखाव में कई चुनौतियां भी हैं। वित्तीय संसाधनों की कमी सबसे बड़ी चुनौती मानी जाती है। सड़कों के निर्माण और रखरखाव के लिए वित्तीय संसाधनों की कमी कभी नहीं खलनी चाहिए, क्योंकि पैसे के बिना सड़कों का रखरखाव करना तथा उन्हें समय-समय पर अपग्रेड करना मुश्किल होता है। पैसे की कमी की वजह से कई सड़क निर्माण आधे-अधूरे ही छोड़ दिए जाते हैं, जिसका खामियाजा लोग परेशानी के रूप में भुगतते हैं। सड़कों के निर्माण और रखरखाव से पर्यावरण पर प्रभाव पड़ सकता है, जैसे कि ध्वनि प्रदूषण, वायु प्रदूषण और जल प्रदूषण। जितने ज्यादा वाहन चलेंगे उतना शोर-शराबा मचता है तथा तरह-तरह के हॉर्नों की चिल्ल-पों से लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ता है, खासकर सड़कों के किनारे वास करने लोगा ध्वनि प्रदूषण की चपेट में ज्यादा आते हैं। सड़कों पर सुरक्षा चिंताएं भी एक बड़ी समस्या है, जैसे कि दुर्घटनाएं, हताहत और मृत्यु।

सड़क पर वाहन चलाना तथा पैदल चल रहे लोगों की जिंदगी बचाना बड़ा चैलेंज होता है। सड़कों पर ट्रैफिक जाम यातायात की गति को धीमा कर देता है और लोगों को परेशानी का कारण बनता है। इन चुनौतियों का समाधान करने के लिए हमें सड़कों के निर्माण और रखरखाव में नवाचार और तकनीक का उपयोग करना चाहिए। हमें सड़कों के निर्माण और रखरखाव के लिए वित्तीय संसाधनों की व्यवस्था करनी चाहिए और पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए कदम उठाने चाहिए। सड़कों पर सुरक्षा चिंताओं को दूर करने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए और यातायात की भीड़ को कम करने के लिए समाधान ढूंढने चाहिए। चूंकि परिवहन अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, इसलिए सड़कों का गुणवत्तापूर्ण होना लाजिमी है। सड़कें हमारा जीवन सुखमय बनाती हैं और वे हमें जिंदगी जीने की राह दिखाती हैं। आओ हम सब मिलकर सड़कों के रखरखाव का बीड़ा उठाएं।

# भारत के लिए 2025 परिवर्तनकारी समय है



एक विकसित राष्ट्र के रूप में भारत के लिए 2025 एक परिवर्तनकारी समय है। भारत अपने इतिहास के एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है। 21वीं सदी भारत की सदी होगी, क्योंकि देश अपनी क्षमताओं पर विश्वास करते हुए भविष्य की ओर देख रहा है। यह आज विश्व की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और 2027 तक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, क्योंकि इसका सकल घरेलू उत्पाद 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर (आईएमएफ अनुमान) से अधिक हो जाएगा। वर्ष 2047 तक भारत एक विकसित राष्ट्र के सभी लक्षणों के साथ 30 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।



लेखक : संजय गोस्वामी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

यह विकसित भारत होगा। परिवर्तनकारी समय का महत्व राष्ट्रों के इतिहास में, एक परिवर्तनकारी समय आता है, जब कोई राष्ट्र उस क्षण का लाभ उठाता है और तीव्र विकास प्राप्त करता है। उनमें से कुछ हैं जापान द्वितीय विश्व युद्ध के बाद, 1950 और 60 के दशक में जापान में उल्लेखनीय परिवर्तन आया, यह अभूतपूर्व तीव्र आर्थिक विकास का दौर था, जिसे अक्सर 'जापानी युद्धोत्तर आर्थिक चमत्कार' के रूप में संदर्भित किया जाता है। इस अवधि ने जापान को एक अग्रणी वैश्विक अर्थव्यवस्था के रूप में आगे बढ़ाया तथा इसे वैश्विक आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित किया। जर्मनी 1950, 60 और 70 के दशकों में जर्मन आर्थिक स्थिति में बदलाव आया, जिसे विर्टशाफ्टस्वंडर या 'आर्थिक चमत्कार' के रूप में भी जाना जाता है, जो तीव्र आर्थिक विकास और बढ़ते जीवन स्तर का काल था। तब से, जर्मनी दुनिया की सबसे प्रतिस्पर्धी प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है, जो अपने मजबूत विनिर्माण आधार और तकनीकी कौशल के लिए जाना जाता है। सिंगापुर एक विकासशील देश से सिंगापुर ने 1960 और 70 के दशक में खुद को बदल लिया और दुनिया के सबसे अमीर देशों में से एक बन गया, तथा एशिया में तकनीकी रूप से सबसे उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन गया।

दक्षिण कोरिया युद्धग्रस्त, कृषि और आर्थिक रूप से विपन्न देश से एक परित्यक्त राज्य में तब्दील हुए दक्षिण कोरिया ने 1960 के दशक से 1990 के दशक तक अपनी अर्थव्यवस्था में नाटकीय परिवर्तन किया, जिसे विश्व स्तरीय कंपनियों के साथ 'हान नदी पर चमत्कार' के रूप में जाना जाता है। वह परिवर्तन के महत्व को जानते थे और उन्होंने उस अवसर का उपयोग आर्थिक दिग्गज बनने के लिए किया। भारत भी ऐसे ही अवसर के कगार पर है। भारत का अवसर-एक महत्वपूर्ण मोड़ यह भारत का अमृत काल है। भारत कई क्षेत्रों में रूपांतरित हो चुका है और उन्नति के लिए तैयार है। पिछले कुछ वर्षों में नीतियों और योजनाओं के माध्यम से सामाजिक-आर्थिक बुनियादी ढांचे का व्यापक विस्तार हुआ है, जैसे समग्र शिक्षा और विश्वविद्यालयों, आईआईटी, आईआईएम, मेडिकल और नर्सिंग कॉलेजों का विस्तार, कौशल विकास (प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना) आदि। पिछले दशक में विश्वविद्यालयों और कॉलेजों की संख्या में कई गुना वृद्धि हुई है, और आज भारतीय उच्च शिक्षा प्रणाली में 1,113 विश्वविद्यालय/विश्वविद्यालय स्तरीय संस्थान, 43,796 कॉलेज और 11,296 स्वतंत्र संस्थान हैं जिनमें 4.33 करोड़ छात्र हैं। उच्च शिक्षा के लिए सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) लगातार बढ़कर 28.4 हो गया है। इसी प्रकार, स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में भी सभी क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। 2022 तक, 1,56,000 आयुष्मान भारत केंद्र होंगे, जो समुदायों को उनके घरों के निकट प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगे। लगभग 13.97 लाख आंगनबाड़ी केंद्रों का विशाल नेटवर्क लगभग 10 मिलियन बच्चों को प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा प्रदान करता है। विभिन्न स्वास्थ्य संकेतकों जैसे शिशु मृत्यु दर (आईएमआर), मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) और कम वजन वाले बच्चों के प्रतिशत में उल्लेखनीय गिरावट आई है। 2018 में शुरू किए गए पोषण मिशन के अंतर्गत दस मिलियन से अधिक महिलाओं और बच्चों को कवर किया गया है।

मिशन इंद्रधनुष के अंतर्गत टीकाकरण कार्यक्रम को मजबूत करने के कारण कुल टीकाकरण कवरेज 62 प्रतिशत से बढ़कर 81 प्रतिशत हो गया है। आगे बढ़ते हुए, हमें स्वास्थ्य सेवा को विश्व स्तरीय मानकों तक ले जाने की आवश्यकता है। ग्रामीण भारत भी बदल रहा है। हम बिजली, पेयजल, बैंक खाते, सड़क, मोबाइल कनेक्टिविटी और बहुत कुछ तक सार्वभौमिक पहुंच हासिल करने के करीब हैं या हासिल कर चुके हैं। ग्रामीण भारत को अब शहरी भारत के समान लाभ मिलने लगे हैं। हमने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना और मनरेगा के माध्यम से भी गरीबों की मुश्किलें कम की हैं और उन्हें मजबूत किया है। प्रधानमंत्री आवास योजना सभी लोगों को आवास उपलब्ध कराती है। अन्य क्षेत्रों में भी प्रगति अच्छी रही है। मोबाइल और इंटरनेट की पहुंच बहुत बड़ी है। भारत में 120 करोड़ मोबाइल फोन उपयोगकर्ता और 80 करोड़ इंटरनेट उपयोगकर्ता हैं। भारत में 30 करोड़ यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI) उपयोगकर्ता हैं और प्रति माह 1,000 करोड़ लेनदेन होते हैं। सभी डिजिटल लेनदेन का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा यूपीआई पर होता है। आगामी एक्सप्रेसवे के साथ राजमार्ग नेटवर्क का बड़ा विस्तार हुआ है।

रेलवे ने क्षमता में सुधार किया है और वंदे भारत जैसी नई रेलगाड़ियां शुरू की हैं, जिससे बेहतर वातावरण में यात्रा में तेजी आई है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी में भी हमने चंद्रयान और अन्य अंतरिक्ष मिशनों के साथ नए मील के पत्थर स्थापित किए हैं। हमारा डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (DPI) आधार, यूपीआई, एए स्टैक इलेक्ट्रॉनिक्स, काउविन प्लेटफॉर्म, जीईएम प्लेटफॉर्म,(UPI, AA, COWIN GeM) और कई अन्य सुविधाओं के साथ दुनिया के लिए यह उड़ान का विषय है और रिकॉर्ड तोड़ने वाली विस्तारित है। उद्योग जगत में, हम विश्व में विनिर्माण केंद्र बनने की राह पर हैं। सेवाओं में, जहां वे पहले से ही मजबूत हैं, हमारे आईटी और गैर-आईटी क्षेत्र वैश्विक बन रहे हैं। युवा भारत की सरलता और अभिनव क्षमता के साथ-साथ डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसी सहायक सरकारी नीतियाँ युवाओं को नौकरी सृजक बनने में सक्षम बना रही हैं। भारत में 100 से अधिक यूनिकॉर्न हैं, जिनका कुल मूल्य 340 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है और यह दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन गया है। 144 मिलियन की जनसंख्या के साथ भारत सबसे युवा देशों में से एक है जिसकी औसत आयु 29 वर्ष है। भारत की आर्थिक क्षमता विश्व भर में विख्यात मान्यता है। हम वैश्विक विनिर्माण का हिस्सा हैं और साथ ही दुनिया का भोजन का कटोरा बन गया सेवाओं के नेता भी हो सकते हैं। फिक्की का मानना है कि 2047 तक अमृत काल के दौरान अपने देश में अभूतपूर्व विकास के गवाह बनेंगे विजन इंडिया 2047, भारत एक विकसित राष्ट्र की सभी विशेषताओं के साथ 30 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। यह एक विकसित भारत होगा, जिसके लिए हमारे युवाओं को महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया: नए वर्ष में ज्ञान को अपना मार्गदर्शक बनाएं

आमतौर पर हम नए वर्ष में प्रवेश करते समय एक इच्छा-सूची और योजनाएं बनाते हैं। इस वर्ष यह सुनिश्चित करें कि आपकी इच्छाएं और योजनाएं ज्ञान से प्रेरित हों। जब हमारी इच्छाओं और कर्मों को ज्ञान की शक्ति मिलती है तो जीवन में केवल आनंद और सुख ही होता है, लेकिन बिना ज्ञान के, हमारी इच्छाएं कमजोर पड़ जाती हैं, हमारी योजनाएं साधारण रह जाती हैं और उनमें अनिश्चितता का वातावरण बन जाता है। ज्ञान का अर्थ है आत्मज्ञान, यानी स्वयं को और इस जीवन को समय और स्थान के संदर्भ में समझना।



लेखक : श्री श्री रवि शंकर
आध्यात्मिक गुरु

यह चिंतन करना कि हम इस पृथ्वी पर कब और कैसे आए और हम इस समय में यहां क्या योगदान देना चाहते हैं, यही असली ज्ञान है। जब आप इस दृष्टिकोण और उद्देश्य के साथ चलते हैं कि आप इस ग्रह को एक बेहतर और खुशहाल स्थान बनाने में अपना योगदान देंगे, तो आपका जीवन खुशी से भर जाता है।

जब आपके जीवन का उद्देश्य सभी के जीवन में ज्ञान और आध्यात्मिकता का प्रसार करना और समाज को उन्नत करना हो, तो जीवन में अवसाद का कोई स्थान नहीं रह जाता। याद रखें, आप इस समय में इस संसार का प्रकाश हैं। जब दुनिया कठिन समय से गुजर रही है और अनगिनत संघर्षों से घिरी हुई है, तब आप सभी के लिए आशा की एक किरण हैं। ज्ञान को आत्मसात करने के लिए मौन की आवश्यकता होती है। मौन को रचनात्मकता की जननी कहा गया है।



वर्ष में दो या तीन बार मौन के लिए समय निकालें। भगवान श्री कृष्ण कहते हैं, 'मैं अपनी प्रकृति में वापस आ जाता हूं और बार-बार सृजन करता रहता हूं।' जब हम अपने स्वभाव में वापस लौटते हैं, तो हमें नई ऊर्जा मिलती है और हमारी रचनात्मकता बढ़ती है। यह हमें हमारे स्रोत से जोड़ता है, सकारात्मक ऊर्जा से भरता है और हम जो चाहें, उसका सृजन करने की शक्ति प्राप्त करते हैं। आत्मज्ञान में गहराई प्राप्त करने के लिए हमें ध्यान को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। कई लोग ध्यान सीख चुके हैं, लेकिन फिर भी इसे अपनी प्राथमिकता नहीं बनाते। इसका कारण यह है कि जब हम खुश होते हैं, तो हम उस खुशी के फल का आनंद लेना चाहते हैं, जो हमारी क्रियाओं से प्राप्त होता है। यह ठीक उसी तरह है जैसे बिना जड़ों को पानी दिए एक पेड़ या पौधे के फल का आनंद लेना।

हमें स्वयं को प्रतिदिन यह याद दिलाना चाहिए कि हमें जड़ों को पानी देना है तभी वह पेड़ हमेशा फल देगा। तो ध्यान को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और यह सुनिश्चित करें कि हमारे आसपास के सभी लोग भी ध्यान करें। इस नए वर्ष में आइए, हम यह संकल्प लें कि हम मैत्री को बढ़ावा देंगे और हमारे आस-पास के संघर्षों का समाधान करेंगे।

पहले अपना हाथ बढ़ाएं और उन मित्रों से संपर्क करें जो हमसे या हमारी मित्रमंडली से दूर हो गए हैं। आज लोगों, परिवारों और देशों के बीच हर जगह संघर्ष है और यदि हममें से प्रत्येक यह संकल्प लें कि हम समुदायों के बीच की दूरी को समाप्त करेंगे, लोगों को एकजुट करेंगे तो यह हमारे लिए अत्यंत संतोषजनक होगा। हर वर्ष, चाहे वह अच्छा हो या बुरा, हमें अनुभव और ज्ञान प्रदान करता है। पिछले वर्ष से मिली शिक्षाओं को लेकर, नए वर्ष में नई ऊर्जा और समर्पण के साथ आगे बढ़ें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**पूरी** दुनिया के साथ-साथ वर्ष 2024 भारत के लिए भी बेहद खास रहा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चाहे वो अर्थव्यवस्था, सामाजिक कल्याण और देश के बुनियादी ढांचे का विकास हो या फिर राष्ट्रीय सुरक्षा क्षेत्रों में नीतियों और पहलों का निर्धारण। भारत की तरफ से दुनिया को यही संदेश दिया गया कि अब न केवल देश विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है, बल्कि मजबूत हाथों में भी है। हम आपको उन महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में बताने जा रहे हैं जिनकी वर्ष 2024 के दौरान एनडीए सरकार ने घोषणाएं कीं। आपको उन योजनाओं के बारे में भी बताएंगे जिनका विस्तार किया गया है। आपको उन नए कानूनों और विधेयकों के बारे में भी बताएंगे जिनका भारत की आम जनता के जीवन में सीधा सरोकार है। तीन नए आपराधिक कानून 25 दिसंबर 2023 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 को मंजूरी दी।

**रविंद्र कुमार, सकोह**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारतीय 'जल परी'

**बुला** चौधरी भारतीय महिला खिलाड़ी हैं, जिन्होंने पांचों महाद्वीप के सातों समुद्र तैर कर पार किए हैं और उन पर अपनी जीत हासिल की है। बुला चौधरी को 'अर्जुन पुरस्कार' से सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें 'जल परी' की उपाधि दी जा चुकी है। 2003 में उन्हें 'ध्यानचंद लाइफटाइम एचीवमेंट' अवॉर्ड भी दिया गया है। वह सुर्खियों में तब आईं, जब उन्होंने मात्र 9 वर्ष की आयु में राष्ट्रीय प्रतियोगिता जीत ली। उन्होंने अपनी आयु वर्ग की सभी प्रतियोगिताएं जीत कर एक साथ छह स्वर्ण पदक जीत लिए। बुला चौधरी का जन्म कलकत्ता में हुआ था। इनका पूरा नाम बुला चौधरी चक्रवर्ती है। वे एक ऐसी कुशल तैराक हैं, जिन्होंने लंबी दूरी की तैराकी के साथ-साथ प्रतियोगात्मक तैराकी में भी नाम कमाया है। वह सुर्खियों में तब आईं, जब उन्होंने मात्र 9 वर्ष की आयु में राष्ट्रीय प्रतियोगिता जीत ली। उन्होंने अपनी आयु वर्ग की सभी प्रतियोगिताएं जीत कर एक साथ छह स्वर्ण पदक जीत लिए। अपने 24 वर्षों के करियर में बुला चौधरी सात समुद्र और पांचों महाद्वीपों के जलडमरूमध्य को पार करने वाली विश्व की पहली महिला बन गईं। उन्होंने अपना यह विशिष्ट मुकाम तब पूर्ण किया जब 24 अगस्त, 2004 को उन्होंने श्रीलंका में तलाईमन्नार से तमिलनाडु के घनुष्कोटि तक की पाल्क स्ट्रेट की 40 किमी दूरी 13 घंटे 54 मिनट में तैरकर तय की। उस समय वह 34 वर्ष की थीं। उनकी तैराकी के समय समुद्र बहुत विकराल हो गया था। तेज हवाएं चल रही थीं। एक किलोमीटर तक उन्हें बारिश का भी सामना करना पड़ा। बुला ने बताया-मेरी एक बार प्रधानमंत्री से मुलाकात हुई थी। ■



**बुला चौधरी**
**जन्म :** 2 जनवरी, 1970

## कविता: ये साल भी गुजर जाएगा



*अशोक सिंह गुलेरिया*

*बीत गया जो, उसे भूल जाना,*
*आने वाले कल को गले लगाना।*
*जो था धुंधला, साफ हो जाएगा, देखना,*
*यह साल भी गुजर जाएगा।*
*ख्वाब जो टूटे, उन्हें जोड़ लेंगे, जो रह गया अधूरा, पूरा कर लेंगे।*
*गम के बादल भी छंट जाएंगे, देखना, यह साल भी गुजर जाएगा।*
*खुशियों की चादर फिर बिछेगी, जिंदगी नए रंगों से सजेगी।*
*आशाओं का सूरज फिर उग आएगा, देखना, यह साल भी गुजर जाएगा।*
*जो मिला, उसके लिए शुक्र गुजार रहें, जो नहीं,*
*उसके लिए तैयार रहें। हर अंधेरी रात के बाद सवेरा आएगा,*
*देखना, यह साल भी गुजर जाएगा। एक नई शुरुआत की ओर।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# साल 2025 आया, अपने साथ खुशियों और उमंगों का पैगाम लाया

समय की छोटी सी इकाई घड़ी, पल, सेकंड से शुरू होकर घंटों, दिनों, महीनों से होती हुई वर्ष तक जा पहुंचती है और देखो न कैसे पलक झपकते की 2024 चला गया तथा 2025 का आगमन हो गया।



लेखक : डॉ. कमल के प्यासा
लोअर समखेतर, मंडी

ब्रह्मांड, मानव व जीव जंतुओं की उत्पति कैसे व कब हुई, बहुत ही प्राचीन लंबी कहानी है, जिसके बारे में धार्मिक और विज्ञान के अपने अपने मत हैं। समय या काल की गणना के लिए संवत, वर्ष, ईस्वी व कैलेंडर का चलन अपने-अपने ढंग से सौर चक्कर या चंद्रमा चक्कर से किया गया है। ग्रिगेरियन कैलेंडर का चलन जो कि दुनिया के अधिकतर देशों में देखा जा सकता है की शुरुआत 1582 में पॉप ग्रेगरी XIII द्वारा की गई थी। जूलियन कैलेंडर की शुरुआत रोमन सम्राट जूलियस सीजर द्वारा 46 ईस्वी पूर्व की गई थी। इस प्रकार से आज के प्रचलित ईस्वी कैलेंडर को ईसा मसीह के जन्म के आधार पर चलाया गया था और यही कैलेंडर ग्रिगेरियन कैलेंडर कहलाता है। नववर्ष दुनियाभर में हर वर्ष, बड़े ही धूमधाम, उत्साह व जोश से मनाया जाता है और यह परंपरा शुरू से चली आ रही है। नववर्ष को मनाने की तैयारियां तो सभी जगह कई दिन पहले से ही होने लगती हैं, जिसमें साफ-सफाई, रंग रोगन के साथ चमचमाती लाइट्स, आतिशबाजी ,गुब्बारों व अन्य सजावटी सामग्री का प्रयोग रहता है और तरह-तरह की रंगोली तथा पेंटिंग्स से सजावट की जाती है।

गीत संगीत के साथ ही साथ भांति-भांति के डांस की थिरकन भी देखने को मिल जाती है। यह माहौल लगभग सभी देशों में देखा जा सकता है। हिंदू नववर्ष 2025 ,जो कि विक्रम संवत के नाम से जाना जाता है यह चैत्र नवरात्रि से शुरू होगा और 30 मार्च से 7 अप्रैल तक चलेगा। इसमें 12 मास चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष, पौष, माघ और फागुन आ जाते हैं। हमारे यहां भारत में नववर्ष 2-3 तिथियों में मनाया जाता है । अर्थात मार्च अप्रैल में, मेष संक्रांति या वैशाख संक्रांति (वैसाखी) में, जिसमें तमिलनाडु, केरल व बंगाल आदि आ जाते हैं।





इसी तरह से इसे पर्व के रूप में हिमाचल, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू, पूर्वांचल तथा बिहार में मनाया जाता है। कुछ एक सिखों में नववर्ष नानकशाही कैलेंडर के अनुसार नववर्ष चैत्र संक्रांति को मनाया जाता है। नववर्ष की दूसरी तिथि वर्ष प्रतिपदा( चैत्र शुक्ल प्रतिपदा )या चंद्रमा युगादि को कर्नाटक, तेलगाना व आंध्रा में उगादि के रूप में मनाते हैं। कश्मीर में भी इसी दिन इसे नवरेह के नाम से मनाया जाता है। आगे महाराष्ट्र इसे गुड़ी पड़वा, सिंधी बोली में चैटी चंड तथा मदुरै में चित्रैय गास या चित्रैय त्रिविजा के नाम से मनाया जाता है।

तीसरी तिथि इसको मनाने की बलि प्रतिपदा( कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा) में दीपावली के अगले दिन को होती है और इस दिन केवल हिसाब किताब ही किया जाता है। फिर अगले दिन नववर्ष शुरू होता है। मारवाड़ियों, गुजरातियों और जैनियों द्वारा इसे इसी दिन मनाया जाता है। इस तरह देखा जाए तो भारतीय नववर्ष बसंत की दस्तक, नई फसलों के आगमन व शुभ नक्षत्रों के होने के उपलक्ष में विशेष रूप से मनाया जाता है। इस्लामी नववर्ष हिजरी संवत मुहर्रम के नाम से जाना जाता है और यह भी चंद्रमा पर ही आधारित होता है। नववर्ष के आने व इसके खुशी-खुशी मानने की चाहत हर जगह व हर देश में देखी जा सकती है। यह बात अलग है कि सभी जगह खुशी व साजो सज्जा अपने-अपने ढंग की रहती है ,जैसे कि चीन में इस दिन कुसुंबी रंग को ज्यादा महत्व दिया जाता है, अग्नि के खेल खेले जाते हैं और काले सफेद रंग से परहेज किया जाता है।

जापान में इस अवसर पर घंटियों को बजाना शुभ माना जाता है और ओजोनी सूप पिया जाता है। कोरिया में लोग अपने घरों के दरवाजों पर बुकजोरी ( घास फूस की छलनियों) लटकाते हैं इस तरह देखा जाए, तो नववर्ष खुशियों का त्योहार तो है ही इसके साथ ही इससे विश्व बंधुता का भी बड़ा संदेश मिलता है। नववर्ष की इस शुभ बेला में आप सभी को परिवार सहित हार्दिक बधाई। वर्ष 2025 आप सबके लिए हर तरह की खुशियों के संदेश देता रहे। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# शास्त्र और शस्त्र के शास्त्रार्थ से अनुशासन और परमार्थ का संचार

शास्त्र और शस्त्र दोनों ही मानव जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण वरदान है, जहां शस्त्र से व्यक्ति अपने जीवन के लिए उपयोगी सामान तैयार करता है, जीवन की रक्षा करता है वहीं शास्त्र के अध्ययन से मानव अपने जीवन के लिए दिशा निर्धारित करके जीवन जीने की पदति को आसन व सुखमय बनाता है।



लेखक : सुभाष चंद कासव
राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक

शस्त्र तथा शास्त्र दोनों से अनुशासन का संचार होता है भले ही शस्त्र के भय के कारण परंतु शास्त्र के अध्ययन से ज्ञान वर्धक आंतरिक चेतना के जागृत होने के कारण व्यक्ति के जीवन में अनुशासन आता है। शास्त्र और शस्त्र की स्थिति को व्यापकता से देखा जाए, तो शास्त्र जीवन जीने का ज्ञान देता है, जबकि शस्त्र जीवन की रक्षा करता है। शास्त्रों का ज्ञान व्यवहारिक होता है, वहीं शस्त्र दुष्टों से रक्षा करते हैं। शस्त्र खतरनाक हथियार होते हैं, जिनसे चोट लगती है और मौत हो सकती है। शस्त्रों का इस्तेमाल आक्रमण करने, बचाव करने या डराने-धमकाने के लिए किया जाता है। तलवार, गदा, भाला, फरसा, कुल्हाड़ी, हथौड़ा जैसे हथियार शस्त्रों की श्रेणी में आते हैं।

शास्त्र जीवन के लिए व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करते हैं और शस्त्र दुष्टों से रक्षा करते हैं। शास्त्र जीवन जीना सीखाता है और शस्त्र जीवन की रक्षा करना सीखाता है। शस्त्र और शास्त्र से बुद्धि और बल का आपसी समन्वय होता है। व्यक्ति के व्यक्तित्व के विकास के लिए दोनों ही जरूरी हैं। श्रेष्ठ हथियारों के अभाव में अच्छे नियम की कल्पना भी नहीं की जा सकती, परंतु जहां हथियार उत्तम होते हैं, वहां नियम जीवन की दिशा और दशा बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। समस्त युद्ध इतिहास का अध्ययन करने पर एक सबसे प्रमुख तथ्य जो उजागर होता है, वह यह है कि युद्ध और शांति का कथानक जिस रूप में सामने लाएं उसमें 'शस्त्र' एक चमचमाते हुए सितारे की भांति हरकाल में जगमगाता रहा है। इसमें कोई संदेह नहीं कि शांति और युद्ध दोनों ही कालों में शस्त्रों की धूम, उपयोगिता और प्रभाव यथावत बना रहा है। आज शांति की रक्षा तभी प्रभावी ढंग में कर सकते हैं जब आप शांति तोड़ने वालों की तुलना में शक्तिशाली हो।



भारत के राष्ट्रकवि का भी यही मानना था कि 'ऋषियों को भी सिद्धि तभी तप में मिलती है जब पहरे पर स्वयं धनुर्धर राम खड़े होते हैं।' शास्त्रों के बिना शांति की कल्पना आप शांति काल में भी नहीं कर सकते। रामायण एवं महाभारत कालीन युद्धों से लेकर आज तक के सभी युद्धों में प्रयुक्त किए गए तरह-तरह के हथियारों ने मानव जाति का ध्यान न केवल अपनी ओर आकर्षित किया है, बल्कि विश्व इतिहास पर गहरा प्रभाव भी डाला है। छोटे से छोटा देश भी आज अपनी आवश्यकता से अधिक नवीनतम एवं विध्वंसक हथियारों की प्राप्ति में लगा हुआ है।

वास्तव में शस्त्र किसे कहा जाए, सर्व प्रथम हमें इस प्रश्न का उत्तर जानना जरूरी है। विभिन्न विद्वानों ने विभिन्न प्रकार के शस्त्रों की उपयोगिता व कार्य क्षमता आदि गुणों को ध्यान में रखकर विभिन्न प्रकार के शस्त्रों की परिभाषा की है जेएफसी फुलर की प्रसिद्ध पुस्तक 'आर्मनिंट एंड हिस्ट्री' के अनुसार शस्त्र एक ऐसा उपकरण है जिसमें चोट पहुंचाने की क्षमता होती है। जनरल ब्रेडली ए फ्रिस्के ने अपनी पुस्तक 'द आर्ट ऑफ फाइरिंग' में शस्त्रों के संदर्भ में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा है-ऐसा उपकरण जो रक्षा अथवा आक्रमण के कार्यों में प्रयुक्त किया जाता है उसे शस्त्र की संज्ञा दी जाती है। सारांश यही है कि शास्त्र और शस्त्र जीवन जीने के लिए अति आवश्यक हैं यह दोनों जीवन को उपयोगी, अनुशासनात्मकता एवं सरलता प्रदान करते हैं जहां शास्त्र काम नहीं करता वहां शस्त्र काम करता है और जहां शस्त्र से काम न चले वहां शास्त्र उपयोगी भूमिका निभाते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# 2024 पूर्व सैनिकों को दे गया जख्म, प्रदेश सहित पूरे भारत में हुए हिंसा के शिकार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जो सैनिक कुछ वर्षों पहले भारत के बॉर्डर पर सीमाओं की रक्षा कर रहा था, आज वही सैनिक अपने ही देश में सुरक्षित नहीं है। वर्ष 2024 का साल बीतने के उपरांत संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन (जेसीओ एवं ओआर) हिमाचल प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष कैप्टन जगदीश वर्मा ने पूरे वर्ष का विश्लेषण करते हुए एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि पूरे भारतवर्ष में लगभग 30 लाख भूतपूर्व सैनिक व वीर नारियां है तथा इसी प्रकार से हिमाचल प्रदेश में भी इनकी लगभग 1,60,000 की संख्या है। यह सैनिक सरकार के आदेश पर 24 घंटे सीमाओं पर तैनात

### सेना को करना पड़ा हेल्पलाइन का गठन

रहकर अपने देश की रक्षा किया करते थे, लेकिन उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उनको सेवानिवृत्ति के बाद इस तरह का समय देखना पड़ेगा कि वह अपने ही देश में सुरक्षित नहीं है।

यह साल पूर्व सैनिकों के लिए एक जख्म देने वाला साल माना जाएगा, क्योंकि इसमें न सिर्फ हिमाचल प्रदेश के जिला मंडी के कैहनवाल क्षेत्र के दो भूतपूर्व सैनिकों की पिटाई तथा पुलिस द्वारा अनदेखी घुमारवीं क्षेत्र के कसोल गांव में सूबेदार सीताराम की स्थानीय लोगों द्वारा पिटाई करना, अक्तूबर महीने में जिला हमीरपुर के उपमंडल सुजानपुर तीर के गांव पलभु के निवासी आनरेरी कैप्टन कालिदास को वहीं के निवासी ने बुरी तरह घायल करके छोड़ दिया। इसके साथ ही पूरे भारतवर्ष में भी भूतपूर्व सैनिकों के साथ ग्वालियर, जयपुर, भुवनेश्वर, दिल्ली आदि स्थानों में घटी। इसके उपरांत जब यह घटनाएं बार-बार होने लगी जिसमें की सैनिक और पूर्व सैनिक हिंसा का शिकार होते देखा तो सेना मुख्यालय ने एक सैनिक हेल्पलाइन नंबर 155306 का गठन किया, जिसमें कोई भी समस्या आने पर सैनिक व पूर्व सैनिक इस नंबर से संपर्क करके मदद की मांग कर सकता है।



जिला बिलासपुर के घुमारवीं के गांव कसोल के सूबेदार सीताराम कान से निकलते हुए खून को रोकते हुए का चित्र।



हमीरपुर जिला के सुजानपुर उपमंडल के गांव पलभु के निवासी आनरेरी कैप्टन कालिदास घायल अवस्था में।

### सरकार नहीं सुन रही सैनिकों की बात

**सरकार** को भूतपूर्व सैनिकों ने कई प्रकार के इसके बारे में ज्ञापन दे दिए हैं, लेकिन सरकार भूतपूर्व सैनिकों की इस बात को नहीं सुन रही है और पूरे भारतवर्ष में पूर्व सैनिकों के बीच में रोष बढ़ता ही जा रहा है। हिमाचल प्रदेश में भी पूर्व सैनिकों के मुद्दों पर सरकार उदासीन है पूर्व सैनिकों के बारे में हमारे संगठन ने लगभग 13-14 पूर्व सैनिकों के मुद्दों के ऊपर एक ज्ञापन प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव के पास भेजा था। उन्होंने कुछ ज्ञापन में लिखे मुद्दों को डायरेक्टर सैनिक वेलफेयर कार्यालय हमीरपुर को भेजा था, लेकिन वहां पर उन मुद्दों के ऊपर कोई भी कार्रवाई न होने के कारण उसे वापस भेज दिया गया था। संगठन द्वारा शिमला में रजिस्ट्रेशन आफ सोसायटी एक्ट 1860 के अंतर्गत पंजीकृत करवाने के अलावा कोई भी ऐसा कार्य नहीं हो पाया जो कि 2024 की उपलब्धियां में गिनती किया जा सके।

### हेल्पलाइन विंडो खोलने की मांग

**संगठन** ने प्रदेश के 12 जिलों के डिप्टी कमिश्नर को पत्र लिखकर पूर्व सैनिक हेल्पलाइन विंडो खोलने की भी गुहार लगाई थी, लेकिन उसमें भी अभी तक ऊना और बिलासपुर को छोड़कर अन्य 10 जिलों में कोई भी कार्रवाई आगे नहीं की जा सकी है तथा इसके ऊपर भी संयुक्त मोर्चा ऑफ एक्स सर्विसमैन कार्य कर रहा है तथा उम्मीद की जा सकती है कि आगे इस पर कुछ कार्रवाई हो सकेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### सुपोषण दिवस पर पौष्टिक आहार लेने के लिए किया प्रेरित



**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** बाल विकास परियोजना सदर मंडी के वृत्त सलवाहन के आंगनबाड़ी केंद्र भ्यारटा-3 में सीबीई एएलएमएससी प्रधान शिवजा देवी की देख-रेख में आयोजित की गई। इस अवसर पर पर्यवेक्षक संदीप चौहान ने सुपोषण दिवस पर पौष्टिक आहार लेने के लिए सबको प्रेरित किया। उन्होंने बाल विवाह निषेध कानून व घरेलू हिंसा अधिनियम की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया की बेटी की शादी 18 वर्ष पूरी होने पर बीपीएल परिवार को 31 हजार शगुन योजना के तहत अनुदान दिया जाता है। इस मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुसुम, सहायिका तुलसी, स्वयं सहायता समूह सदस्य मथरा, अंकिता, रीतिका, सपना, हिना आदि उपस्थित रही।

### दो बस सवारों से 257 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर थाना पुलिस ने नाके के दौरान फोरलेन पर परिवहन निगम की बस में सवार दो लोगों को 257 ग्राम चरस सहित हिरासत में लिया है। पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सुंदरनगर थाना पुलिस का दल मंगलवार रात करीब 8 बजे फोरलेन पर पुंघ पर नाके पर मौजूद था। इस दौरान कुल्लू की ओर से आ रही परिवहन निगम की बस को पुलिस ने जांच के लिए रोका। बस में सवार यात्रियों की तलाशी के दौरान तेजी देवी (48) निवासी गांव सपनील वार्ड नंबर-3 बंजार जिला कुल्लू व पुखराज (34) पुत्र चानन सिंह निवासी वार्ड नंबर-2 बंजार जिला कुल्लू के संयुक्त स्वामित्व में 257 ग्राम चरस बरामद हुई। डीएसपी भारत भूषण ने बताया कि सुंदरनगर थाना पुलिस ने चरस बरामदगी के मामले में दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर उनके खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई कर शुरू दी है।

### धर्मपुर में वाहनों की पासिंग व ड्राइविंग टेस्ट 4 को

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** धर्मपुर मुख्यालय में इस बार 4 जनवरी को ड्राइविंग टेस्ट व वाहनों के पासिंग होने जा रही है। उपमंडल अधिकारी धर्मपुर के कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 4 जनवरी को वाहनों की पासिंग और ड्राइविंग टेस्ट होंगे। आरएलए जोगिंद्रपाल ने बताया कि जिन व्यक्तियों को ड्राइविंग टेस्ट देने हैं या वाहनों की पासिंग करवानी है वे 4 जनवरी को धर्मपुर पहुंचे। उन्होंने बताया कि एक जनवरी से स्लाट बुकिंग शुरू हो गई और बिना स्लॉट बुकिंग के कोई भी वाहन पासिंग व ड्राइविंग टेस्ट नहीं होगा, इसलिए समय रहते अपना स्लाट बुक करा लें।

### इंडेन गैस एजेंसी का जनवरी का रूट चार्ट जारी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** इंडेन गैस एजेंसी जोगिंद्रनगर ने जनवरी 2025 का रूट चार्ट जारी कर दिया है, जिसके तहत उपभोक्ताओं को रसोई गैस का वितरण किया जाएगा। इस बारे में जानकारी देते हुए एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बताया कि 2 जनवरी को कुराटी, पीपली, कुठेहड़ा, सुंआ, बैला, रोहटा, सपैड़ू, सरमाणा, अलमरा, भरोला, जटेहर, नेरी लांगणा व खड़ीहार में एलपीजी गैस का वितरण होगा। 3 जनवरी को लोअर जोन, झमेहड़, चक्का, चक्का से कढेरनू, पाबो बनौण, त्रैंबली, गोंथला, लखनोट, कुफरु व मोर चक्का में आपूर्ति की जाएगी। 4 जनवरी को नागनाला, द्राहल, अप्पर समोहली, बसाही, मकरीड़ी, भडयाड़ा और अन्य गांव शामिल हैं। 6 जनवरी को नगर परिषद जोगिंद्रनगर, 7 जनवरी को मोहनघाटी, रड़ा भखेड़, ऐहजु, सूकाबाग, चौंतड़ा, बीड रोड़ और लोअर सेरी में वितरण होगा। 8 जनवरी को शानन, हरनाला, आरठी, छपरोट व अन्य क्षेत्रों में गैस आपूर्ति की जाएगी। 17 जनवरी को भराडू, बिहूं, टिक्कर और आसपास के क्षेत्रों में आपूर्ति होगी। 30 जनवरी को त्रामट, सगनेहड़ हार व सरौली में गैस का वितरण किया जाएगा। अगर निर्धारित तिथि पर किसी कारणवश गैस की गाड़ी नहीं पहुंचती, तो अगले दिन आपूर्ति की जाएगी।



मनीश चौधरी, एसडीएम जोगिंद्रनगर।

### अभी अवैध निर्माण पर नगर निगम का नोटिस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा इंदिरा मार्केट का निरीक्षण किया गया। शॉप नंबर 15 में मार्केट के एक व्यापारी द्वारा नगर निगम की अनुमति के बिना अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा था। पिछले सप्ताह टीम द्वारा इस व्यापारी को अनुमति के बिना कार्य न करने की चेतावनी भी दी थी। व्यापारी के न मानने पर यह मामला नगर आयुक्त के ध्यान में लाया गया व तुरंत प्रभाव से कार्रवाई अमल में लाते हुए टीम द्वारा नगर आयुक्त की ओर से नोटिस चस्पां कर दिया गया। कार्य में लगे हुए ठेकेदार की मशीनरी को भी जब्त किया गया है।



# दो साल से सड़क को साफ नहीं कर पाया लोक निर्माण विभाग

## पहले बस चलती थी अब जीप भी नहीं चल पा रही, लोग भुगत रहे खामियाजा

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

मंडी जिला के धर्मपुर उपमंडल की ग्राम पंचायत भूर के कई गांव आजादी के 76 वर्ष बीतने के बाद भी बस सुविधा न मिलने के कारण अपने आप को अभी भी गुलाम ही समझ रहे हैं।

इन गांवों को 2 वर्ष पहले एक माह के लिए बस सुविधा तो मिली, लेकिन उसके बाद बस के दर्शन नहीं हुए। इन गांव में चकडोह, छोनाल, बेदी री बांए व सलौन शामिल हैं। इन गांव के ग्रामीण या तो मढ़ी में या फिर झंगी में पैदल कई किलोमीटर चल कर परिवहन सुविधा हासिल करते हैं। अगर इन गांव में कोई बुजुर्ग या अन्य बीमार हो जाए, तो उसे पालकी या पीठ में बिठाकर पैदल चलकर ही जाना पड़ता है।

ग्रामीणों का कहना है कि वे इस संदर्भ में कई बार लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों व सरकार से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन किसी ने भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया, जबकि 2 वर्ष पहले यहां पर इस सड़क पर पूर्व भाजपा सरकार में बस का शुभारंभ कर दिया गया था और लगभग एक माह तक बस चली थी, लेकिन अब 2 वर्ष बीतने के बाद भी यहां पर बस नहीं चल पाई।

लोगों का लोक निर्माण विभाग सरकार की प्रति रोष व्यापक है। लोगों में रोशन लाल, धर्मचंद, हेमराज, जगदीश, नरसिंह, कमला देवी, रोशनी देवी, प्रकाश चंद्र कमल कुमार, मीरा देवी सरस्वती देवी आदि ने प्रदेश सरकार व लोक निर्माण विभाग से जल्द से जल्द इस सड़क की दशा सुधारने व यहां पर बस चलाने की मांग की है। (अनंत ज्ञान)



धर्मपुर उपमंडल की ग्राम पंचायत भूर में खस्ताहाल सड़क।

> **भूर** गांव का एक व्यक्ति सड़क को क्लीयर करने में बाधा डाल रहा है, जिस कारण हम सड़कों क्लीयर नहीं कर पा रहे हैं। हमने कई बार जेसीबी भेजी हमने उससे उसकी जमीन के कागज और स्टे की कॉपी मांगी है, अगर वह कागज हमें नहीं देता है, तो सरकारी कार्य में बाधा डालने की एवज में हम उसके खिलाफ पुलिस कार्रवाई करेंगे।
>
> **-युवराज, सहायक अभियंता, लोक निर्माण विभाग सबडिवीजन मढ़ी**

# नए साल में मल्टी प्रोसेसिंग यूनिट लगाएगा एफपीओ धर्मपुर



चंबा चुख बनाने वाली कंपनी का दौरा करते हुए।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

एफपीओ धर्मपुर ने वर्ष 2024 का समापन स्थानीय महिलाओं को आर्थिक रूप में आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से चंबा चुख बनाने वाली वेली एग्रो फूड कंपनी का दौरा करके किया।

औद्योगिक क्षेत्र सुल्तानपुर चंबा में वर्ष 1987 में पंकज चौफला द्वारा स्थापित फूड प्रोडक्ट्स बनाने वाले इस उद्योग का अध्ययन करने के लिए एफपीओ कि प्रोडक्ट्स एवं मार्केटिंग प्रभारी रजनी सकलानी के नेतृत्व में 16 सदस्यीय टीम ने चंबा का दौरा किया। टीम सदस्य पंकज के फूड प्रोडक्ट के बारे विस्तृत और गहन शोध व ज्ञान से बहुत प्रभावित हुए और उसे अपने यहां पर लागू करने के लिए लंबी अवधि की ट्रेनिंग के लिए अलग से टीम भेजने का निर्णय लिया है। यही नहीं उन्हें एफपीओ मार्ग-दर्शक मंडल का सदस्य बनने का भी प्रस्ताव रखा जो उन्होंने सहर्ष स्वीकार किया। इस टीम के 14 सदस्य पहली बार चंबा जिला की यात्रा की और जिसमें खाद्य उत्पादन बनाने के साथ साथ चंबा और खज्जियार के पर्यटन स्थलों का भी दौरा किया। अध्ययन दल में ब्यासा देवी, फूलां देवी, पवना, आशा, रीता, सिमी, अन्नू बिस्ट, अन्नू पठानिया, कमला देवी, श्रेया, तारा चंद, चौधरी राम व भूपेंद्र सिंह शामिल हुए।

एफपीओ के सचिव भूपेंद्र सिंह ने बताया कि एफपीओ धर्मपुर में फूड प्रोडक्ट्स व मल्टी-प्रोसेसिंग उद्योग लगाकर दर्जनों महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कार्य करने की योजना बनाई है। दो साल की कम अवधि में ही एफपीओ की अच्छी शुरुआत हुई है और इस साल इस सारे काम को जो अब तक अलग-अलग स्थानों पर हो रहा है, उसे उद्योग के रूप में किया जाएगा, जिसकी प्रारंभिक जानकारी चंबा के अध्ययन प्रोग्राम में हासिल की गई है।

# 45 साल से अधिक समय से वकालत करने वालों को किया सम्मानित





कार्यक्रम में मौजूद मुख्यातिथि व बार एसोसिएशन के पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

बार एसोसिएशन मंडी ने नई पहल करते हुए नए साल के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रम में मंडी अदालत में प्रैक्टिस कर रहे 24 ऐसे वकीलों को सम्मानित किया जो पिछले 45 सालों या इससे अधिक समय से वकालत करते आ रहे हैं। जिला सत्र न्यायाधीश राजेश तोमर इस कार्यक्रम में मुख्य मेहमान रहे, जबकि उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन सम्मानीय अतिथि के तौर पर शामिल हुए।

बार एसोसिएशन मंडी के अध्यक्ष दिनेश सकलानी ने बताया कि मंडी बार एसोसिएशन के ऐसे बहुत से सदस्य हैं जो दशकों से लगातार यहां पर प्रैक्टिस कर रहे हैं। ऐसे में निर्णय लिया गया कि 45 साल या इससे अधिक समय से प्रैक्टिस कर रहे वकीलों को सम्मानित किया जाए। इन्हें सभी अधिवक्ताओं को मंडी की शान समझी जानी वाली पगड़ी पहनाई गई और फिर सम्मान दिया गया। 45 साल से अधिक समय से वकालत करने वालों में एडवोकेट रामदास, अमर चंद वर्मा, सतीश वैद्य, आरके शर्मा, एचसी शर्मा, डीसी गुलेरिया, यूएस ठाकुर, डीडी वर्मा, गोपाल सिंह ठाकुर, बीसी शर्मा, तारा चंद शर्मा, जेडी डोगरा, शिव राम ठाकुर, एमआर चौहान, एमपी सहगल, एनडी शर्मा, नरेश शर्मा, मोहिंद्र पंडित, कुशाल सेन, टीआर जमवाल, सीएम शर्मा, हेमंत राज वैद्य, एमपी शर्मा व ललित कपूर रहे। इस मौके पर बार एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

# रोपा कॉलोनी के बाशिंदे प्रवासियों से परेशान

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

सरकाघाट बस स्टैंड के पीछे स्थित रिहायशी इलाके के लोगों को असामाजिक गतिविधियों और गंदगी से जूझना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि शौचालय के पास शराब की खाली बोतलें, कोरेक्स की शीशियां और नशीले कैप्सूलों के ढेर अक्सर देखने को मिलते हैं।

नालियां गंदगी से भरी रहती हैं और दुर्गंध पूरे क्षेत्र में फैलती है। यहां के मकानों में बड़ी संख्या में बाहरी प्रवासी किराए पर रहते हैं, जो खुले में कचरा फेंकते हैं। अक्सर इनके बीच झगड़े होते हैं और रातभर नसे धुत्त होकर ये लोग शोर-शराबा करते है, जिसके कारण न खुद सो पाते हैं और न पड़ोसियों को सोने देते हैं। दिन में यह लोग काम पर चले जाते हैं, लेकिन गली में खाली और एकांत जगह का फायदा उठाकर स्कूली, कॉलेज और आईटीआई के कुछ बिगड़ैल छात्र नशा करते और झगड़ते हुए देखे जाते हैं। रात को प्रवासियों और दिन में इन युवकों की हरकतों से रिहायशी इलाके के लोग दिन-रात परेशान हैं।



स्थानीय निवासी डॉ. विजय कुमार, ललित जम्वाल, दिनेश शर्मा, और सीमा शर्मा ने बताया कि नगर परिषद और प्रशासन की अनदेखी के कारण स्थिति बदतर हो रही है। बस स्टैंड के पास की नालियां कचरे और गंदगी से भरी हैं। पानी रुकने के कारण दुर्गंध फैल रही है, जिससे बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। उन्होने नगर परिषद और प्रशासन से अपील की है कि रात के समय पुलिस गश्त बढ़ाई जाए। बाहरी प्रवासियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाए और असामाजिक तत्वों और नशाखोरी में लिप्त युवकों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि अगर प्रशासन जल्द कार्रवाई नहीं करता, तो वे मजबूर होकर सामूहिक प्रदर्शन करेंगे।

# चोलंगढ़ में निशुल्क नेत्र जांच शिविर 4 जनवरी को

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल मंडी जनकल्याण सभा दिल्ली द्वारा 47वां निशुल्क नेत्र जांच एवं चिकित्सा शिविर 4 जनवरी को तहसील संधोल में दि पालमपुर रोटरी आई फाउंडेशन मारंडा जिला कांगड़ा के अनुभवी डॉक्टरों के सौजन्य से आयोजित किया जा रहा है। सभा के अध्यक्ष केआर वर्मा ने बताया कि शिविर में दी पालमपुर रोटरी आई फाउंडेशन के डॉक्टरों की टीम द्वारा आंखों के विभिन्न रोगों से पीड़ित सभी मरीजों की जांच एवं उपचार 4 जनवरी को प्रात: 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा। जांच के पश्चात जिन मरीजों को ऑपरेशन करने योग्य पाया जाएगा, उनके ऑप्रेशन 5 जनवरी को मेलामल सूद रोटरी आई अस्पताल मारंडा पालमपुर जिला कांगड़ा में किए जाएंगे। सभा द्वारा सभी मरीजों को चोलंगढ़ (शिविर स्थल) से मारंडा बस द्वारा निशुल्क ले जाया जाएगा और ऑपरेशन के पश्चात 6 जनवरी को पोस्ट-ऑपरेटिव एग्जामिनेशन के पश्चात वापस चोलंगढ़ छोड़ा जाएगा।

# वार्ड 4 को सीवरेज के 1.5 करोड़ स्वीकृत

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

नए साल की शुरुआत में नगर परिषद के वार्ड चार के निवासियों के लिए बड़ी खुशखबरी आई है। प्रदेश सरकार ने वार्ड के लगभग 30 घरों को सीवरेज की सुविधा प्रदान करने के लिए 1.5 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है।



वार्ड 4 की पार्षद शिखा।

वार्ड चार की पार्षद शिखा ने बताया कि हाल ही में मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान स्थानीय कांग्रेस नेता जीवन लाल के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा गया था। इस ज्ञापन में वार्ड के निवासियों द्वारा झेली जा रही समस्याओं की जानकारी दी गई थी। मुख्यमंत्री ने इस समस्या का संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई की और 1.5 करोड़ रुपए स्वीकृत किए।

शिखा ने इस उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री और जीवन लाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह धनराशि वार्ड के निवासियों के लिए जीवन स्तर सुधारने में सहायक होगी। उन्होंने विभाग से जल्द से जल्द कार्य शुरू करने की उम्मीद जताई। (अनंत ज्ञान)

# राजस्व संबंधी कार्यों के निपटारे के लिए ली जाएंगी सेवानिवृत्त पटवारियों-कानूनगो की सेवाएं : अपूर्व देवगन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

राजस्व विभाग में लंबित कार्यों का निपटारा करने के लिए सेवानिवृत्त पटवारियों और कानूनगो की सेवाएं ली जाएंगी। इसके लिए उपायुक्त कार्यालय मंडी ने जिला में खाली पटवारियों के पदों को भरने के लिए सेवानिवृत्त पटवारियों और कानूनगो से 20 जनवरी तक सादे कागज पर आवेदन आमंत्रित किए हैं।



उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि मंडी जिले में वर्तमान में पटवारियों के 88 पद रिक्त हैं। राजस्व मामलों का निपटारा करने के लिए इन पदों पर सेवानिवृत्त पटवारी-कानूनगो की निर्धारित शर्तों के आधार पर अस्थायी भर्ती की जाएगी और मामलों का निपटारा होने पर इनकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी। नियुक्ति के बाद उम्मीदवार को 25 हजार रुपए मासिक मानदेय दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि शुरुआत में इन पदों को 3 माह के लिए भरा जाएगा तथा नियुक्त किए गए अधिकारी के कार्य की दक्षता को देखते हुए आगे बढ़ाया जा सकता है। इच्छुक पात्र उम्मीदवार को आवेदन पत्र के साथ सत्यापित दसवीं प्रमाण पत्र, सेवानिवृति प्रमाण पत्र तथा शपथ पत्र अवश्य संलग्न करना होगा। उम्मीदवार द्वारा हिमाचल प्रदेश राजस्व विभाग में कम से कम 5 वर्ष की सेवा की हो तथा उनके विरुद्ध किसी प्रकार की अनुशासनात्मक कार्रवाई लंबित न हो। उम्मीदवार की आयु पद के 65 साल से अधिक न हो।

उपायुक्त ने बताया कि आवेदन पत्रों की संख्या विज्ञापित पदों से अधिक होने की स्थिति में तुलनात्मक कम आयु के अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी। उन्होंने बताया कि यह नियुक्ति अस्थायी है तथा संबंधित नियुक्ति अधिकारी द्वारा किसी भी समय समाप्त की जा सकती है। उन्होंने बताया कि इस भर्ती से वर्तमान में पटवारियों की प्रमोशन पर कोई असर नहीं होगा और प्रमोशन की दृष्टि से इन पदों को खाली ही माना जाएगा।

**सफलता की कहानी**

## प्रदेश सरकार की ओर से मुफ्त बीज व टैंक निर्माण में अनुदान ने बढ़ाया हौसला

# सपेड़ी के दीनानाथ के लिए मछली पालन बना स्वरोजगार का साधन

**अनिल शर्मा, मंडी**

उपमंडल पधर में किसान अब पारंपरिक खेती के साथ ही मत्स्य पालन कर अपनी आर्थिकी सुदृढ़ करके आत्मनिर्भर बन रहे हैं। उपमंडल की ग्राम पंचायत कुन्नू के सपेड़ी गांव के दीनानाथ ने मछली पालन को व्यवसाय के रूप में अपनाकर स्वरोजगार के नए साधन सृजित किए हैं।

दीनानाथ बताते हैं कि वह परिवार का पालन-पोषण करने के लिए खेतीबाड़ी का काम करते हैं। इस कार्य से घर का खर्च चलाना थोड़ा मुश्किल हो रहा था, इसलिए उन्होंने पारिवारिक आय बढ़ाने के लिए कुछ नया करने के बारे में सोचा। इस बीच उन्हें मछली पालन के बारे में जानकारी मिली और उन्होंने इस व्यवसाय को शुरू करने का मन बना लिया। वह बताते हैं कि प्रदेश सरकार भी मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करती है। ऐसे में उनका हौसला और बढ़ा तथा विभाग से समय-समय पर सहयोग भी मिला।



मछली पालन करते हुए।

उन्होंने मत्स्य पालन को व्यावसायिक तौर पर शुरू करने के लिए दो टैंकों का निर्माण किया। इनमें से एक टैंक के निर्माण पर लगभग 75 हजार रुपए का खर्च आया। उन्हें प्रदेश सरकार की ओर से इस पर 50 प्रतिशत अनुदान भी मिला। दूसरे टैंक का निर्माण उन्होंने हाल ही में किया जिस पर लगभग 1.50 लाख रुपए व्यय हुए। कृषि विभाग कार्यालय पधर के माध्यम से उन्होंने इस पर भी 50 प्रतिशत अनुदान के लिए आवेदन किया है। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं दीनानाथ

**छोटे** यूनिट में मछली पालन का कार्य आरंभ किया है। इस यूनिट से मछली का अच्छा उत्पादन हुआ और अब इसे आगे बढ़ाने का सोच रहे हैं। उन्होंने अपने टैंक में कॉर्प फिश का बीज डाला था जो कृषि विभाग कार्यालय पधर की ओर से उन्हें निशुल्क दिया गया। इससे मछली का बेहतर उत्पादन हुआ और चार से छह माह के अंतराल में 300 से 500 ग्राम वजन तक यह पहुंच चुकी हैं। मछलियां घर में ही अच्छे दाम पर 300 रुपए प्रति किलो तक बिक रही हैं। उन्होंने किसान हितैषी योजनाएं चलाने के लिए प्रदेश सरकार विशेष तौर पर मुख्यमंत्री सुक्खू का धन्यवाद किया है।

### क्या कहते हैं विशेषज्ञ

**विषयवाद्** विशेषज्ञ सोनम कुमारी ने बताया कि दीनानाथ को जल से कृषि को बल योजना के तहत 36 हजार रुपए की अनुदान राशि टैंक निर्माण के लिए दी गई है। उन्होंने बताया कि उपमंडल पधर में फिश फार्मिंग के तहत 5 किसानों को टैंक की मरम्मत के लिए 25 हजार रुपए की राशि प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त कॉर्प फिश का बीज भी दिया गया है। कृषि विभाग की तरफ से उपमंडल पधर के लगभग 1500 किसानों को राष्ट्रीय सतत् कृषि योजना के तहत कृषि से संबंधित प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### सोहारी में 50 लोगों का स्वास्थ्य जांचा



**अनंत ज्ञान, अंब।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम चिंतपूर्णी ने मंगलवार को सोहारी गांव में डॉ. शशाक कोशल की अगुवाई में स्टाफ नर्स नीलम, लैब टेक्नीशियन वीरेंदर व राहुल ने 50 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की और मौके पर ही मोबाइल लैब मे 25 लोगों के विभिन्न टेस्ट किए। स्वास्थ्य जांच के बाद रोगियों को निशुल्क दवाई दी गई। इस अवसर पर पंचायत प्रधान संजीव संधु, जोगिंदर सिंह, मखोली राम, हर्ष आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### छात्रों को साइबर अपराध से बचने के तरीके बताए




**अनंत ज्ञान, ऊना।** स्थानीय डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल में 29 दिसंबर से 4 जनवरी 2025 तक सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में 20 स्वयंसेवक भाग ले रहे हैं। शिविर के चौथे दिन कंप्यूटर विज्ञान के शिक्षक राम कुमार ने मुख्य वक्ता के रूप में शिविर में शिरकत की। उन्होंने साइबर अपराध के मुद्दे पर एक प्रेरक भाषण दिया। स्वयंसेवकों को इस बढ़ते खतरे से बचाव के लिए मूल्यवान सुझाव दिए। एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक सुरेंद्र शर्मा भी इस अवसर पर उपस्थित थे। स्कूल के प्रधानाचार्य आरएल पाठक ने एनएसएस स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह विशेष एनएसएस शिविर स्कूल के प्रयास का एक हिस्सा है, जिसका उद्देश्य अपने छात्रों को शिक्षित करना और सशक्त बनाना, सामाजिक जिम्मेदारी और समुदाय सेवा की भावना को बढ़ावा देना है।

### नववर्ष पर लोगों को देसी घी का हलवा बांटा



**बंगाणा।** कुटलैहड़ टैक्सी यूनियन के चालकों ने नववर्ष के प्रथम दिवस पर देसी घी का हलवा बांट कर सभी को नववर्ष की बधाई दी। ज्ञात रहे हर वर्ष कुटलैहड़ टैक्सी यूनियन नववर्ष को खुशी-खुशी मनाकर अनोखे अंदाज में बधाई देते हैं। इस मौके पर दिलबाग सिंह राणा, बलबीर सिंह राणा, मुनीश शर्मा, रंजीत सिंह, दीपक शर्मा, शानू, बिक्की आदि चालकों ने सेवाएं दीं।

### देहरियां जठेरियां मंदिर में झंडा चढ़ाया



**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** गगरेट विस क्षेत्र के गांव नंगल जरियाला वार्ड नंबर एक में हर साल की तरह इस साल भी देहरियां जठेरियां मंदिर में बधण परिवार की ओर से एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। धार्मिक कार्यक्रम में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने देहरियां जठेरियां मंदिर में माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस धार्मिक अनुष्ठान में सुबह विधिवत रूप से पूजा-अर्चना के बाद झंडे की रस्म अदा की गई। इस अवसर पर शबद कीर्तन का भी आयोजन किया गया। इस दौरान दूर-दूर से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर मुख्या सेवादार गुरदेव सिंह, बक्शी राम, रामदास, रविंद्र कुमार, बलवीर मिस्त्री, जीत सिंह, सुरिंद्र कुमार, रमेश चंद, रामपाल, राजिंद्र, सोनू आदि उपस्थित रहे।

## जिला प्रशासन ने उठाए प्रभावी कदम, ऊना शहर में सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित

# उपायुक्त और एसपी ने बाजार का निरीक्षण कर हटवाया अतिक्रमण

**राजेश शर्मा, ऊना**



उपायुक्त जतिन लाल, एसपी और एसडीएम बाजार का निरीक्षण करते हुए।

नववर्ष के पहले दिन से ही जिला प्रशासन ऊना जनभलाई में पूरी सक्रियता और तत्परता से फील्ड में डटा दिखा। उपायुक्त जतिन लाल ने पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, एसडीएम विश्व मोहन देव चौहान और नगर परिषद ऊना के अधिकारियों के साथ ऊना के पुराने बाजार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बाजार में उत्पन्न समस्याओं का जायजा लिया और त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई की।

दरअसल, नववर्ष के उपलक्ष्य में ऊना के व्यापारिक प्रतिष्ठानों द्वारा दी गई छूट और सेल के कारण बाजार में बीते एक-दो दिनों से भारी भीड़ उमड़ रही थी, ऐसे में विक्रेताओं द्वारा दुकानों के आगे अतिक्रमण, रेहड़ियां लगाने और अस्थाई व्यापारिक ढांचे खड़े करने से यातायात बाधित हो रहा था, साथ ही आम जनता को भी आवाजाही में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। इससे आपातकालीन सेवाओं की निर्बाध उपलब्धता भी प्रभावित हो रही थी।

लोगों को हो रही इन समस्याओं का समाधान करने के लिए उपायुक्त जतिन लाल ने स्वयं प्रशासनिक अमले के साथ बाजार का दौरा किया, स्थिति का बारीकी से निरीक्षण किया और त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने विक्रेताओं के लाइसेंस और नगर परिषद द्वारा जारी अनुमति पर्चियों की जांच की। इस दौरान अतिक्रमण करने वाले विक्रेताओं की रेहड़ियों को मुख्य मार्ग से हटवाया गया और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाया गया। उपायुक्त ने कहा कि भविष्य में ऐसी बिक्री गतिविधियों को खुले और व्यवस्थित स्थानों पर आयोजित करने के प्रयास किए जाएंगे, ताकि आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो और बाजार की व्यवस्था बेहतर बनी रहे।

गौरतलब है कि बीते दिन प्रशासन ने यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों ओर अनधिकृत व्यापारिक गतिविधियों पर सख्त प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया था। वहीं, मिनी सचिवालय से गलुआ चौक और मिनी सचिवालय से क्षेत्रीय अस्पताल ऊना तक के क्षेत्र को नो-वेंडिंग जोन घोषित किया गया था। (अनंत ज्ञान)

## विशेष बच्चों ने डीसी को कहा-'हैपी न्यू ईयर'



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** साल 2025 के शुभागमन पर विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के स्कूल 'आश्रय' के विद्यार्थियों ने उपायुक्त जतिन लाल के कार्यालय में पहुंचकर उन्हें नववर्ष की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बच्चों के साथ केयर टेकर और शिक्षक भी उपस्थित रहे। बच्चों ने उपायुक्त को अपने हस्तनिर्मित बधाई कार्ड भेंट किए। उपायुक्त ने इस स्नेहिल व्यवहार के लिए बच्चों का आभार व्यक्त करते हुए प्रशासन की उनके समग्र विकास की प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि बच्चे हमारे समाज का सबसे कीमती संसाधन हैं और विशेष आवश्यकता वाले बच्चे हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है कि इन बच्चों को समाज की मुख्यधारा में आगे बढ़ने के समुचित अवसर प्रदान किए जाएं, बच्चों ने अन्य कार्यालयों में भी अधिकारियों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं।

## वन परिक्षेत्र अधिकारी अंब रिश्वत लेते धरा

**अंब।** रेंज ऑफिसर अंब अविनाश को विजिलेंस ने 30 हजार रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है कि उसके खिलाफ गाड़ी वालों से लकड़ी परिवहन परमिट के बदले पैसे लेने की शिकायतें आ रही थीं। सूत्रों के अनुसार प्रति गाड़ी लकड़ी परिवहन के लिए दस हजार की मांग की जा रही थी। इस पर करवाई करते हुए विजिलेंस ने आरोपी को बुधवार शाम को गिरफ्तार किया है।

## ऊना बाजार में उमड़े लोग



ऊना बाजार में नववर्ष के उपलक्ष्य में स्टॉक क्लियरेंस सेल के लिए हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

## चिंतपूर्णी में 32 हजार ने लगाई हाजिरी

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी ( ऊना )**

माता श्री चिंतपूर्णी धाम में नए साल के पहले ही रोज माता का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। देर शाम तक पहली जनवरी को करीब 32 हजार श्रद्धालुओं ने माता टेक लिया था।

माता चिंतपूर्णी मंदिर के प्रति भक्तों की आस्था देखते ही बनती है। 31 दिसंबर की रात से ही माता के दरबार में हाजिरी भरने वालों की संख्या हजारों में थी। रात भर भक्तों द्वारा माता की महिमा का गुणगान किया जाता रहा। सुबह से ही भक्तों की कतारें मंदिर के बाहर लग चुकी थीं और चारों ओर जाम की स्थिति बनी हुई थी। मंदिर के आस पास कई समाज सेवकों द्वारा लंगर लगाए गए थे और प्रशासन की ओर से भी बेहतरीन व्यवस्था की गई थी।



नववर्ष पर माता चिंतपूर्णी का फूलों से सजा है दरबार।

उधर, ऊना जिला न्यायालय परिसर में बुधवार को नए वर्ष के आगमन पर हवन और भंडारे का आयोजन किया गया। हवन के लिए डेरा बाबा रुद्रानंद नारी से विशेष रूप से ब्राह्मणों को आमंत्रित किया गया।

ब्राह्मणों द्वारा स्वास्तिक वाचन से हवन शुरू किया गया। वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ हवन में उपस्थित गणमान्य लोगों ने आहुतियां डाली। हवन में पूर्णाहुति के साथ विश्वशांति की प्रार्थना भी की गई। न्यायालय परिसर में ही जिला बार एसोसिएशन ने लोगों के लिए भंडारा लगाया था। आम जनता समेत कर्मचारियों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान भंडारे का प्रसाद खाने के लिए लोगों की कतारें लगी रहीं। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव फांडा, महासचिव रोहित भारद्वाज, अनूप शारदा, एनके पाठक, अरुण सैनी, कैलाश शर्मा, राकेश ठाकुर, नरेंद्र हरिपाल, विवेक सहजपाल भी मौजूद रहे।

## मंदिरों में माथा टेकने के लिए श्रद्धालुओं की लगी लंबी कतारें



माता भद्रकाली के दर्शन करते लोग।

**राकेश कुमार, दौलतपुर चौक**

नए साल की शुरुआत लोगों ने मंदिरों में माथा टेक कर की है। लोगों ने सुबह से ही मंदिरों में सुख, समृद्धि की कामना करते हुए परिवार के स्वस्थ रहने की प्रार्थना की।

इसी कड़ी में आज लोगों ने गगरेट के प्रसिद्ध मंदिर मां भद्रकाली में नववर्ष को लेकर मंदिर में मां के दर्शन किए। नववर्ष को लेकर मंदिर के कपाट सुबह ही खुल गए। मंदिरों में मां के दर्शन करने के लिए दिनभर लंबी लंबी कतारें लगी रहीं। गौर रहे कि मां भद्रकाली मंदिर हजारों लोगों की आस्था का केंद्र है, जहां पर हिमाचल ही नहीं बल्कि पंजाब से भी लोग माथा टेकने आते हैं। उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध धार्मिक स्थल डेरा बाबा अच्युतानंद आश्रम अमलैहड़ में नववर्ष के उपलक्ष्य में भक्तों ने नववर्ष की शुरुआत अखंड धूने पर माथा टेक कर की।

इतनी ठंड के बाबजूद भी श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध लाइनों में खड़े होकर पवित्र अखंड धूने पर शीश नवाया और अपने व अपने परिवार के लिए सुख, समृद्धि व स्वस्थ रहने का आशीर्वाद प्राप्त किया। (अनंत ज्ञान)

## विधायक विवेक ने जरूरतमंद परिवारों को बांटे चेक

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



विधायक ने माता चिंतपूर्णी में परिवार सहित शीश निभाया शीश, जिन्हें मंदिर कमेटी ने सम्मानित किया।

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने नववर्ष पर चिंतपूर्णी माता मंदिर में परिवार सहित पूजा-अर्चना करके कुटलैहड़ विस क्षेत्र की जनता के लिए सुख-समृद्धि मांगी। वही, मंदिर कमेटी द्वारा विधायक विवेक शर्मा ओर परिवार को सम्मानित किया। उसके बाद विधायक विवेक शर्मा ने कुटलैहड़ स्थित कार्यालय जोगी पंगा के कुटलैहड़ के 12 परिवारों को 01,09,500 रुपए के आर्थिक चेक वितरित किए।

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि कुटलैहड़ की जनता की सेवा करने के लिए हर समय तत्पर हूं और राज्य की हर योजना का कुटलैहड़ विस क्षेत्र को लाभ मिले, उस पर कार्य कर रहा हूं। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने दो वर्षों के कार्यकाल में पुरानी पेंशन योजना की बहाली करके कर्मचारियों को राहत दी है।

राज्य सरकार ने अपने चुनावी वादे के अनुसार, पहली कैबिनेट बैठक में ही पुरानी पेंशन योजना को बहाल किया, जिससे सरकारी कर्मचारियों में संतोष और विश्वास बढ़ा है। विवेक शर्मा ने कहा कि इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि योजना के तहत 18 से 59 वर्ष की महिलाओं को 1,500 रुपए मासिक सम्मान निधि प्रदान की जा रही है।

विवेक शर्मा ने कहा कि प्रदेश में 8,18,068 पात्र लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन दी जा रही है। वर्ष 2023-24 में 41,799 नए मामले स्वीकृत किए गए, जबकि अप्रैल 2024 से दिसंबर 2024 तक 34,151 नए मामले मंजूर हुए हैं।

**वृद्ध महिलाओं की पेंशन वृद्धि** 59 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं की मासिक पेंशन 1,050 रुपए से बढ़ाकर 1,500 रुपए की गई है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार की स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के अंतर्गत दो वर्षों में 2,824 नए लाभार्थियों को मकान निर्माण के लिए 42.36 करोड़ रुपये से अधिक का बजट प्रदान किया गया है, जिससे बेघर लोगों को आवास सुविधा मिली है।

**विधवा एवं एकल नारी आवास योजना :** 40 वर्ष या उससे अधिक आयु की विधवा एवं एकल नारियों को आवास निर्माण के लिए 1.5 लाख रुपए की अनुदान राशि दी जा रही है, जिससे उनकी जीवन गुणवत्ता में सुधार हुआ है। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने राज्य के दिव्यांग छात्र-छात्राओं को 625 रुपए से 5,000 रुपऐ तक की मासिक छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है, जिससे उनकी शिक्षा में सहायता मिल रही है।

### अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना बनी वरदान

विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार के दो वर्षों में इस योजना के तहत अंतरजातीय विवाह पुरस्कार योजना के तहत लाभान्वित किया गया है, जिससे सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिला है। सरकार ने आगामी तीन वर्षों में शिक्षा और स्वास्थ्य के मजबूत बुनियादी ढांचे के निर्माण का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिससे प्रदेशवासियों को उच्च गुणवत्ता की सेवाएं मिल सकें। प्रदेश में नए शैक्षणिक और स्वास्थ्य संस्थानों की स्थापना की जा रही है, जिससे शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच में सुधार हुआ है।

## 8 साल बाद पक्के होने की बारी आने पर दोहरी राजनीति का शिकार हुआ शिक्षक

**आशीष शर्मा, गोंदपुर बनेहड़ा**

सरकारों द्वारा पिक एंड चूज पॉलिसी और शैक्षिक संस्थानों में दोहरी राजनीति का शिकार हुए शिक्षकों का मामला ध्यान में आया है। बता दें कि 14 सितंबर, 2006 में डीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल व डीएवी कॉलेज सरकार द्वारा अपने अधीन ले लिया गया था और यह संस्थान गवर्मेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल दौलतपुर चौक व गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज दौलतपुर चौक के नाम से संचालित है, जब यह संस्थान एक प्राइवेट और सरकार द्वारा मिलकर चलाया जाता था, तब इस संस्थान में जो शिक्षक पढ़ाया करते थे, तब उन शिक्षकों के लिए संस्थान द्वारा सरकार के साथ एक कांट्रेक्ट बनाया गया था, जिसमें यह लिखा गया कि जब यह संस्थान सरकार अपने अधीन कर लेगी तब सरकार संस्थान के शिक्षकों को भी इसी संस्थान में स्थायी सरकारी नौकरी देगी, लेकिन जब संस्थान उस समय की कांग्रेस सरकार द्वारा सरकार के अधीन कर लिया गया, तब सरकार द्वारा कुछ लोग रख लिए गए और बाकी शिक्षकों को सन 2007 में स्कूल व कॉलेज से निकाल दिया गया।

शिक्षकों ने कहा कि उन्होंने उस समय के विधायक को भी इस बात के बारे में अवगत करवाया था परंतु उस समय तत्कालीन विधायक ने उनकी बात को अच्छे से न सुना और न समझा। यहां यह बात साबित हो जाती है कि अगर उस समय तत्कालीन विधायक ने इन शिक्षकों की बात सुन ली होती तो आज इन शिक्षकों को बार बार न्यायालय और सरकारों का दरवाजा नही खटखटाना पड़ता। गौर करने की बात तब सामने आई जब 2022 में पूर्व भाजपा सरकार द्वारा पिक एंड चूज पॉलिसी का एक और पहलू सामने आया, जहां पूर्व भाजपा सरकार

**पिक एंड चूज पॉलिसी के माध्यम से पूर्व भाजपा सरकार ने दी स्थायी नौकरियां**

### शिक्षकों के साथ नहीं होगा अन्याय : शिक्षा मंत्री

इस पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने अपनी पीड़ा व्यक्त की और कहा कि मामला हमारे ध्यान में आया है और उन शिक्षकों के साथ अन्याय नहीं किया जाएगा और जल्द इस विषय पर विभाग कार्रवाई करेगा ।

द्वारा एक जैसी क्वालिफिकेशन वाले शिक्षक जो 2007 में कांग्रेस सरकार द्वारा अधिकृत नहीं किए गए थे, उनमें से कुछ शिक्षकों की नौकरी को स्थायी तौर पर बहाल करते हुए उन्हें सरकारी स्कूलों में एडजस्ट कर दिया गया। शिक्षकों का कहना है कि अगर इतना एक्सपीरियंस और इतनी पढ़ाई के बाद भी सरकार की दोहरी नीति के कारण अगर हमारे साथ ऐसा हुआ तो इन सभी गतिविधियों में उनकी गलती कहा है? शिक्षकों ने कहा कि मामला प्रदेश की उच्चतम न्यायालय शिमला में भी करीब 18 सालों से विचाराधीन है, लेकिन अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ है।

काबिलेगौर है कि एक जैसी क्वालिफिकेशन होने के बाबजूद भी उन शिक्षकों के साथ ऐसा हुआ जो कि समझ से परे है। इस मौके पर नीलम, राजिंद्र, मनोज, राज कुमारी, पूनम व अन्य शिक्षकों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से आग्रह किया है कि उनकी स्थायी नौकरी भी 2022 में हुई नोटिफिकेशन के तहत बहाल की जाए। (अनंत ज्ञान)

**आयोजन** ध्यूंसर महादेव मंदिर तलमेहड़ा में श्री श्री 1008 स्वामी ओंकारानंद महाराज की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित

# सदाशिव मंदिर सैकड़ों भक्तों की आस्था का केंद्र, साधु-संतों को बांटे कपड़े

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**



सदाशिव मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारी और संत समाज के लोग

उपमंडल बंगाणा ही नहीं बल्कि उत्तरी भारत में प्रसिद्ध ध्यूंसर महादेव मंदिर तलमेहड़ा में श्री श्री 1008 स्वामी ओंकारानंद जी महाराज की पुण्यतिथि पर मंदिर में विशाल कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वामी जी की पूजा-अर्चना करने के बाद सैकड़ों की संख्या में आए मंदिर परिसर में सभी साधु-संतों को मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा द्वारा गर्म कपड़े ओर दान दक्षिणा दी गई तथा सभी को भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने कहा कि श्री श्री 1008 स्वामी ओंकारानंद सदाशिव मंदिर के संस्थापक रहे हैं, जिनके आशीर्वाद से आज सदाशिव मंदिर में लाखों श्रद्धालुओं का तांता लगता है। शर्मा ने कहा कि मंदिर परिसर में हर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए कमेटी द्वारा विशेष व्यवस्था रहती है। सदाशिव मंदिर अब न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि अपनी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर के लिए भी प्रसिद्ध है।

तलमेहड़ा के गांव बही में स्थित यह प्राचीन मंदिर भक्तों और पर्यटकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। सदाशिव मंदिर में शिवरात्रि, सावन मास के मेले, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उसके बाद विशाल दंगल का आयोजन होता है। इस दिन हजारों श्रद्धालु यहां भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने आते हैं।

मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाता है, जो भक्तों के लिए आध्यात्मिक अनुभव प्रदान करता है। सावन के महीने में यहां भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिलती है। (अनंत ज्ञान)

### मंदिर में आरती के लिए विशेष पुजारियों की व्यवस्था

सदाशिव मंदिर में सुबह-शाम आरती पूजा के लिए विशेष पुजारियों की व्यवस्था है। बंगाणा का सदाशिव महादेव मंदिर उन सभी लोगों के लिए खुला है, जो भगवान शिव के दर्शन और प्राकृतिक सुंदरता का अनुभव करना चाहते हैं। यदि आप भी आध्यात्मिक शांति और ऐतिहासिक धरोहर का आनंद लेना चाहते हैं, तो बंगाणा मुख्यालय से 18 किमी की दूरी तय करके तलमेहड़ा गांव पहुंचकर मंदिर में सीधा पहुंच सकते हैं, क्योंकि सदाशिव महादेव मंदिर, श्रद्धा और भक्ति का एक ऐसा स्थान है, जहां आने वाले हर भक्त को ईश्वरीय आशीर्वाद और आत्मिक शांति का अनुभव होता है।

## 9 मामलों में जारी की 12 लाख की राशि : डीसी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति अधिनियम के तहत अनुसूचित जाति के लोगों को समाज में समानता का अधिकार दिलाने, जातिगत भेदभाव व अत्याचार निवारण को लेकर गठित जिला सतर्कता एवं प्रबोधन समिति की त्रैमासिक बैठक डीसी ऊना जतिन लाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

उपायुक्त ने बताया कि ऊना जिले में एसी एसटी अधिनियम के तहत इस वर्ष जनवरी से नवंबर माह के अंत तक पंजीकृत 19 मामलों में से जांच के उपरांत पुलिस द्वारा 5 मामलों में एससी एसटी अधिनियम की धारा हटा दी गई है। अब तक 9 मामलों में पीड़ितों को 12 लाख रुपए की राहत राशि प्रदान की जा चुकी है। शेष पर कार्रवाई जारी है। बैठक में कई गणमान्यों ने भाग लिया।

# तांदी अग्निकांड में 17 घरों सहित 6 गोशालाएं जलकर राख, करीब 10 करोड़ रुपए का नुकसान





**शीला कौल, बंजार**

जिला कुल्लू की बंजार घाटी के तांदी गांव में बुधवार को एक भीषण अग्निकांड हुआ। इस घटना में जहां 17 मकान आग की भेंट चढ़ गए। वहीं, छह गोशालाएं भी राख हुई हैं। इसके अलावा देवता शेषनाग का भंडार भी पूरी तरह से जल गया है।

जानकारी के अनुसार घटना बुधवार दोपहर बाद लगभग तीन बजकर तीस मिनट की है, जब गांव के दलीप सिंह पुत्र हिमत राम की गोशाला (पड़ाछा) में अचानक आग लग गई। इसके बाद आग बेकाबू होकर साथ लगते अन्य रिहायशी मकानों में फैल गई। अधिकतर मकान लकड़ी के होने के कारण धीरे-धीरे आग ने भयंकर रूप धारण किया और आसपास के अन्य कुल 17 मकानों और छह गोशालाओं को भी चपेट में ले लिया, जबकि कुछ मकानों को आंशिक रूप से भी नुकसान हुआ है। वहीं, आगजनी की इस घटना में देवता शेषनाग का भंडार पूर्णतयः जल गया है। आगजनी में अब तक लगभग 10 करोड़ की संपत्ति के नुकसान का अनुमान है। हालांकि अभी तक पूरे नुकसान का आकलन नहीं हो पाया है क्योंकि अभी तक आग पर पूरी तरह से काबू नहीं पाया गया है। अग्निशमन विभाग के कर्मचारी स्थानीय लोगों के साथ मिलकर आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं, प्रशासन द्वारा अग्निकांड प्रभावितों को उचित राहत भी मुहैया करवाई गई। उधर, घटना की सूचना मिलते ही मौके पर दमकल विभाग, पुलिस, एसडीएम बंजार पंकज शर्मा ,नायब तहसीलदार बंजार सहित बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने घटना स्थल का जायजा लिया व फौरी राहत के रूप में पीडितों के 15-15 हजार रुपए की राशि के अलावा कंबल, बर्तन, किट व तरपाल बांटे गए। (अनंत ज्ञान)

## इन लोगों के मकान जलकर हुए राख

**दलीप** सिंह पुत्र हिमत राम, यज्ञ चंद पुत्र हिमत राम, दुनीचंद पुत्र लोभु, लोत राम पुत्र रोशन लाल, लुदरमणी पुत्र लोगू, रविंद्र पुत्र उगत राम, माडू राम पुत्र मोती राम, कातकू पुत्र मोती राम, किशोर कुमार पुत्र दिले राम, अनूप राम पुत्र दुला राम, वितन सिंह पुत्र देवी राम, रमेश कुमार पुत्र खुवराम, गेहरू राम पुत्र केवल राम, लोत राम पुत्र लुदर चंद, महिंद्र सिंह पुत्र मोती राम, चेन सिंह पुत्र देवी राम व डोलू देदी पत्नी प्रीमु राम।

## इनकी जली गोशाला

**दलीप** सिंह पुत्र हिमत राम, यज्ञ चंद पुत्र हिमत राम, झीचंद्र पुत्र लोस, लुदरमणी पुत्र लोभु, रविंद्र पुत्र उगत राम, डोलू देवी पुत्र प्रीमू राम की गोशालाएं जलकर राख हुई हैं।

## खेल गतिविधियों को लेकर डोभी बना पर्यटकों का हब



**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** कुल्लू-मनाली के बीचों-बीच डोभी गांव आज कल एक मशहूर पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रहा है। यहां पर्यटकों को पैराग्लाइडिंग, हॉट वैलून, राफ्टिंग से लेकर कई खेल गतिविधियां करवाई जाती हैं। आज-कल यहां पर भारी मात्रा में पर्यटक रुककर इन साहसिक खेलों का आनंद ले रहे हैं। यहां के आसमान पर आजकल दर्जनों मानव परिंदे उड़ते हुए देखे जा सकते हैं। यहीं से कुछ दूरी पर नग्गर, जाना फाल, तांदला जैसे कई पर्यटक स्थल मौजूद हैं। जाना फाल पानी के झरने के साथ-साथ लोकल व्यंजनों के लिए भी जाना जाता है। डोभी में आज-कल पर्यटकों को खाने-पीने से लेकर रहने तक की हर सुख सुविधा उपलब्ध है। मंडलगढ़ पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के प्रधान प्रताप चंद ठाकुर ने बताया कि पैराग्लाइडिंग के लिए यह सब से अच्छी साइट मानी गई है। यहीं से काथी कुकड़ी होते हुए बीड भंगाल की ओर भी कई पर्यटक ट्रैकिंग का आनंद लेते हैं।

# फरीदाबाद की अंशिका के सिर सजा न्यू ईयर क्वीन का ताज

**कमलेश वर्मा, मनाली**




हिमाचल पर्यटन निगम की ओर से मनाली के क्लब हाउस में आयोजित नववर्ष संध्या में इस बार भी न्यू ईयर क्वीन चुनी गई। इस प्रतियोगिता में फरीदाबाद की अंशिका के सिर न्यू ईयर क्वीन-2025 का ताज सजा है। वहीं, पालमपुर के पवन और मंजू को बेस्ट डांसिंग कपल का खिताब मिला है। इसके अलावा फरीदाबाद के ही सचिन और मोनिका बैलून प्रतियोगिता में प्रथम रहे।

दिल्ली के दीक्षा और गौरव ने लेमन प्रतियोगिया में पहला स्थान झटका। सनद रहे कि मनाली के क्लब हाउस में पर्यटन विभाग की ओर से हर साल की तरह इस साल भी न्यू ईयर की संध्या पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके लिए पर्यटन निगम के क्लब हाउस को दुल्हन की तरह सजाया गया था। इस दौरान न्यू ईयर क्वीन सहित अन्य विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं, जिसमें हर बार आकर्षण का केंद्र रहने वाली न्यू ईयर क्वीन प्रतियोगिता में 20 से अधिक कपल के बीच मुकाबला हुआ। इस प्रतियोगिता में अन्य सभी प्रतिभागियों को पछाड़ते हुए फरीदाबाद की अंशिका ने बाजी मारी और न्यू ईयर क्वीन का खिताब अपने नाम किया। पर्यटन निगम के डीजीएम बलबीर ओकटा ने बताया कि इस बार भी न्यू ईयर पर क्लब हाउस में पार्टी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रवेश करने के लिए 3999 रुपए कपल एंट्री, जबकि बच्चे के लिए 1400 रुपए शुल्क रखा गया था। उन्होंने बताया कि इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। साथ ही मनाली क्वीन भी चुनी गई। इस मौके पर डीजीएम बीएस ओकटा ने अंशिका को मनाली क्वीन का ताज पहनाया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। (अनंत ज्ञान)

# लाहौल में सड़कों से बर्फ हटाने का अभियान युद्धस्तर पर जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में अब सड़कों पर जमी हुई बर्फ को हटाने का लोक निर्माण विभाग ने युद्धस्तर पर अभियान चलाया है। इसी कड़ी में बुधवार को भी लोक निर्माण विभाग की मशीनरी जगह-जगह पर सड़कों से बर्फ हटती हुई नजर आई।

इसके अलावा घाटी में बीएसएनल का नेटवर्क भी प्रभावित हुआ है और बीएसएनएल के कर्मचारी भी मोबाइल सेवा को बेहतर बनाने में जुटे हुए हैं। वहीं लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा स्वयं इन सब कार्यों का जायजा ले रही हैं। बीते दिनों हुई बर्फबारी के बाद लाहौल घाटी में सड़कें बर्फ के कारण बंद हो गई हैं, जिसके चलते वाहनों की आवाजाही भी प्रभावित हुई हैं। हालांकि मौसम साफ होने के बाद सबसे पहले केलांग से अटल टनल तक सड़क मार्ग को बहाल किया गया और उसके बाद यहां पर फंसे हुए करीब 200 पर्यटक वाहनों को भी मनाली की ओर रवाना किया गया, अब इसके बाद घाटी के भीतरी ग्रामीण इलाकों से भी बर्फ हटाने में विभाग ने काम शुरू कर दिया ह, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को वाहनों की आवाजाही की सुविधा मिल सके। लाहौल-स्पीति की विधायक अनुराधा राणा ने बताया कि लाहौल घाटी में हुई बर्फबारी से कई सड़के बंद हो गई थी, जिन्हें अब खोला जा रहा है। इसके अलावा बीएसएनएल के नेटवर्क को भी बेहतर किया जा रहा है, ताकि लोगों को दिक्कत का सामना न करना पड़े। वहीं, अटल टनल के आसपास भ सड़क से बर्फ हटाई जा रही है।



बर्फ के आगोश में समाया शीत मरुस्थल जिला लाहौल-स्पीति। धूप खिलने के बाद चमकी बर्फ की चांदी।

# नववर्ष पर पर्यटन स्थलों में पर्यटकों का लगा तांता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

पर्यटन नगरी कुल्लू-मनाली के विभिन्न पर्यटन स्थलों में नववर्ष के अवसर पर बुधवार को हजारों सैलानियों ने खूब मस्ती की। जिला कुल्लू के मनाली, सोलंगनाला, अटल टनल सहित कसोल, मणिकर्ण, बंजार, तीर्थन घाटी सहित अन्य सभी विभिन्न पर्यटन स्थलों में पर्यटकों का खूब जमावड़ा उमड़ा। वहीं, मनाली के मालरोड में शाम के समय पर्यटक चहलकदमी करते दिखे।

बुधवार को दिनभर धूप खिली रही, जिसके चलते पर्यटकों ने सोलंगनाला के साथ-साथ अटल टनल रोहतांग का भी दीदार किया। पर्यटकों ने जहां बर्फ के बीच सोलंगनाला में साहसिक गतिविधियों का लुत्फ उठाया और खूब अठखेलियां कीं। वहीं, बहुत से पर्यटक फोर बाई फोर वाहनों में धुंधी व अटल टनल पहुंचे। अधिकतर पर्यटकों ने सोलंगनाला सहित अंजनी महादेव, कोठी व हामटा में बर्फ की खेलों का आनंद लिया। उधर, लाहौल-स्पीति जिले के स्थानीय लोगों के फोर बाई टू वाहन भी अटलटनल के आरपार हुए। नववर्ष के उपलक्ष्य पर एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने जिलेभर में तैनात पुलिस जवानों से मिले और उन्हें मिठाई बांटकर नववर्ष की शुभकामनाएं दी। उनके साथ पुलिस उपअधीक्षक राज कुमार भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने दुर्गम और कठोर परिस्थितियों में ड्यूटी करने पर पुलिस कर्मियों की सराहना की।




पर्यटन नगरी मनाली के मालरोड में चहलकदमी करते पर्यटक




# 15 से 28 फरवरी तक पर्यटन स्थल सिस्सू में पर्यटन गतिविधियों पर प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सिस्सू में अब 15 जनवरी से 28 फरवरी तक पर्यटन गतिविधियों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेंगी।

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति की तिनन घाटी की सिस्सू पंचायत की ओर से इस साल भी देव आदेश के बाद यह निर्णय लिया गया है। सिस्सू पंचायत के प्रधान राजीव ने बताया कि राजा घेपन कमेटी, देवी भोटी कमेटी, लबरंग गोंपा कमेटी, सिस्सू पंचायत के महिला व युवक मंडलों ने सर्वसम्मति से इस बार भी यह निर्णय लिया है कि 15 जनवरी से 28 फरवरी तक सिस्सू पंचायत के अंतर्गत सभी गांवों में पर्यटन से जुड़ी सभी गतिविधियां निषेध होंगी। **इस** संबंध में उनके नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार व एसडीएम केलांग रजनीश से मिला। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने 15 से 28 फरवरी तक सिस्सू हैलिपेड की तरफ ट्रैफिक न भेजने का आग्रह किया, ताकि घाटी में कोई अनावश्यक शोर-शराबा न हो। स्थानीय पंचायत की ओर से बुधवार से देव आदेशानुसार यहां पर 15 जनवरी से 28 फरवरी तक पर्यटन गतिविधियों पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया है। इस निर्णय के अनुसार इस बार भी घाटी में 15 जनवरी से 28 फरवरी तक तिनन घाटी में हालड़ा व पुणा उत्सव शुरू होने वाला है। उत्सव के दौरान देवी-देवता शोर-शराबा बर्दाश्त नहीं करते हैं। देव आदेश के चलते पंचायत ने यह प्रस्ताव पारित किया है और इस बारे में जिला प्रशासन को भी अवगत करवा दिया है। लिहाजा, पर्यटक अब 28 फरवरी तक सिस्सू में जाकर बर्फ में अठखेलियां नहीं कर पाएंगे।

## पर्यटकों के बिना छाई रहेगी मायूसी

**अक्तूबर-2020** में अटल टनल रोहतांग के खुलने के बाद लाखों की तादाद में पर्यटक सिस्सू नामक पर्यटन स्थल पर पहुंचते हैं और यहां की नैसर्गिक सुंदरता का आनंद लेते हैं और बर्फ का दीदार करते हैं। लाहौल-स्पीति का सिस्सू पर्यटन स्थल, अब देश भर के सैलानियों के लिए एक प्रसिद्ध सैरगाह बन चुकी है, जहां पर्यटक अटल टनल रोहतांग की सैर के साथ-साथ बर्फ देखने पहुंचते हैं, लेकिन इस बार भी सिस्सू पंचायत ने देवताओं के आदेशानुसार यहां पर किसी भी तरह की गतिविधियां और शोर-शराबे पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिसके चलते अब एक माह से अधिक समय तक बिना पर्यटकों के यहां पर मायूसी छाई रहेगी।

## मकर संक्रांति से देवता तपस्या में रहते हैं लीन

**सिस्सू** पंचायत प्रधान राजीव ने बताया कि पंचायत एक के अधीन आने वाले मंदिरों में मकर संक्रांति से देवता तपस्या में लीन रहते हैं। देवताओं की तपस्या में कोई खलल न पड़े इसको ध्यान में रखते हुए पंचायत द्वारा डीसी लाहौल-स्पीति को इस बार भी सिस्सू में पर्यटनात्मक गतिविधियों पर एक माह के लिए विराम लगाने का ज्ञापन दिया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से भी इस संबंध में आदेश जारी कर दिए जाएंगे।

# 87 .11 ग्राम चरस के साथ दुकानदार गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू के नसोगी में पुलिस ने 87.11 ग्राम चरस के साथ एक दुकानदार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि जब टीम नसोगी में गश्त पर थी, तो एक दुकान में रेड कर 87.11 ग्राम चरस बरामद की।

पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना मिली कि आरोपी चरस बेचता है। इस दौरान जब उसकी दुकान की तलाशी ली, तो चरस बरामद हुई। एसपी डॉ. कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन ने कहा कि आरोपी की पहचान नंत राम निवासी नसोगी मनाली के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी गई है। उधर, पुलिस ने ब्यासर और जरी क्षेत्र में दो महिलाओं को अवैध शराब के साथ पकड़ा है। महिलाओं के खिलाफ पुलिस ने आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## अवैध शराब बरामद

गश्त के दौरान पुलिस ने ब्यासर में एक दुकान में रेड की। इस दौरान वहां पर 5 लीटर अवैध शराब मिली। आरोपी महिला सुनीता के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। उधर, पार्वती वैली के जरी में पुलिस ने गश्त के दौरान एक नेपाली महिला नवीना के ठिकाने पर रेड की। इस दौरान पुलिस ने वहां से 8 लीटर अवैध शराब बरामद की। एसपी ने मामले दर्ज होने की पुष्टि की है।

# सभी जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाई जाएगी आवश्यक राहत सामग्री : राहुल कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में जिला रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा जरूरतमंद दिव्यांगजनों को राहत सामग्री वितरित की।

केलांग मुख्यालय के समीप युरनाथ पंचायत के स्टिंगरी गांव में डीसी लाहौल-स्पीति एवं अध्यक्ष जिला रेड क्रॉस सोसायटी राहुल कुमार ने दिव्यांगजन का कंबल व आवश्यक राहत सामग्री वितरित कर कुशल क्षेम जाना और उन्हें आश्वस्त करते हुए कहा कि निकट भविष्य में उन्हें आवश्यक राहत सामग्री समय-समय पर प्रशासन द्वारा उपलब्ध करवाई जाती रहेगी। डीसी ने कहा कि जिले में गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले अक्षम जरूरतमंद लोगों को भी आवश्यक राहत सामग्री समय-समय पर उपलब्ध करवाई जा रही है। जिले में 11 दिव्यांगजनों को जिला कल्याण विभाग द्वारा चिन्हित किया गया है, जिन्हें सर्दियों के मौसम में ईंधन लकड़ी के तंदूर, कंबल व अन्य जरूरत का सामान की नितांत आवश्यकता थी इन्हें जल्द ही आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध करवाई जा जा रही है ।

# उझी घाटी में धूमधाम से मनाया दियाली पर्व, गालियां देकर भगाए भूत-प्रेत

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**



उझी घाटी में धूमधाम से दियाली पर्व मनाया गया। इस दौरान जहां ग्रामीणों ने सदियों पुरानी परंपराओं का निर्वहन करते हुए पूजा-पाठ करने के साथ अपने-अपने अधिष्ठाता का आशीर्वाद लिया।

वहीं, लोगों ने अपने घरों के बाहर मशालें जलाकर और अश्लील गालियां देकर बुरी शक्तियों को भी भगाया। पौष माह अंधेरा महीना होने के कारण उझी घाटी पर प्रेतात्माओं का साया आने लगता है, जिसे भगाने के लिए मशालें जलाई जाती हैं। देवभूमि कुल्लू की उझी घाटी में सदियाला एक जनवरी से शुरू हो रहा है। जानकारी के अनुसार सदियाले का आगाज नग्गर स्थित देवी-देवताओं की जगती पट्ट से हुआ, जिसमें घाटी की पहली मशाल जलाई गई। इस मशाल के जलने के बाद दूसरे गांव के लोगों ने अपने घरों के बाहर मशालें जलाना आरंभ किया। लोक मान्यता के अनुसार जगती के बाहर जलने वाली मशाल एक तरह से उझी घाटी में सदियाले के आगाज के संकेत रूप में देखी जाती है। इस मशाल के जलने के बाद बड़ाग्रा, कटराई व जांगा, बाड़ी जेड़ी के लोगों ने इसे देखकर अपने-अपने घरों में एक-एक मशाल जलाई। यह कार्यक्रम अंधेरा होने के तुरंत बाद शुरू हो जाता है तथा देर रात 12 बजे तक चलता है। इस दौरान दृश्य पूरी तरह से दीवाली जैसा होता है। दियाली के आगाज के साथ गनेड़ मेला भी शुरू हो जाता है। गनेड़ एक तरह से रस्साकशी का खेल है, जिसे गांव के लोग आपस में रस्साकशी करते हैं। यह खेल एक धार्मिक आस्था का प्रतीक होता है।

## देवताओं का हुआ भव्य मिलन

इस अवसर पर कटराई दियाली में देवता जमलू छानी व बाबा वीर नाथ का भव्य मिलन हुआ। ढोल-नगाड़ों की थाप पर देवलुओं ने घर-घर जाकर दियाली की परंपरा का निर्वहन किया। दियाली के मौके पर पारंपरिक पकवान भी मेहमानों को परोसे गए। वीरवार को नगर में गनेड़ उत्सव मनाया जाएगा, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी।

**प्रदर्शनी** कलाकारों ने चित्रों में अपने नजरिए से समाज को दिया संदेश, ओलगा ने किया उद्घाटन

# रौरिक आर्ट गैलरी में 29 कलाकारों के चित्रों की लगी प्रदर्शनी

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**



अंतरराष्ट्रीय रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट नग्गर में मंगलवार को देश के लगभग 29 कलाकारों की अस्तित्व ग्रुप की अंजली सेठी मल्होत्रा की क्यूरेटरशिप और इनसाइट आर्ट ग्रुप की ओर से दिल्ली के सिकंद्र जांगड़ा की क्यूरेटरशिप में कला प्रदर्शनी का आयोजन हुआ।

इस प्रदर्शनी का उद्घाटन सहायक रशियन क्यूरेटर ओलगा कारसेवा ने किया। इस अवसर पर भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार नड्डा मुख्यातिथि के रूप में मौजूद थे। मुख्यातिथि ने इस अवसर पर सभी कलाकार मेहमानों का स्वागत करते हुए कलाकारों की कार्यक्षमता की सराहना की।

उन्होंने सभी कलाकारों का प्रदर्शनी लगाने के लिए धन्यवाद किया और कहा कि रौरिक आर्ट गैलरी के प्रदर्शनी कक्ष में इस तरह की प्रदर्शनियां लगती रहती हैं, जो रौरिक आर्ट गैलरी की शोभा है और नए कलाकारों के लिए एक मंच है। सभी चित्रकार रौरिक आर्ट गैलरी में एक वर्कशॉप का भी आयोजन कर रहे हैं जिसमें सभी अपने-अपने अंदाज से चित्रकारी करेंगे। इस अवसर पर सभी कलाकार और कुल्लू घाटी के गणमान्य लोग मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## चित्रों में दर्शाई प्रकृति

**प्रदर्शनी** में लगे चित्रों में बहुत से चित्रकारों ने प्रकृति को बड़े ही अनोखे ढंगों से अपने चित्रों में दर्शाया है तो अन्य चित्रकारों ने अध्यात्म के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के चित्र बनाकर अध्यात्म बारे जानकारी दी है। कलाकारों ने मुख्य रूप से बुद्ध, औरत के विभिन्न रूप, पहाड़ों, नदियों, पहाड़ी संस्कृति के चित्र बहुत ही मनमोहक तरीके से बनाए हैं।

**3 जनवरी तक लगेगी प्रदर्शनी**

प्रदर्शनी में लगभग 80 चित्र और असंख्स छोटे चित्र प्रदर्शन पर हैं। यह प्रदर्शनी 3 जनवरी 2025 तक पर्यटकों के अवलोकन के लिए खुली रहेगी।

## चारकोल, कैनवास, एकरलिक और ऑयल रंग का किया प्रयोग

**चित्रकारों** ने अपने अपने चित्र बनाने के लिए चारकोल, कैनवास, एकरलिक और ऑयल रंग इत्यादि सामग्री का प्रयोग किया है। सभी चित्रकार अंतरराष्ट्रीय प्रतिभा सम्पन्न कलाकार हैं और कला विकास में उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। सभी चित्रकार निकोलस रौरिक की कर्मस्थली में प्रदर्शनी लगाकर अपने आपको गौरवांवित महसूस कर रहे हैं।

# धर्मशाला की सेंट्रल यूनिवर्सिटी में पावर प्वॉइंट प्रेजेंटेशन देगी निरमंड की कृतिका

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**



निरमंड स्कूल की कृतिका शर्मा धर्मशाला की सेंट्रल यूनिवर्सिटी में फिट इंडिया टॉपिक पर अपनी प्रेजेंटेशन देगी। माय भारत पोर्टल के तहत यंग इंडिया डायलॉग कार्यक्रम के तहत पूरे देश भर में विभिन्न चरणों में प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में निरमंड स्कूल की कृतिका शर्मा का चयन यंग इंडिया डायलॉग के तीसरे चरण के लिए हुआ है।

निरमंड एनएसएस यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी रवि शर्मा और बबीता कश्यप ने बताया कि यंग इंडिया डायलॉग के तहत सबसे पहले पूरे देश स्तर पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें निरमंड यूनिट की दो छात्राओं का चयन हुआ था, इसके बाद द्वितीय चरण में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कृतिका शर्मा ने इस चरण को भी पर कर लिया है। निबंध के दूसरे चरण को क्वालीफाई करने की सूचना कृतिका को सेंट्रल यूनिवर्सिटी धर्मशाला से सूचना प्राप्त हुई। इस सुखद समाचार को प्राप्त कर जहां कृतिका के पिता तेज कुमार शर्मा, माता अरुण शर्मा और बहन जागृति शर्मा बेहद खुश है। वहीं, उनके मार्गदर्शक रहे अध्यापक रवि शर्मा, बबीता कश्यप भी बेहद खुश है। आगामी 2 जनवरी को सेंट्रल यूनिवर्सिटी धर्मशाला में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से कृतिका शर्मा अपनी प्रस्तुति देगी, अगर यहां से भी कृतिका शर्मा का चयन होता है, तो उन्हें आगामी 11, 12 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष भारत मंडप में रूबरू होने का मौका मिलेगा। उधर, विद्यालय के प्रधानाचार्य जगजीवन पॉल शर्मा और स्कूल प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप सनेही के अलावा विद्यालय के अध्यापकों ने भी कृतिका को बधाई दी है। (अनंत ज्ञान)

# नववर्ष पर शूलिनी माता के मंदिर में उमड़ा जनसैलाब



**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन की अधिष्ठात्री मां शूलिनी के मंदिर में साल के पहले दिन सैकड़ों भक्तों ने शीश नवाया। बुधवार को मंदिर परिसर में दर्शन के लिए सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने मंदिर परिसर के बाहर धूप-दीप जलाकर बेहतरीन साल की मनोकामना की। मंदिर में दर्शन करने के बाद श्रद्धालुओं ने मुख्य द्वार पर दीप जलाकर पूजा की। इस दौरान भक्तों ने मंदिर के बाहर मां शूलिनी के नाम के जयकारे लगाए। साथ ही मां के समक्ष शीश नवाकर लोगों ने परिवार के सुख-समृद्धि व स्वास्थ्य की कामना की।

# सोलन वासियों को वार्ड क्षेत्रों में सीसीटीवी लगने का इंतजार

## नगर निगम ने निर्भया योजना के तहत 2 करोड़ का एस्टीमेट केंद्र सरकार की मंजूरी को भेजा, 148 कैमरे लगाने की मांग

**आर मोहन चौहान, सोलन**

महिला सुरक्षा, सार्वजनिक स्थानों में नशा वृत्ति और चोरी आदि की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए सोलन वासियों को शहर में सीसीटीवी कैमरा लगने का इंतजार है पर बजट की कमी के कारण योजना अभी अधर में लटकी है, नगर निगम सोलन ने शहर के वार्ड क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए पुलिस विभाग की मदद से करीब 2 करोड़ रुपए एस्टीमेट तैयार करवाया है, जिससे निर्भया फंड के तहत केंद्र सरकार की मंजूरी को भेजा है। सयोजना के तहत शहर की 296 साइट में 148 सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग है। इसके लिए नगर पार्षदों से सुझाव मांगे गए थे। (अनंत ज्ञान)

### आपराधिक घटनाओं पर लगेगा अंकुश



**सार्वजनिक** स्थानों, शहर के भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों, तंग गलियों में महिलाओं को छेड़खानी का सामना करना पड़ता है, लेकिन सुबूत के अभाव में आरोपी को पकड़ना मुश्किल हो जाता है। इसी तरह पार्क और अन्य जगह में नशे आदि का सेवन करने वाले तत्वों पर भी बिना कैमरे के कार्रवाई करना मुश्किल हो जाता है। कैमरा लगने की स्थिति में शहर के वार्ड क्षेत्र में जहां महिला सुरक्षा तय होगी। वहीं, चोरी आदि की आपराधिक घटनाओं और सार्वजनिक स्थानों में नशा आदि करने वाले तत्वों पर भी अंकुश लगेगा। नगर निगम ने अपने पास से संबंधित क्षेत्र में लगने वाले संभावित स्थानों की सूची मांगी है। इन कैमरों को पुलिस विभाग के सर्विलांस से जोड़ा जाएगा। साथ ही मध्य क्षेत्र के पार्षद भी इसमें 24 घंटे अपने मोबाइल में कैमरे की गतिविधियों को चेक कर सकेंगे।



**सोलन** शहर में महिला सुरक्षा, सार्वजनिक स्थानों पर नशावृत्ति और चोरी आदि की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए वार्ड क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना है। इसके लिए 2 करोड़ रुपए का एस्टीमेट तैयार किया गया है। इस राशि को निर्भया फंड से मंजूर करवाने के लिए केंद्र सरकार की मंजूरी को भेजा गया है।

**उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

### पुलिस की मदद से लगे 8 लाख रुपए के कैमरे

**शहर** में इस योजना से पहले भी निगम ने पुलिस विभाग के सहयोग से करीब 8 लाख रुपए खर्च कर सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। यह कैमरे मालरोड, ओल्ड डीसी ऑफिस, पुराना बस स्टैंड के आसपास क्षेत्रों में लगाए गए हैं, जो 24 घंटे पुलिस की सर्विलांस पर रहते हैं। इससे ट्रैफिक कंट्रोल, ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले तत्वों पर लगाम कसी जा रही है साथ ही शहर में घूम रहे संदिग्ध लोगों पर भी कैमरे की नजर से निगरानी की जा रही है।

### वार्डों में लगने वाले कैमरों की प्रस्तावित सूची

**वार्ड-1** में पंच परमेश्वर मंदिर, जीत ढाबा गोयल मोटर्स, हीरो हौंडा शोरूम, ओल्ड टीसीपी रोड, डूंगा मोड़, विकास मोहल्ला, पाइन स्टेट कॉलोनी, उदय विहार, वार्ड-2 में चिल्ड्रंस पार्क बैक साइड, आनंद विहार, भवानी ज्वैलर्स बैक साइड, पावर हाउस, साहनी मोहल्ला, वार्ड-3 में ग्रीन होटल के सामने से रेलवे ट्रैक, रेलवे ट्रैक ओल्ड लाइब्रेर, नियर डीएवी स्कूल सरिता विहार कॉलोनी, नत्थू स्वीट नियर बायपास, ओल्ड जेल रोड नियर सब्जी मंडी, सेंट कॉलेज बाइपास, रेलवे लाइन ट्रैक आर्मी एरिया, नजदीक ओल्ड बस स्टैंड पब्लिक टॉयलेट, वार्ड-4 में नजदीक रेलवे क्रॉसिंग चंबाघाट, फ्रेंड्स कॉलोनी चंबाघाट, बेर काटला, न्यू ब्रुवरी, सलोगड़ा रेलवे रोड, करोल विहार कॉलोनी, पटवारखाना कठलोग, नजदीक मजगांव होटल, सोहन कॉलोनी, वार्ड-5 में लोअर बाजार अग्रसेन स्टैचू नियर अग्रवाल धर्मशाला, नियर अग्रवाल सभा, गली नजदीक हेड पोस्ट ऑफिस, बावड़ी मोहल्ला, कसाई गली, बिहाइंड ओल्ड जेल, नजदीक सतपाल शर्मा रेजिडेंस ऑपोजिट मोहन कॉलोनी, वार्ड-6 में मथुरा रेडियो नियर योगेश होटल, सर्कुलर रोड ऑपोजिट एस-मार्ट, एडिडास यूबीआई मार्केट, चौक बाजार कीर्ति बेंगल, नियर मेयर हाउस, सर्कुलर रोड, नियर चर्च मालरोड, डीसी ऑफिस ओझा मोहल्ला, नियर एस-मार्ट टेलर स्टेयर्स, नियर पीडब्ल्यूडी कॉलोनी, नियर सोप फैक्टरी, नियर सुधा मित्तल होम, स्वामी होम जवाहर पार्क, ब्रह्मकुमारी आश्रम, वार्ड-7 में धोबी घाट रोड ऑपोजिट पीसी ज्वेलर्स, नजदीक ग्रोवर हाउस, सत्य ज्वेलर्स धोबी घाट रोड, संस्कृत कॉलेज, गुलशन का आरा, नियर एमसी हॉल एंट्री, नियर हरि मंदिर, तहसील, वेटेरनरी अस्पताल, पानी की बावड़ी पटराड रोड, नियर विजय कुमार, मुनिया हाउस को सूची में डाला गया है।

### अन्य वार्डों की सूची

वार्ड-8 में नजदीक शक्ति नगर, शूलिनी नगर, मोहन कॉलोनी, सोलन गांव, नंदोह गांव, बजरोल रोड, डालडा कॉलोनी, वार्ड-9 में राजगढ़ रोड से लक्कड़ बाजार, हॉस्पिटल डायग्नोस्टिक सेंटर, शूलिनी माता मंदिर शिल्ली, चंडी माता मंदिर, शिशु पार्क, बिलो डीसी रेसिडेंस, वार्ड-10 में फॉरेस्ट रोड एंट्रेंस नजदीक बेदी हाउस, एंट्रेंस पैलेस रोड नियर सतेजा हाउस, एंट्रेंस जेबीटी रोड-कोटलानाला, नजदीक पानी का टैंक नजदीक चार खंबा, एंट्रेंस मधुबन कॉलोनी, ऑफिसर कॉलोनी, नानक विला, वार्ड-11 में डिग्री कॉलेज, कोटला नाला वाइज मनी शॉप, कोटला नाला पानी नियर शर्मा हाउस, डिग्री कॉलेज सूर्य विहार, बीएल सेंट्रल स्कूल, डमरोग रोड, वृंदावन कॉलोनी, वार्ड- 12 में सनी साइड पार्क, नजदीक कोर्ट कांप्लेक्स, नियर टिप टॉप होटल, आनंद विहार, बैक साइड अमित अपार्टमेंट, नियर बाबा हाउस टू सरदार मोहल्ला, लोवर सनी साइड, चंपावत, वार्ड-13 में काली माता मंदिर क्लीन, सीएम रेजिडेंस-रेलवे ट्रेक, सनी साइड पार्किंग, हांडा हाउस क्लीन, प्राइमरी स्कूल क्लीन, दुर्गा माता मंदिर क्लीन, देवीराम हाउस, योगराज हाउस, विधि चंद हाउस, क्लीन ग्राउंड, संतोषी माता मंदिर, वार्ड-14 में करतार हाउस, प्रताप राणा हाउस, वाटर टैंक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेस-1, नजदीक एक्साइज ऑफिस, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेस-1, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी फेस-2, नियर बघाट बैंक, नियर एससीईआरटी, वार्ड-15 में शामती कावड़ी रोड, बायपास कावड़ी चौक, नगरकोटी मोड़ बायपास, पवन विहार, खूंडीधार, सूद आइसक्रीम नजदीक वाटर सोर्स, राजीव जनरल स्टोर, साइंटिस्ट कॉलोनी, एमएस पंवार इंस्टीट्यूट, नेगी कॉलोनी, पटराड़ नजदीक कोटलानाला, शनि मंदिर, लोअर सूर्य विहार, सूर्य विहार, वार्ड-16 में नियर बघाट बैंक, नियर ठाकुर, कृष्ण हाउस आदि जगह कैमरे लगाना प्रस्तावित है।

## न्यूज ब्रीफ

### राज्य स्तरीय अंडर-17 बॉक्सिंग प्रतियोगिता शुरू



**अनंत ज्ञान, अर्की।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक बाल विद्यालय अर्की में राज्यस्तरीय अंडर-17 बाक्सिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला सोलन बॉक्सिंग एसोसिएशन व पंचवीर बॉक्सिंग फेडरेशन के संयुक्त प्रयास से किया गया। प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि अनुज गुप्ता नगर पंचायत अर्की ने भाग लिया। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन होता रहना चाहिए, ताकि बच्चे नशे से दूर रहे। साथ ही उन्होंने बॉक्सिंग खेल को गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया। पंचवीर बॉक्सिंग फेडरेशन के सचिव भीम सिंह ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता में राज्य के 12 जिलों से 140 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। उन्होंने पंचवीर बॉक्सिंग फेडरेशन अर्की के कोच कमलकिशोर ठाकुर की तारीफ करते हुए कहा कि आज उनके द्वारा प्रशिक्षित स्टूडेंट्स प्रदेश ही नहीं, बल्कि राज्यस्तरीय चैंपियनशिप में अपने क्षेत्र व प्रदेश का नाम उज्ज्वल कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि अर्की की एक छात्रा अंजना ठाकुर राष्ट्रीय स्तर पर अर्की व अपनी छाप छोड़ चुकी है।

### स्वास्थ्य मंत्री आज सोलन के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 2 जनवरी, 2025 को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर होंगे। डॉ. शांडिल 2 जनवरी को सायं 4 बजे जिला सोलन के कंडाघाट उपमंडल के सायरीघाट में पर्यटन गतिविधियों के लिए निर्धारित स्थल का दौरा करेंगे।

### शमरोड़ में कंप्यूटर लैब का किया उद्घाटन



**अनंत ज्ञान, सोलन।** राजकीय केंद्र प्राथमिक पाठशाला शमरोड़ में नवनिर्मित कंप्यूटर लैब का उद्घाटन सोलन के समाजसेवी व व्यवसायी मुकेश गुप्ता ने किया। इस मौके पर समाजसेवी सौरभ गुप्ता व समाजसेवी जगमोहन ठाकुर ने विशेषातिथि के तौर पर शिरकत की। इस कंप्यूटर लैब को हेट्रो लैब बद्दी द्वारा 10 कंप्यूटर के अनुदान स्वरूप भेंट से प्रायोजित किया गया। इस कंप्यूटर लैब के बन जाने से अब प्राथमिक पाठशाला शमरोड़ के बच्चे कंप्यूटर पर अपनी उंगलियां दौड़ाएंगे व भविष्य के तकनीकी युग के लिए तैयार होंगे। मुख्यातिथि ने कहा कि शमरोड़ पाठशाला का यह प्रयास इन नौनिहालों के भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगा और इस तरह के कदम अन्य पाठशाला में भी उठाए जाने चाहिए। केंद्र अध्यक्ष मनोहर सिंह ने बताया कि कंप्यूटर लैब के स्थापित होने में अध्यापक शशिपाल का विशेष योगदान रहा है। अध्यापक शशिपाल ने हेट्रो लैब बद्दी के प्लांट हैड वेंकट रेड्डी से पत्राचार एवं संपर्क बनाकर विद्यालय के लिए इतनी बड़ी उपलब्धि प्राप्त की है। इस अवसर पर खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी हरिराम चंदेल, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व प्रधान बलदेव सिंह ठाकुर, पंचायत प्रधान शमरोड़ नंदराम आदि मौजूद रहे।

### नशे के खिलाफ समाज को उठाना पड़ेगा जिम्मा



**बीबीएन।** पुलिस स्टेशन मानपुरा के तहत जिला पुलिस ने नशा निवारण को लेकर पंचायत ढेला के डोडूवाल चौक पर एक सभा का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता पुलिस स्टेशन के प्रभारी श्याम लाल ने की। वहीं, मुख्यातिथि के रूप में जिला पुलिस अधीक्षक विनोद धीमान ने शिरकत की। इस आयोजन में चार पंचायतों ढेला, मानपुरा, खेडा व लोदीमाजरा के नागरिकों व पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया। पुलिस अधीक्षक विनोद धीमान ने अपने भाषण में कहा कि युवा पीढ़ी को दीमक की तरह खाने वाले नशा निवारण तभी संभव है, जब समाज के लोग और पुलिस संयुक्त रूप से इसे जड़ से मिटाने का प्रयास करे। वर्तमान में सिंथेटिक नशे बाजार में आ रहे हैं, अगर उसकी किसी को लत लग जाती है, तो वह जिंदगी भर उससे बाहर नहीं आ सकता है। ऐसे कई लोगों के घर उजड़ रहे हैं। पुलिस कानून के दायरे में रह कर कार्य करती है, लेकिन इसे तभी समाप्त किया जाएगा, जब सभी लोग एक जुट होकर संयुक्त अभियान चलाएंगे।

### ढेला से की नशा निवारण अभियान की शुरुआत

**बद्दी।** जिला पुलिस बद्दी द्वारा मानपुरा पुलिस थाना के अंतर्गत ढेला से नशा निवारण अभियान की शुरुआत की गई। नशा निवारण अभियान को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में एसपी बद्दी विनोद धीमान ने मुख्यातिथि शिरकत कर इस नशा निवारण अभियान का शुभारंभ किया है। इस मौके पर एसपी ने ढेला चौक पर निर्मित पुलिस बूथ का रिबन काटकर उद्घाटन किया। पुलिस ने इस नशा निवारण अभियान के तहत लोगों से नशे से दूर रहने एवं नशा बेचने वाले तस्करों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर शिकायतें पुलिस को करने का आह्वान किया है।

# बारिश के बाद बढ़ी फलदार पौधों की मांग

**अनंत ज्ञान, सोलन**

करीब तीन महीने के सूखे के कारण किसान-बागवान फलदार पौधों की नई पौध नहीं लगा पा रहे थे, लेकिन प्रदेश में बारिश और बर्फबारी के बाद फलदार पौधों की मांग बढ़ गई है।

बागवान कीवी, जापानी समेत गुठलीदार फलों के पौधों की अधिक मांग कर रहे हैं। नौणी विवि में कीवी के पौधे खत्म हो चुके हैं, जबकि गुठलीदार और जापानी फल के 70 फीसदी पौधे बिक चुके हैं, जबकि सेब के पौधों की मांग इस बार कम हुई है। विशेषज्ञों के मुताबिक जड़ों के विकास के लिए यह आवश्यक है कि उन्हें फैलने के लिए जरूरी स्थान और आहार मिले, इसलिए नियत स्थान पर एक घन मीटर का गड्ढा बनाएं। गड्ढे की मिट्टी को 10-12 दिन तक खुला रहने दें, ताकि धूप लग सके। इससे हानिकारक जीवाणु और कीड़े नष्ट हो जाते हैं। पौधा लगाने से लगभग 15-20 दिन पहले गड्ढा मिट्टी से भरें और 20-30 किलोग्राम गली-सड़ी गोबर की खाद और आधा किलोग्राम सुपर फास्फेट भी डालें। इसके बाद पानी डालें, ताकि मिट्टी ठीक ढंग से बैठ जाए। जानकारी के अनुसार, नौणी विवि ने अपनी नर्सरियों में विभिन्न प्रकार के करीब 2 लाख पौधे तैयार कर बिक्री के लिए रखे हैं। इस बार 16 दिसंबर से बिक्री का कार्य शुरू कर दिया था। प्रदेश में बारिश व बर्फबारी न होने से सभी लोग परेशान थे। बारिश-बर्फबारी न होने से सबसे ज्यादा परेशान किसान-बागवान थे, जिन किसानों ने पौधों की खरीद कर ली थी, वह सूखे के चलते बगीचों में नहीं लगा पा रहे थे। वहीं, कुछ किसान-बागवानों ने तो सूखे के चलते पौधों की खरीद ही नहीं की है। अब बारिश के बाद पौधों की मांग भी बढ़नी शुरू हो गई है।



फाइल फोटो।

निदेशक अनुसंधान नौणी विवि डॉ. संजीव चौहान ने कहा कि सूखे के चलते स्टोन फ्रूट्स के मुकाबले सेब के पौधों की बिक्री कम हुई है। इस बार अधिक मांग गुठलीदार, जापानी फल और कीवी की रही है। अगले वर्ष के लिए गुठलीदार फलों के पौधों के बढ़ाने की भी कोशिश की जाएगी।

# परमिट न बनने से खड़े हो गए माल ढुलाई वाहन

**दाड़लाघाट।** दाड़लाघाट और बागा में सीमेंट और क्लिंकर की ढुलाई में लगी सैकड़ों गाड़ियां फिटनेस और परमिट न बनने के कारण खड़ी हो गई हैं। ट्रांसपोर्ट को ऑनलाइन पोर्टल पर 31 दिसंबर 2024 तक की एनओसी जमा करवाने के बाद भी पासिंग फीस नहीं कट रही है और न ही अन्य कागजात बन रहे हैं। इस समस्या के कारण ट्रांसपोर्ट जितेंद्र, विजय राठौर, हेमराज और कैलाश सहित अन्य ऑपरेटर्स ने विभागीय तौर से समस्या का जल्द समाधान करवाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि सरकार ने ऑनलाइन सुविधा ट्रांसपोर्ट को दे रखी है, लेकिन विभाग की अनदेखी से कई ट्रांसपोर्ट दिक्कत का सामना कर रहे हैं। ट्रांसपोर्ट ने बताया कि उन्होंने ऑनलाइन पोर्टल पर सभी आवश्यक दस्तावेज जमा करवा दिए हैं, लेकिन फिर भी उनकी गाड़ियों की पासिंग फीस नहीं कट रही है। इससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है और उनका काम भी प्रभावित हो रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए ट्रांसपोर्ट ने विभाग से अनुरोध किया है कि वे इस मामले में जल्द कार्रवाई करें और उनकी गाड़ियों की पासिंग फीस कटवाएं।

# चेस प्रतियोगिता में भुवन ठाकुर और शीतल रही प्रथम स्थान पर



सोलन बार एसोसिएशन की तरफ से आयोजित चेस प्रतियोगिता के विजेता व अन्य।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला सोलन बार एसोसिएशन ने अधिवक्ता स्वर्गीय नारायण ठाकुर की स्मृति में कोर्ट परिसर में सात दिवसीय चेस प्रतियोगिता का आयोजन किया।

प्रतियोगिता में करीब 70 अधिवक्ता प्रतिभागियों ने भाग लिया। पुरुष वर्ग में भुवन ठाकुर प्रथम, नीरज मेहता दूसरे और देव शर्मा तीसरे स्थान पर रहे, जबकि महिला वर्ग में शीतल प्रथम, प्रियंका दूसरे और सोनिया तीसरे स्थान पर रही। वरिष्ठ अधिवक्ता देवेंद्र ठाकुर ने बताया कि बार एसोसिएशन हर साल इस प्रतियोगिता का आयोजन करती है। इस बार बीते दिनों दिवंगत हुए अधिवक्ता स्वर्गीय नारायण ठाकुर की याद में चेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। समाजसेवी मनीष ने बार एसोसिएशन को 3100 रुपए की राशि प्रदान की।

# जंगली-जानवरों से फसलों को बचाने के लिए किसान खेतों में कर रहे बाड़बंदी

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

नालागढ़ के जंगल के साथ लगती पंचायतों में लोगों ने जंगली जानवरों से निजात पाने के लिए तार से बाढ़ करनी शुरू कर दी है। बारिश के बाद लोगों को गेहूं के उगने की उम्मीद होने पर किसानों ने तार से बाढ़ करनी शुरू कर दी है। चंगर क्षेत्र की पंचायतों में बरूणा, दभोटा, माजरा, बेरछा, मंझोली, ढांग, बघेरी, मस्तानपुरा, महादेव, भोगपुर, रेहडू, रामशहर करीब सभी पंचायतों में जंगली-जानवर नील गाय, बारह सिंघा, सुअर व खरगोश से गेहूं को खतरा बना हुआ है, जैसे ही गेहूं थोड़ी जमीन से बाहर निकलती है, तो यह जानवर किसानों के खेत रात के समय चट कर जाते हैं। इससे बचने के लिए किसानों ने अब तारबंदी करना शुरू कर दी है। किसान टेक चंदेल, बेरछा के जोगिंद्र सिंह जिंदू, पल्ली से सुरेंद्र सौढ़ी, भोगपुर से मास्टर नराता राम आदि ने बताया कि हर साल जंगली-जानवर किसानों की फसल को नुकसान पहुंचाते हैं। किसान तार से बाढ़ करते हैं, लेकिन इसके बावजूद नील गाय तार बाढ़ के ऊपर से छलांग लगाकर गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचाती हैं। जंगल के साथ लगते खेतों में अब किसानों ने बुआई करना ही बंद कर दिया है।



उधर, कृषि विभाग के विषय वाद विशेषज्ञ डॉ. संदीप गौतम ने बताया कि कृषि विभाग ने फैंसिंग के लिए अब दोबारा से अनुदान देना शुरू कर दिया है। किसान तारबंदी के लिए 70 फीसदी तक अनुदान ले सकते हैं और कृषि विभाग की ओर से जारी इस योजना का लाभ ले सकते हैं।

# प्रतिबंध के बावजूद चूड़धार पहुंच रहे लोग

**अनंत ज्ञान, सराहां/राजगढ़**

प्रशासन द्वारा शिमला व सिरमौर जिले की सीमा पर स्थित शिरगुल महाराज की तपोस्थली चूड़धार की यात्रा पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है क्योंकि यहां जाने के लिए पैदल ट्रैक है।

यह पूरा पैदल रास्ता इन दिनों बर्फ से ढका रहता है। बर्फबारी व खराब मौसम के चलते चूड़धार यात्रा पर रोक के बावजूद बाहरी राज्यों से श्रद्धालु चूड़धार के लिए जाने का प्रयास कर रहे है। रास्ते में चार फुट से अधिक बर्फ जमी होने के कारण कई श्रद्धालु रास्ते में ही फंस रहे हैं। चूड़धार में इन दिनों मंदिर की रखवाली के लिए मंदिर स्टाफ के मात्र दो ही कर्मचारी तैनात हैं। इसलिए जो श्रद्धालु रास्ते में फंस रहे हैं, उन्हें रेस्क्यू करने में स्टाफ को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। श्रद्धालु नौहराधार के रास्ते से चूड़धार जा रहे हैं, जब भक्त रास्ते में भटक जाते हैं तो समिति से रेस्क्यू की गुहार लगा रहे हैं। कर्मचारियों को रास्ते में फंस रहे यात्रियों को रेस्क्यू करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंदिर समिति के प्रबंधक श्याम शर्मा ने बताया कि बर्फबारी के दौरान पंजाब के लुधियाना के चार श्रद्धालु नौहराधार के रास्ते से चूड़धार के लिए रवाना हुए थे। खराब मौसम व भारी बर्फबारी के कारण यह श्रद्धालु बीच रास्ते में ही फंस गए थे। श्रद्धालुओं ने मदद के लिए गुहार लगाई। चूड़धार में उस समय दो ही कर्मचारी तैनात थे।



खराब मौसम के कारण रास्ते में फंसे श्रद्धालुओं को रेस्क्यू करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बड़ी मुश्किल से उन्हें चूड़धार पहुंचाया गया। वहां से उन्हें सराहां व चौपाल के रास्ते से वापस भेजा गया। मंदिर समिति के प्रबंधक श्याम शर्मा ने नौहराधार के होटल व्यवसायियों व नौहराधार पुलिस से आग्रह किया कि किसी श्रद्धालु को चूड़धार न भेजें। पीने के पानी की लाइनें एक महीने पहले से ही जाम है। खाना बनाने व पीने के लिए बर्फ को पिघला कर उसका पानी इस्तेमाल करना पड़ रहा है।

# पर्यटन नगरी चायल में कोई रेन शेल्टर न होने से गंभीर परेशानी

**प्रेम कुमार, कंडाघाट**

पर्यटन नगरी चायल के बाजार में कोई भी रेन शेल्टर नहीं है।

इससे आम जनता और पर्यटकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि करीब चार साल पहले ठीक स्थिति का रेन शेल्टर उखाड़ दिया गया और उसके स्थान पर कोई नया रेन शेल्टर नहीं बनाया। चायल प्रसिद्ध पर्यटन नगरी होने के साथ जिला सोलन और शिमला की करीब दस पंचायतों का व्यवसायिक केंद्र है। इलाके की आवाजाही, स्वास्थ्य बिजली और अन्य कई विभागों की सेवाएं यहां स्थित कार्यालयों के माध्यमों से मिलती हैं। यह शिमला, जुन्गा, गिरिपुल, कंडाघाट, सोलन सहित कई स्थानों को आने जाने वाली दर्जनों बसों का ठहराव है। इन कारणों से चायल में क्षेत्र के लोगों और पर्यटकों की भीड़ लगी रहती है। गर्मी, सर्दी, बरसात और बर्फबारी में सिर ढकने के लिए यहां एक भी रेन शेल्टर नहीं है। लोग आराम करने, बसों के इंतजार करते समय खराब मौसम में बहुत परेशान होते हैं। चायल के बस अड्डे पर रेन शेल्टर बना हुआ था। वह ठीक हालत में था और इसकी कमी को पूरा करता था। करीब चार साल पहले लोक निर्माण विभाग ने इसे उखाड़ दिया। उसके बाद यहां नया रेन शेल्टर नहीं बनाया गया। स्थानीय पंचायत के उप प्रधान पंकज ठाकुर, पूर्व प्रधान महेश कनौजिया, पूर्व बीडीसी सदस्य अजय आदि ने रेन शेल्टर की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

# बीबीएन में 48 घंटों में सूर्य देव ने नहीं दिए दर्शन

## मैदानी क्षेत्रों में धुंध से कम होने लगी विजिबिलिटी, बाजारों में लोगों की हलचल कम

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्रों में बर्फबारी और मैदानी इलाकों में इन दिनों घनी धुंध से ठंड अधिक बढ़ गई है। बीते 48 घंटों से औद्योगिक क्षेत्र बद्दी, बरोटीवाला व नालागढ़ में सूरज के दर्शन नहीं हुए हैं।

इसके चलते अब लोगों की बाजारों में भी हलचल कम देखने को मिल रही है। हालांकि जिला सोलन के ऊंचे क्षेत्रों में बसे शहरों में सुबह से ही धूप का नजारा देखने को मिल रहा है, लेकिन पंजाब व हरियाणा राज्य से सटे प्रदेश के औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन में पिछले कुछ दिनों से सूरज आंख मिचौली खेल रहा है और अब बीते 48 घंटों से लगातार गायब है। ऐसे में मौसम विज्ञान विभाग ने भी एडवाइजरी जारी करते हुए फसलों व फलों को पाले से बचाने के लिए उचित दिशा-निर्देश जारी किए हैं। वहीं, पशु पालकों से संबंधित जानकारी साझा की है।



### आगामी दिनों में और बढ़ेगी ठंड

मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार आगामी पांच जनवरी तक तापमान में और गिरावट दर्ज की जाएगी। तीन डिग्री सेल्सियस तक तापमान में गिरावट होगी, जबकि अधिकतम तापमान 18 डिग्री सेल्सियस तक रहने की उम्मीद है। इन दिनों हवा की रफ्तार 10 किलोमीटर प्रति घंटा तक जा सकती है। आने वाले पांच दिनों तक मौसम शुष्क रहेगा और ऐसे में कृषकों पशु पालकों को सुझाव दिया गया है कि फसलों व फलों को पाले से बचाने के लिए सरकंडा घास या सूखी पत्तियां फैलाएं। मौसम विज्ञान विभाग नौणी विश्वविद्यालय की डॉ. पूर्णिमा मेहता का कहना है कि मौसम आने वाले पांच दिनों तक शुष्क रहेगा। हवा की रफ्तार 10 किलोमीटर प्रति घंटा की होगी और तापमान में और गिरावट देखने को मिलेगी। फसलों व फलों को पाले से बचाने के लिए दिए गए सुझावों पर अमल करें।

**आयोजन** डीसी ने जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की, प्रधानमंत्री के नए 15 सूत्री कार्यक्रम के तहत 80 लाख की ऋण सहायता की प्रदान

# पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें अधिकारी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि संबंधित अधिकारी अपने कार्यों को जिम्मेदारी से पूरा करें, ताकि पात्र लाभार्थियों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके।



जिला स्तरीय सतर्कता एवं प्रबोधन समिति बैठक की अध्यक्षता करते डीसी सोलन मनमोहन शर्मा।

मनमोहन शर्मा ने प्रधानमंत्री का नया 15 सूत्रीय कार्यक्रम की त्रैमासिक, अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं प्रबोधन समिति, राष्ट्रीय न्यास अधिनियम, 1999 के अंतर्गत गठित स्थानीय स्तरीय समिति, प्रधानमंत्री आदर्श योजना के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय अभिकरण, दिव्यांगजन अधिकार संरक्षण अधिनियम, 2016 के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। डीसी ने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अनुसूचित जाति विकास कार्यक्रम का उद्देश्य अनुसूचित जाति समुदाय के लिए व्यक्तिगत तथा आधारभूत विकास योजनाओं का कार्यान्वयन कर उनका आर्थिक, सामाजिक तथा शैक्षणिक उत्थान करना है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम-1989 के तहत 56 मामले न्यायालय में विचाराधीन हैं। उन्होंने शिक्षा विभाग व महिला एवं बाल विकास विभागों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि उनके अधिनस्थ संस्थानों में भेदभाव की कोई भी घटना न हो।

प्रधानमंत्री नया 15 सूत्री कार्यक्रम के तहत जिले में 13 अल्पसंख्यकों को विभिन्न आर्थिक क्रियाकलापों के लिए लगभग 80 लाख रुपए ऋण सहायता प्रदान की गई है। बैठक में अल्पसंख्यक वर्ग के कल्याणार्थ के लिए प्रधानमंत्री नया 15 सूत्री कार्यक्रम की एकीकृत बाल विकास सेवाओं की समुचित उपलब्धता, विद्यालय शिक्षा की उपलब्धता को सुधारने, अल्पसंख्यक समुदायों के मेधावी विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति, अल्पसंख्यक समुदायों वाली मलिन बस्तियों की स्थिति में सुधार, उर्दू शिक्षण के लिए अधिक संसाधन, तकनीकी शिक्षा के माध्यम से कौशल उन्नयन जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई।

## न्यूज ब्रीफ

### मेयर ने एमसीसी कैलेंडर-2025 किया जारी



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के मेयर कुलदीप कुमार ने सेक्टर-17 स्थित एमसीसी भवन में नगर निगम चंडीगढ़ के वर्ष 2025 के लिए कैलेंडर जारी किया। इस अवसर पर नगर निगम चंडीगढ़ के आयुक्त अमित कुमार भी उपस्थित थे। मेयर कुलदीप ने कहा कि कैलेंडर का लेआउट डिजाइन स्वच्छता की थीम के तहत तैयार किया गया है और इसे एमसीसी की विभिन्न परियोजनाओं रिड्यूस, रीसाइकिल और रीयूज को प्रदर्शित करके 'आरआरआर' सिद्धांत को समर्पित किया गया है। इस अवसर पर उपस्थित अन्य लोगों में पार्षद गुरप्रीत सिंह गब्बी, संयुक्त आयुक्त जीएस सोढ़ी, ईशा कंबोज और शशि वसुंधरा और एमसीसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे। (अनंत ज्ञान)

### मेयर और आयुक्त ने कर्मचारियों और नागरिकों को नववर्ष की शुभकामनाएं दीं

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** शहर के मेयर कुलदीप कुमार और नगर आयुक्त अमित कुमार ने नववर्ष 2025 के पहले दिन यहां सेक्टर-17 स्थित अग्निशमन एवं बचाव सेवा विभाग में आयोजित अखंड पाठ साहिब में मत्था टेका। उन्होंने नगर निगम की शांति, सद्भाव और प्रगति तथा शहर के नागरिकों की समृद्धि के लिए प्रार्थना की। नववर्ष पर लोगों को बधाई देते हुए मेयर और आयुक्त ने निगम के कर्मचारियों और चंडीगढ़ के नागरिकों को खुशहाल, शांतिपूर्ण और समृद्ध 2025 की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने मौजूदा बुनियादी सुविधाओं के उन्नयन और सेवाओं में दक्षता बढ़ाने के लिए उन्नत तकनीक को शामिल करने के लिए एमसीसी की प्रतिबद्धता को दोहराया।

### जीएसटी संग्रह दिसंबर में 7.3 प्रतिशत बढ़कर 1.77 लाख करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली।** देश में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह दिसंबर महीने में 7.3 प्रतिशत बढ़कर 1.77 लाख करोड़ रुपए रहा है। घरेलू और निर्यात मदों में कर वापसी के बावजूद जीएसटी संग्रह बढ़ा है। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, केंद्रीय जीएसटी संग्रह 32,836 करोड़ रुपए, राज्य जीएसटी 40,499 करोड़ रुपए, एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) 47,783 करोड़ रुपएऔर उपकर 11,471 करोड़ रुपए रहा। इसके साथ कुल माल एवं सेवा कर राजस्व 7.3 प्रतिशत बढ़कर 1.77 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया। एक साल पहले इसी महीने में यह 1.65 लाख करोड़ रुपए था। आलोच्य महीने में घरेलू लेन-देन से जीएसटी 8.4 प्रतिशत बढ़कर 1.32 लाख करोड़ रुपए रहा जबकि आयात पर कर से प्राप्त राजस्व करीब चार प्रतिशत बढ़कर 44,268 करोड़ रुपए रहा।

### भारत-पाकिस्तान ने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किया

**नई दिल्ली।** तीन दशक से अधिक समय से जारी सिलसिले को बरकरार रखते हुए भारत और पाकिस्तान ने एक द्विपक्षीय समझौते के तहत अपने परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का बुधवार को आदान-प्रदान किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सूची का आदान-प्रदान परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमले को रोकने संबंधी एक समझौते के प्रावधानों के तहत हुआ। इसने कहा कि नयी दिल्ली और इस्लामाबाद के बीच राजनयिक माध्यम से सूची का आदान-प्रदान एक साथ किया गया। मंत्रालय ने कहा, ''भारत और पाकिस्तान ने आज राजनयिक माध्यम से नयी दिल्ली और इस्लामाबाद में एक साथ परमाणु प्रतिष्ठानों की सूची का आदान-प्रदान किया।'' इस सूची का आदान-प्रदान कश्मीर मुद्दे के साथ-साथ सीमा पार आतंकवाद को लेकर दोनों देशों के बीच संबंधों में गतिरोध के बीच हुआ है। समझौते पर 31 दिसंबर, 1988 को हस्ताक्षर किए गए थे और 27 जनवरी, 1991 को यह लागू हुआ। समझौते के तहत दोनों देशों के बीच, हर वर्ष की पहली जनवरी को अपने-अपने परमाणु प्रतिष्ठानों के बारे में एक-दूसरे को सूचित करने का प्रावधान है।

### दिल्ली में हवा फिर 'खराब' श्रेणी में पहुंची



**नई दिल्ली।** नए साल के पहले दिन दिल्ली की हवा खराब श्रेणी में रही। सुबह 8 बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 239 दर्ज किया गया, जो 'खराब' श्रेणी में माना जाता है। दिल्ली में सोमवार को वायु गुणवत्ता में थोड़ा सुधार हुआ और बीते सप्ताह में हुई भारी वर्षा के बाद इसका स्तर 'मध्यम' श्रेणी में पहुंच गया। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, नए साल के दिन दिल्ली में न्यूनतम तापमान 8.05 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि साफ आसमान के बीच अधिकतम तापमान 17.98 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है।

### श्रीलंका ने रिहा किए 20 भारतीय मछुआरे

**ढाका।** श्रीलंका की जेलों से रिहा किए गए 20 भारतीय मछुआरे विमान से चेन्नई पहुंच गए हैं। मछुआरों को एक साल पहले श्रीलंकाई नौसेना ने गिरफ्तार किया था। वे तमिलनाडु के पुडुकोट्टई, रामनाथपुरम और तूतूकुड़ी जिलों के निवासी हैं और श्रीलंका की जेलों में थे। भारत और श्रीलंका सरकार के बीच बातचीत के बाद श्रीलंका ने 20 मछुआरों को रिहा कर दिया। उन्हें भारतीय दूतावास के अधिकारियों को सौंप दिया गया, जिन्होंने उन्हें अस्थायी नागरिकता प्रमाण पत्र प्रदान किए। इसके बाद मछुआरों को कोलंबो से चेन्नई हवाई अड्डे पर ले जाया गया।

### इंफाल वेस्ट के गांव में उग्रवादियों का हमला



**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल वेस्ट जिले के कदंगबंद इलाके में बुधवार तड़के उग्रवादियों ने हमला किया। कंगपोकपी जिले के पहाड़ी इलाकों से उग्रवादियों ने अत्याधुनिक हथियारों से कई राउंड गोलियां चलाईं और रात करीब 1 बजे बम फेंके। वहीं, मामले में गांव के स्वयंसेवकों ने जवाबी फायरिंग की और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भेजा गया। हालांकि, इस हमले में किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

# संयुक्त किसान मोर्चा ने पंचकूला बैठक में शामिल होने में असमर्थता जताई

**एजेंसी, चंडीगढ़**

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने किसानों के मुद्दों पर चर्चा के लिए उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति की ओर से तीन जनवरी को पंचकूला में बुलाई गई बैठक में शामिल होने को लेकर बुधवार को असमर्थता व्यक्त की। एसकेएम की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, ''उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति ने किसानों के मुद्दों पर चर्चा के लिए तीन जनवरी को (हरियाणा के पंचकूला में) होने वाली बैठक में शामिल होने के लिए एसकेएम को आमंत्रित किया है।'' इसमें कहा गया है कि अदालत ने किसानों के आंदोलन के कारण पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी बॉर्डर पर नाकेबंदी के संदर्भ में समिति का गठन किया था, लेकिन एसकेएम उस आंदोलन का हिस्सा नहीं है।



संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) के बैनर तले किसान दिल्ली कूच से रोके जाने के बाद 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी बॉर्डर पर डेरा डाले हुए हैं।

वरिष्ठ किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल 26 नवंबर से खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन पर हैं ताकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी समेत किसानों की मांगों को स्वीकार करने का दबाव बनाया जा सके।

बयान में कहा गया है, ''एसकेएम सैद्धांतिक रूप से अदालत के हस्तक्षेप को स्वीकार नहीं करता है क्योंकि किसान केंद्र सरकार के साथ नीतिगत मुद्दों पर लड़ रहे हैं। इसलिए, अदालत की कोई भूमिका नहीं है।'' इसमें कहा गया है कि इस संदर्भ में एसकेएम समिति से चर्चा के लिए आमंत्रण स्वीकार करने में असमर्थ है।

उच्चतम न्यायालय ने सितंबर, 2024 में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश नवाब सिंह की अध्यक्षता में समिति का गठन किया था।

संपर्क करने पर एसकेएम के वरिष्ठ नेता हरिंदर सिंह लाखोवाल ने कहा कि मंगलवार को किसान संगठन की बैठक हुई और यह निर्णय लिया गया कि वे अदालत द्वारा नियुक्त समिति की ओर से पंचकूला में बुलाई गई बैठक में शामिल नहीं होंगे।

एसकेएम हालांकि शंभू और खनौरी में जारी किसान आंदोलन का हिस्सा नहीं है, लेकिन लाखोवाल ने कहा कि उच्चतम न्यायालय को केंद्र को प्रदर्शनकारी किसानों के साथ बातचीत करने और गतिरोध समाप्त करने का निर्देश देना चाहिए क्योंकि डल्लेवाल 37 दिन से आमरण अनशन पर हैं।

# अमेरिका भेजने का झांसा देकर लाखों रुपए की ठगी

**एजेंसी, जींद**

हरियाणा में एक पुलिसकर्मी सहित दो लोगों को अमेरिका भेजने का झांसा देकर उनसे लाखों रुपए ठगने के दो अलग-अलग मामलों में दो नामजद सहित तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकियां दर्ज की गई हैं। पहला मामला उरलाना कलां का है, जहां हरियाणा पुलिस में तैनात सहायक उपनिरीक्षक मेजर सिंह ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि वह अपने बेटे सतनाम को अमेरिका भेजना चाहता था, जिसके लिए उसने किसी के जरिये मुंबई के रहने वाले पूर्ब ओबान से संपर्क किया।

शिकायतकर्ता के मुताबिक, 15 लाख रुपए में पुलिसकर्मी के बेटे को अमेरिका भेजने की बात तय हुई, जिसके लिए उन्होंने पूर्ब को दो लाख रुपए बतौर एडवांस दिए। पूर्ब ने 25 मार्च 2023 तक उसे विदेश भेजने का आश्वासन दिया, लेकिन जब काफी वक्त बीत गया और आरोपी ऐसा करने में नाकाम रहा तो पीड़ित ने उससे संपर्क किया।

शिकायतकर्ता ने बताया कि जब उन्होंने पैसे वापस करने के लिए दबाव बनाया तो आरोपी ने 50 हजार रुपए वापस कर दिए, लेकिन डेढ़ लाख रुपए लौटाने से मना कर दिया। पुलिस के मुताबिक, शिकायत के आधार पर सफीदों थाने में पूर्ब ओबान के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

दूसरा मामला सफीदों थानाक्षेत्र का ही है, जहां वर्क वीजा पर अमेरिका भेजने का झांसा देकर पीड़ित से 15 लाख रुपए ठगने के आरोप में बपिता-पुत्र के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

राहडा मोहल्ला के रहने वाले संजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सफीदों के रहने वाले इशु और उसका पिता संजय शर्मा अक्सर उसकी सीमेंट, बजरी की दुकान पर आते-जाते रहते थे। इशु ने उसे बताया कि उसके पिता संजय शर्मा पिछले दो वर्ष से अमेरिका में रहकर अच्छी कमाई कर रहे हैं और वह पीड़ति के बेटे को वर्क वीजा पर अमेरिका भेज कर विदेश में काम दिलवा देंगे। एशिकायतकर्ता ने बताया कि अमेरिका भेजने की एवज में 42 लाख रुपए मांगे गये, जिसमें 15 लाख रुपए अगस्त में उसने आरोपियों को दे दिए।

## दलित छात्रा की आत्महत्या के मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**एजेंसी, भिवानी (हरियाणा)**

भिवानी के सिंघानी में एक निजी कॉलेज की छात्रा के कथित खुदकुशी के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को बुधवार को गिरफ्तार किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान राहुल के रूप में हुई, जिस पर पहले से ही साइबर धोखाधड़ी के तीन मामले दर्ज हैं और वह जेल भी जा चुका है।

सिंघानी में शारदा कॉलेज की एक दलित छात्रा ने 24 दिसंबर को खुदकुशी कर ली थी। यह कॉलेज लोहारू से कांग्रेस के विधायक राजबीर फरटिया का है। छात्रा के पिता ने फीस न देने पर कॉलेज प्रशासन पर उनकी बेटी को प्रताड़ित किए जाने का आरोप लगाया था।

इस मामले की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) के प्रमुख पुलिस उपाधीक्षक दलीप सिंह ने कहा कि दलित छात्रा की आत्महत्या के मामले में राहुल को गिरफ्तार किया गया है जो कि मुख्य आरोपी है।

उन्होंने कहा, ''जांच में पता चला कि राहुल बार-बार फोन कर छात्रा को परेशान कर रहा था। छात्रा द्वारा खुदकुशी किए जाने से कुछ देर पहले भी राहुल ने उसे फोन किया था।'' सिंह ने कहा, ''प्राथमिकी में राहुल के पिता हनुमान का नाम भी है जो अभी जांच में शामिल नहीं हुए हैं।'' बताया जाता है कि राहुल के पिता हनुमान, कॉलेज के मालिक एवं कांग्रेस विधायक राजबीर फरटिया के नजदीकी रिश्तेदार हैं।

## पंजाब बसपा के पूर्व अध्यक्ष जसवीर गढ़ी 'आप' में शामिल

**चंडीगढ़।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की पंजाब इकाई के पूर्व अध्यक्ष जसवीर सिंह गढ़ी बुधवार को अपने समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी (आप) में शामिल हो गए। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने उनका पार्टी में स्वागत किया और सामाजिक न्याय और समावेशी शासन के प्रति आप की प्रतिबद्धता का उन्हें आश्वासन दिया। गढ़ी के साथ बसपा की पंजाब इकाई के पूर्व महासचिव जसप्रीत सिंह भी आप में शामिल हुए।

सीएम मान ने गढ़ी का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा, ''आम आदमी पार्टी बाबासाहेब डॉ. बी. आर. आंबेडकर और (बसपा संस्थापक) कांशीराम के आदर्शों को आगे बढ़ाने के लिए समर्पित है।

# उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाया जाएगा : सीएम धामी

**अनंत ज्ञान, देहरादून**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से नववर्ष के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायकगणों, भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारियों, भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों, भारतीय वन सेवा के अधिकारियों, प्रान्तीय सेवा के अधिकारियों एवं प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने भेंट कर नव वर्ष की शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री ने नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए सभी के मंगलमय जीवन की कामना की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नव वर्ष पर हमें



नए संकल्प के साथ आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि सभी प्रदेशवासियों के योगदान से उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाया जाएगा।

उन्होंने सभी से राज्य के विकास में सहयोगी बनने की भी अपेक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर गया है। उत्तराखंड को हर क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए सबको सामुहिक प्रयास करने होंगे।

## देश-विदेश

## महाराष्ट्र के जलगांव में 2 गुट भिड़े, 6 गाड़ियां-15 दुकानें जलाईं, कर्फ्यू लगा

**एजेंसी, मुंबई**

**महाराष्ट्र** के जलगांव के पारधी में 31 दिसंबर की रात मंत्री गुलाब राव पाटिल के समर्थकों और स्थानीय लोगों के बीच झड़प हो गई। इसके बाद भीड़ ने 6 गाड़ियों और 15 दुकानों में आग लगा दी। देर रात फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई। इसके बाद जलगांव में 2 जनवरी की सुबह 6 बजे तक के लिए कर्फ्यू लगा दिया गया है।

मंत्री गुलाब राव पाटिल की गाड़ी में उनका परिवार नए साल के जश्न में शामिल होने गया था। ड्राइवर ने हॉर्न बजाने और टक्कर लगने पर गांव वालों से बहस की। झगड़े की खबर लगने पर गांव के कुछ लोग और शिवसेना के कार्यकर्ता भी आ गए। इसके बाद वहां खड़ी गाड़ियों और दुकानों में आग लगा दी। पुलिस ने 25 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।



### आठ आरोपी हिरासत में लिए, पूछताछ जारी

**पुलिस** ने 8 लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। एडिशनल एसपी कविता नेरकर ने बताया कि 20 से 25 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ धरणगांव पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया है। जलगांव के कई इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।

### ड्रोन हमले में हमास कमांडर अब्द अल-हादी सबा ढेर

**तेल अवीव।** इसराइल की सेना ने ड्रोन हमले में हमास कमांडर अब्द अल-हादी सबा के मारे जाने की पुष्टि की है। सबा 7 अक्तूबर को किबुत्ज नीर ओज पर हुए हमले का मुख्य आरोपी था। आईडीएफ के अनुसार, हमास कमांडर सबा ने 7 अक्तूबर 2023 को हुए नरसंहार के दौरान किबुत्ज नीर ओज पर हमले का नेतृत्व किया था। हमास की पश्चिमी खान यूनिस बटालियन में नुखबा प्लाटून कमांडर सबा को दक्षिणी गाजा के खान यूनिस इलाके में मार गिराया गया। आईडीएफ ने कहा कि यह कार्रवाई खुफिया जानकारी के आधार पर की गई।



### केजरीवाल ने मोहन भागवत को पत्र लिखकर पूछा सवाल

# क्या भाजपा के 'गलत कामों' का समर्थन करता है आरएसएस?

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**आम** आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत को पत्र लिखकर भाजपा पर दिल्ली में मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने और पैसे बांटने का आरोप लगाया। केजरीवाल ने दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आरएसएस प्रमुख को लिखे पत्र में कई सवाल उठाए हैं।



दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री ने भागवत से पूछा कि क्या आरएसएस भाजपा द्वारा किए गए 'गलत कामों' का समर्थन करता है? उन्होंने पूछा कि क्या आरएसएस वोट खरीदने के लिए भाजपा नेताओं की ओर से खुलेआम पैसे बांटे जाने और भगवा पार्टी की ओर से 'बड़े पैमाने पर' पूर्वांचली व दलित वोटरों के नाम मतदाता सूची से हटाने का समर्थन करता है? भाजपा ने 'आप' और केजरीवाल पर दिल्ली में कथित तौर पर अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्या व बांग्लादेशियों को दस्तावेज मुहैया कराकर और पैसे बांटकर चुनाव में वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करने करने का आरोप लगाया है।

## बांग्लादेश : सरकार या कोर्ट के प्रतिबंध लगाने तक चुनाव लड़ सकती है अवामी लीग

**एजेंसी, ढाका**

**बांग्लादेश** के मुख्य चुनाव आयुक्त एएमएम नसीरुद्दीन ने कहा कि अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग पर यदि सरकार या न्यायपालिका प्रतिबंध नहीं लगाती तो पार्टी चुनाव लड़ सकती है।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग पूरी तरह स्वतंत्र है और उस पर कोई बाहरी दबाव नहीं है। हम निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सीईसी ने पिछले चुनावों में फर्जी मतदाताओं के मुद्दे को भी स्वीकार किया और मतदाता पंजीकरण में गिरावट का कारण मतदान प्रक्रिया में अविश्वास को बताया। उन्होंने जल्द ही मतदाता सूची अद्यतन करने की योजना की घोषणा की।

# 2025 को घोषित किया 'सुधारों का वर्ष'

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** ने बुधवार को 2025 को रक्षा सुधारों का वर्ष घोषित किया और कहा कि इसका उद्देश्य सेना के तीनों अंगों के बीच तालमेल बढ़ाने के लिए एकीकृत सैन्य कमान शुरू करना व सेना को तकनीकी रूप से उन्नत और युद्ध के लिए तैयार बल में बदलना है।

रक्षा मंत्रालय ने जिन सुधारों की योजना बनाई है उनका व्यापक

**21वीं सदी की चुनौतियों के बीच भारत की सुरक्षा एवं संप्रभुता सुनिश्चित करेंगे : राजनाथ**

उद्देश्य रक्षा अधिग्रहण प्रक्रियाओं को सरल और समयबद्ध बनाना, प्रमुख हितधारकों के बीच गहन सहयोग सुनिश्चित करना, बाधाओं को दूर करना, अक्षमताओं को समाप्त करना और संसाधनों का अधिक से अधिक उपयोग करना है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि यह सुधार देश की रक्षा तैयारियों में 'अभूतपूर्व' प्रगति की नींव रखेंगे और 21वीं सदी की चुनौतियों के बीच भारत की सुरक्षा एवं संप्रभुता सुनिश्चित करेंगे। सैन्य कमान को लेकर रक्षा मंत्रालय की यह योजना



इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि इससे 2025 में सुधार उपायों को लागू करने की योजना का संकेत मिलता है। एकीकृत सैन्य कमान मॉडल के तहत सरकार सेना, वायुसेना और नौसेना की क्षमताओं को एकीकृत करना चाहती है तथा युद्ध एवं अभियानों के दौरान उनके संसाधनों का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहती है।

# 10 वर्ष में स्पेस इकोनॉमी 5 गुना बढ़कर 44 बिलियन डॉलर होगी : जितेंद्र सिंह

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**केंद्रीय** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने कहा कि अगले दशक में भारतीय अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था करीब 5 गुना बढ़कर 8.4 बिलियन डॉलर से करीब 44 बिलियन डॉलर हो जाएगी। इस सेक्टर में निवेश 2023 में ही 1,000 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है, जिससे भारत वैश्विक स्तर पर की प्लेयर बन गया है।



भारत का अंतरिक्ष क्षेत्र विदेशी मुद्रा कमाने वाले क्षेत्र के रूप में भी उभरा है। विदेशी सैटेलाइट लांच करने के साथ अर्जित 220 मिलियन यूरो में से 187 मिलियन यूरो पिछले आठ साल में अर्जित किए गए हैं। इसरो की सेवाओं से लाभ पाने वालों में अमेरिका, फ्रांस, जापान और दूसरे देश शामिल हैं। इसरो के स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (एसपीएडीएक्स) मिशन की सराहना करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि भारत को अंतरिक्ष डॉकिंग टेक्नोलॉजी में ग्लोबल लीडर के बराबर खड़ा करती है। स्पैडएक्स मिशन इसरो द्वारा एक महत्वपूर्ण परियोजना है, जिसका उद्देश्य दो छोटी सैटेलाइट का इस्तेमाल कर स्पेसक्राफ्ट के डॉकिंग और अनडॉकिंग के लिए टेक्नोलॉजी का विकास और प्रदर्शन करना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि ये क्षमताएं सैटेलाइट सर्विस, स्पेस स्टेशन ऑपरेशन और इंटरप्लेनेटरी एक्सप्लोरेशन सहित भविष्य के मिशनों के लिए महत्वपूर्ण हैं। इस मिशन में डॉकिंग के बाद की गतिविधियां भी शामिल हैं, जिसमें स्पेसक्राफ्ट स्वतंत्र पेलोड ऑपरेशन संचालित करता है। डॉ. सिंह के अनुसार डॉकिंग 7 जनवरी दोपहर में होने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि डिपार्टमेंट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी और इसरो के बीच सहयोग हुआ है। यह सहयोग स्पेस में बायोलॉजी एप्लीकेशन को एक्सप्लोर करने से जुड़ा है।

## सेंसेक्स 368 और निफ्टी में 98 अंक का उछाल





**मुंबई।** शेयर बाजार में पहली जनवरी को बढ़त देखने को मिली है। सेंसेक्स 368 अंक की बढ़त के साथ 78,507 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 98 अंक की तेजी रही। यह 23,742 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 23 में तेजी और 7 में गिरावट देखने को मिली। वहीं निफ्टी के 50 शेयरों में से 37 में तेजी और 13 में गिरावट रही। ऑटो और बैंकिंग शेयर्स में बढ़त देखने को मिली। वहीं आईटी और एफएमसीजी शेयर्स में गिरावट रही।

# जंग के बीच रूस ने लगाया पर्यटक टैक्स

**एजेंसी, मॉस्को**

**नए** साल के पहले दिन पर रूस में पर्यटक टैक्स लागू हो गया है। यह टैक्स रिसॉर्ट शुल्क को रिप्लेस करेगा। 1 जनवरी, 2025 से, होटल और अन्य आवासों में रहने वाले यात्री अपने ठहरने की लागत का 1 प्रतिशत अतिरिक्त योगदान देंगे। टैक्स को जुलाई 2024 में रूसी कर संहिता में संशोधन के हिस्से के रूप में पेश किया गया था, जिसमें 'पर्यटक कर' नामक एक नया चैप्टर जोड़ा गया था।


इस अध्याय के तहत क्षेत्रीय अधिकारियों को स्थानीय शुल्क के रूप में इस टैक्स को लागू करने का अधिकार मिल गया। कई क्षेत्र, विशेष रूप से वे जो स्थापित या उभरते हुए पर्यटन उद्योगों वाले हैं, पहले ही इसे अपना चुके हैं। मौजूदा ढांचे के तहत, पर्यटक कर 2025 में 1 प्रतिशत की दर से शुरू होगा और 2027 तक धीरे-धीरे बढ़कर 3 प्रतिशत हो जाएगा। एक न्यूनतम दैनिक शुल्क के रूप में 100 रूबल (0.9 अमेरिकी डॉलर) निर्धारित किया गया है, जिससे सुनिश्चित किया जा सके कि एक न्यूनतम योगदान प्राप्त हो।



### इन चीजों से हटा निर्यात शुल्क

रूस ने कोकिंग कोल, एन्थ्रेसाइट और थर्मल कोल पर निर्यात शुल्क भी आधिकारिक तौर पर हटा दिया है। पहली अक्टूबर 2023 को लागू, निर्यात शुल्क 2024 के अंत तक लागू थे। हालांकि, बाद में एन्थ्रेसाइट और थर्मल कोयले पर शुल्क 1 मई से 30 नवंबर, 2024 के बीच अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया था।

## नववर्ष के पहले दिन सोना 372 रुपए महंगा



**नई दिल्ली।** साल के पहले दिन यानी 1 जनवरी को सोने के दाम में बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का भाव 372 रुपए बढ़कर 76,534 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले सोने की कीमत 76,162 रुपए प्रति दस ग्राम थी। हालांकि, चांदी का भाव आज 117 रुपए गिरकर 85,900 रुपए पर आ गया है। कल चांदी 86,017 रुपए प्रति किलोग्राम थी। वहीं, 23 अक्तूबर को चांदी ने 99,151 रुपए और 30 अक्तूबर को सोने ने 79,681 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

# बुमराह ने छुआ 907 रेटिंग अंकों का आंकड़ा

## अश्विन को छोड़ा पीछे, 2016 में 904 अंकों की रेटिंग की थी हासिल


जसप्रीत बुमराह

**एजेंसी, दुबई**

भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी की गई रैंकिंग में गेंदबाजी में 907 रेटिंग अंक का आंकड़ा छूकर नया भारतीय रिकॉर्ड बनाया।

बुमराह ने हाल में संन्यास लेने वाले स्पिन गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 2016 में 904 अंकों की अपनी सर्वोच्च रेटिंग हासिल की थी। बुमराह ने हाल में अश्विन की बराबरी की थी और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन के दम पर वह नया भारतीय रिकार्ड बनाने में सफल रहे। बुमराह 907 रेटिंग अंकों के साथ सर्वकालिक सूची में इंग्लैंड के डेरेक अंडरवुड के साथ संयुक्त 17वें स्थान पर हैं।

इस तेज गेंदबाज ने बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में नौ विकेट हासिल किए थे, जिससे उन्होंने गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की।

### यशस्वी जायसवाल चौथे स्थान पर

बॉक्सिंग-डे टेस्ट में यशस्वी जायसवाल की पहली पारी में 82 रन की पारी ने उन्हें 854 रेटिंग अंकों के साथ करियर के सर्वश्रेष्ठ चौथे स्थान पर पहुंचा दिया।



### टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग

| रैंक | खिलाड़ी | देश | रेटिंग अंक |
|---|---|---|---|
| 1. | जसप्रीत बुमराह | भारत | 907 |
| 2. | जोश हेजलवुड | ऑस्ट्रेलिया | 843 |
| 3. | पैट कमिंस | ऑस्ट्रेलिया | 837 |
| 4. | कैगिसो रबाडा | द.अफ्रीका | 832 |
| 5. | मॉर्को जानसेन | द.अफ्रीका | 803 |
| 6. | मैट हेनरी | न्यूजीलैंड | 782 |
| 7. | नाथन लियोन | भारत | 772 |
| 8. | प्रभात जयसूर्या | श्रीलंका | 768 |
| 9. | नोमन अली | पाकिस्तान | 751 |
| 10. | रवींद्र जडेजा | भारत | 750 |

## बुमराह नहीं होते तो सीरीज पूरी तरह से **एकतरफा** हो जाती : ग्लेन मैकग्रा

**सिडनी।** दिग्गज क्रिकेटर ग्लेन मैकग्रा ने जसप्रीत बुमराह की जमकर प्रशंसा करते हुए बुधवार को यहां कहा कि अगर भारतीय टीम में यह तेज गेंदबाज नहीं होता तो फिर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए खेली जा रही सीरीज पूरी तरह से ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में एकतरफा हो जाती।



भारत अभी पांच टेस्ट मैच की सीरीज में 1-2 से पीछे चल रहा है। सीरीज का पांचवा और अंतिम मैच शुक्रवार से यहां खेला जाएगा। बुमराह ने अभी तक सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया है तथा 20 से भी कम औसत से 30 विकेट लिए हैं। भारतीय बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जिसके कारण टीम पीछे चल रही है।

मैकग्रा ने अपने फाउंडेशन के कैंसर जागरूकता कार्यक्रम से इतर पत्रकारों से कहा, ''वह (बुमराह) भारतीय टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा है और अगर वह नहीं होता तो सीरीज पूरी तरह से एकतरफा होती। इससे पता चलता है कि वह कितना खास है।''

अपने जमाने के दिग्गज तेज गेंदबाज 54 वर्षीय मैकग्रा 2008 में अपनी पत्नी जेन की कैंसर से मौत के बाद इस बीमारी के प्रति लोगों में जागरूकता लाने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं।

वह भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही सीरीज पर करीबी नजर रखे हुए हैं और बुमराह के प्रदर्शन से बेहद प्रभावित हैं।

मैकग्रा ने बुमराह के छोटे रनअप के संदर्भ में कहा, ' वह बेहतरीन गेंदबाज है, जिसने परिस्थितियों से तालमेल बिठाने का तरीका ढूंढ लिया है। जिस तरह से वह रनअप में आखिरी कुछ कदमों में अपनी पूरी ताकत झोंक देता है, वह वास्तव में अविश्वसनीय है।''

## स्पोर्ट्स विंडो

### भारत की आर वैशाली ने महिला विश्व ब्लिट्ज में कांस्य पदक जीता



**न्यूयॉर्क।** भारत की आर वैशाली ने विश्व ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप के महिला वर्ग में कांस्य पदक जीता और इस तरह से यहां रैपिड स्पर्धा में कोनेरू हम्पी के खिताब जीतने के बाद देश के खिलाड़ियों ने वर्ष 2024 के अंत में भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। वैशाली ने क्वार्टर फाइनल में चीन की झू जिनर को 2.5-1.5 से हराया, लेकिन सेमीफाइनल में वह चीन की एक अन्य प्रतिद्वंद्वी जू वेनजुन से 0.5-2.5 से हार गईं। इस प्रतियोगिता में पूरी तरह से चीन के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। चीन की जू वेनजुन ने हमवतन लेई टिंगजी को 3.5-2.5 से हराकर विश्व खिताब जीता। 5 बार के विश्व चैंपियन और अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) के उपाध्यक्ष विश्वनाथन आनंद ने वैशाली को उनके प्रयासों के लिए बधाई दी और कहा कि यह वर्ष को समाप्त करने का एक शानदार तरीका है। आनंद ने एक्स पर लिखा, ''कांस्य पदक जीतने पर वैशाली को बधाई। उसने वास्तव में शानदार प्रदर्शन किया। हमारे वाका शतरंज सलाहकार (वेस्टब्रिज आनंद शतरंज अकादमी) ने हमें गौरवान्वित किया है। यह वर्ष 2024 का समापन करने का शानदार तरीका था।'' ओपन वर्ग में दुनिया के नंबर एक मैग्नस कार्लसन और रूस के इयान नेपोम्नियाची ने ब्लिट्ज खिताब साझा किया, क्योंकि सडन-डेथ की तीन बाजियों के बाद भी कोई स्पष्ट विजेता नहीं बन पाया। यह पहला अवसर है जबकि खिताब दो खिलाड़ियों में बांटा गया।

### अनन्या नायडू ने महिला एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता

**भोपाल।** महाराष्ट्र की युवा निशानेबाज अनन्या नायडू ने राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में रेलवे की अनुभवी मेघना सज्जनार को मामूली अंतर से हराकर महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता। अनन्या ने मप्र राज्य अकादमी रेंज में फाइनल में 252.5 अंक हासिल कर मेघना को मात्र 0.2 अंक से हराकर अपना पहला सीनियर राष्ट्रीय खिताब जीता। तमिलनाडु की आर नर्मदा नितिन ने 231.3 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। क्वालीफिकेशन दौर में अनन्या 8वें स्थान पर रहीं थीं जबकि उनके ही राज्य की आर्या राजेश बोरसे 633.3 अंक के साथ शीर्ष पर रहीं। नर्मदा ने 632.9 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल जूनियर स्पर्धा में गौतमी भनोट ने 251.5 अंक के साथ पहला स्थान हासिल किया।

### ग्लैमरस तस्वीरें पोस्ट करती मैंडी रोज

**नई दिल्ली।** मैंडी रोज अपनी रेसलिंग स्किल्स की वजह से कम और अपनी खूबसूरती की वजह से ज्यादा पहचानी जाती है। यह अपने डबल्यूडब्ल्यूई करियर में कोई खास उपलब्धि हासिल नहीं कर पाई है, सिर्फ एक बार ही एनएक्सटी चैंपियन रही है। मैंडी रोज अपनी कई ग्लैमरस तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट करती रहती है।



### जोकोविच और किर्गियोस की जोड़ी ब्रिस्बेन इंटरनेशनल से बाहर

**ब्रिस्बेन।** नोवाक जोकोविच और निक किर्गियोस की नई युगल जोड़ी बुधवार को यहां दूसरे दौर में ब्रिस्बेन इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट से बाहर हो गई। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली जोकोविच और किर्गियोस की जोड़ी क्रोएशिया के निकोला मेक्टिच और न्यूजीलैंड के माइकल वीनस की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी से 6-2, 3-6, 10-8 से हार गई। जोकोविच और किर्गियोस टाईब्रेक में 8-6 की बढ़त पर थे। यहां पर जोकोविच ने डबल-फॉल्ट किया जो उनकी हार का कारण बना क्योंकि उन्होंने मैच के अंतिम चार अंक गंवा दिए। चोटिल होने के कारण 18 महीने बाद वापसी करने वाले किर्गियोस मंगलवार को अपना पहला एकल मैच हार गए। जोकोविच ने हालांकि एकल के पहले दौर में आसान जीत दर्ज की और उनका अगला मुकाबला गेल मोनफिल्स से होगा, जिनके खिलाफ उनका 19-0 का रिकॉर्ड है।

### पूर्व भारतीय बल्लेबाज विनोद कांबली को अस्पताल से छुट्टी मिली

**ठाणे।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज विनोद कांबली को करीब दो हफ्ते तक इलाज के बाद बुधवार दोपहर ठाणे जिले के भिवंडी स्थित एक निजी अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। उन्हें शाम करीब चार बजे अस्पताल से छुट्टी मिली। कांबली (52 वर्ष) को मूत्र संक्रमण और खिंचाव के कारण आकृति अस्पताल में भर्ती कराया गया था, लेकिन बाद में डॉक्टरों ने कहा कि उनके मस्तिष्क में थक्के पाए गए हैं। नए साल के संदेश में कांबली ने मीडिया से बात करते हुए लोगों से शराब और नशीले पदार्थों से दूर रहने की अपील की और कहा कि बुरी आदतें किसी की जिंदगी बर्बाद कर सकती हैं।

# टीम में बदलाव के दौर से निपटने में गंभीर की भूमिका सवालों के घेरे में

**एजेंसी, सिडनी**

भारतीय क्रिकेट जब अपने दो दिग्गज खिलाड़ियों कप्तान रोहित शर्मा और सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली की खराब फॉर्म से जूझ रहा है तब मुख्य कोच गौतम गंभीर और उनके सहयोगी स्टाफ की टीम में बदलाव के दौर से निपटने में भूमिका भी चर्चा का विषय बन गई है।

मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में टीम का सफर मुश्किल रहा है, क्योंकि उसे आक्रामक और बेहद मजबूत ऑस्ट्रेलियाई टीम के सामने सही संयोजन हासिल करने में संघर्ष करना पड़ा है। मेहमान टीम शुक्रवार से यहां 5वां और अंतिम टेस्ट मैच खेलेगी जिसे जीतना उसके लिए बेहद महत्वपूर्ण है। मैदान पर आने वाले उतार-चढ़ाव के कारण मैदान के बाहर भी कुछ समस्याएं पैदा हो रही हैं और ड्रेसिंग रूम में अशांति की चर्चाएं बढ़ रही हैं।

पता चला है कि गंभीर टीम के अधिकांश खिलाड़ियों के साथ एकमत नहीं हैं और संवाद उतना अच्छा नहीं है जितना रवि शास्त्री और राहुल द्रविड़ के समय हुआ करता था।

कप्तान रोहित शर्मा ने कहा था कि वह चयन के मुद्दों पर खिलाड़ियों से व्यक्तिगत रूप से बात करते हैं, लेकिन जुलाई में गंभीर के कार्यभार संभालने के बाद रोहित ने कुछ ऐसे खिलाड़ियों को स्पष्ट रूप से नहीं बताया है कि उन्हें टीम से बाहर क्यों रखा जा रहा है जो जूनियर नहीं हैं। रोहित की स्वयं की खराब फॉर्म ने भी उनकी मदद नहीं की है, लेकिन यह भी विश्वसनीय रूप से पता चला है कि अधिक मुखर व्यक्ति माने जाने वाले गंभीर को खिलाड़ियों के उस समूह का बहुत अधिक विश्वास हासिल नहीं है, जो कोहली या रोहित जितने उम्रदराज नहीं हैं लेकिन हर्षित राणा या नितीश रेड्डी जैसे नए भी नहीं हैं। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर बताया, ''एक टेस्ट मैच बचा है और फिर चैंपियंस ट्रॉफी है। अगर प्रदर्शन में सुधार नहीं हुआ तो गौतम गंभीर की स्थिति भी सुरक्षित नहीं होगी।'' चयन समिति के साथ गंभीर का समीकरण भी इस समय स्पष्ट नहीं है। टीम में ऐसे खिलाड़ी हैं जो एकादश के साथ प्रयोग करने की उनकी प्रवृत्ति के कारण असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। मौजूदा सीरीज में रेड्डी जैसे खिलाड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया है, लेकिन शुभमन गिल से जुड़े फैसलों को लेकर अब भी बहस चल रही है। बीसीसीआई सचिव जय शाह अब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के प्रमुख बन गए हैं और बोर्ड को उनका पूर्णकालिक उत्तराधिकारी 12 जनवरी के बाद ही मिलेगा। एक बार प्रशासनिक स्थिरता आ जाने के बाद बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों को कुछ सोचना होगा।


फाइल फोटो

जब तक शाह बीसीसीआई के प्रभारी थे, तब तक वही फैसले करते थे। बोर्ड के मौजूदा अध्यक्ष और पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज रोजर बिन्नी को कोई नीति संबंधी फैसला लेते नहीं देखा गया है लेकिन अगर फरवरी-मार्च में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में भारत का प्रदर्शन बहुत बेहतर नहीं रहा तो गंभीर के पर कतर दिए जाएंगे।

बीसीसीआई अधिकारी ने कहा, ''वह कभी भी बीसीसीआई की पहली पसंद नहीं थे (वीवीएस लक्ष्मण) और कुछ जाने-माने विदेशी नाम तीनों प्रारूप के कोच नहीं बनना चाहते थे इसलिए वह एक समझौता था। जाहिर है कुछ अन्य मजबूरियां भी थीं।''

न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदान पर 0-3 से मिली हार के बाद गंभीर से पहले ही कुछ कठिन सवाल पूछे जा चुके हैं और अगर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी भी गंवा दी गई तो दिल्ली के ओल्ड राजिंदर नगर के इस पूर्व सलामी बल्लेबाज के लिए चीजें मुश्किल हो सकती हैं।

### दर्द के बावजूद पांचवां टेस्ट मैच खेलेंगे स्टॉर्क : कैरी

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी को उम्मीद है कि तेज गेंदबाज मिशेल स्टॉर्क पसली में दर्द के बावजूद भारत के खिलाफ शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले बॉर्डर-गावस्कर सीरीज का 5वां और अंतिम टेस्ट खेलेंगे। इस 34 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की फिटनेस ऑस्ट्रेलिया की टीम के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। वह बॉक्सिंग-डे टेस्ट के तीसरे दिन से ही पसलियों में दर्द से जूझ रहे थे, लेकिन फिर भी टीम के फिजियो की मदद से गेंदबाजी करने में सफल रहे।



कैरी ने कहा, ''वह ठीक हो जाएगा। उम्मीद है कि वह पांचवा टेस्ट मैच खेलेगा।'' ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ता संभवत: टेस्ट मैच के करीब स्टार्क की फिटनेस पर फैसला लेंगे, लेकिन कैरी ने कहा कि उन्हें अपने साथी खिलाड़ी की फिटनेस को लेकर कोई चिंता नहीं है।

उन्होंने कहा,''मैं लंबे समय से उसके (स्टार्क) साथ खेल रहा हूं। वह दमदार खिलाड़ी है। निश्चित तौर पर उसकी पसली में दर्द है और इससे वह कई बार परेशान हो जाता

## चंबा ने सिरमौर को पारी व 19 रनों से हराया

**संजीव पुरी, ऊना**

इंदिरा गांधी स्टेडियम में चंबा और सिरमौर के बीच में दो दिवसीय मैच आरंभ हुआ था, जिसमें सिरमौर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में मात्र 60 रन बनाए। सिरमौर के बल्लेबाज भरतेश ने 30 रन बनाए, टीम के बाकी बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक ही रहा। रघुवर अग्निहोत्री ने 6 खिलाड़ियों को पैवेलियन भेजा। अर्थव ठाकुर ने दो, आदित्य ठाकुर ने एक खिलाड़ी को आउट किया जबकि एक खिलाड़ी रन आउट हुआ।

चंबा की टीम ने अपनी पहली पारी में 9 विकेट पर 162 रन बनाकर पारी को घोषित की। चंबा के सलामी बल्लेबाज हेमांग बक्शी ने 74 रन बनाए, हिमांशु ने 23 रन, साहिल ठाकुर ने 21 रन बनाए। सिरमौर के अजय ने चार खिलाड़ियों को आउट किया



दूसरी पारी में सिरमौर की टीम ने 83 रन बनाए। योग्य शर्मा ने 32 रन बनाए, भरतेश ने 28 रनों का योगदान दिया। इस तरह से चंबा ने सिरमौर को एक पारी और 19 रन से हराया।

### ऊना ने लाहौल-स्पीति को दी शिकस्त

**जवाहर** नवोदय विद्यालय पेखुवेला में ऊना और लाहौल स्पीति के बीच में दो दिवसीय मैच आरंभ हुआ, जिसमें ऊना की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट खोकर 325 रन बनाए। इसके जवाब में लाहौल-स्पीति की टीम ने अपनी पहली पारी में 89 रनों पर आलआउट हो गई। दूसरी पारी में लाहौल-स्पीति की टीम 131 रनों पर सिमट गई। इस तरफ ऊना ने लाहौल-स्पीति को एक पारी और 105 के अंतर से हरा दिया। वहीं एक अन्य मुकाबल में हमीरपुर ने मंडी के खिलाफ पहली पारी में बढ़त हासिल की और मैच बिना किसी नतीजे के समाप्त हुआ।

हमीरपुर ने पहले खेलते हुए अपनी पहली पारी में 273 रन बनाए। मंडी की टीम 104 रन बना सकी। मंडी की टीम ने दूसरी पारी में फॉलोऑन खेलते हुए दिन का खेल खत्म होने तक पांच विकेट पर 181 रन बनाए। मैच बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गया हमीरपुर ने पहली पारी में बढ़त के आधार पर अधिक अंक मिले।

## राष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता बिलासपुर में होगी आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

फरवरी माह में बिलासपुर जिला में राष्ट्रीय पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता आयोजित होगी। जिले में पहली बार इस तरह की प्रतियोगिता होने जा रही है, जिसमें देशभर से पायलटों को बिलासपुर आने का न्यौता भी दिया जाएगा। यह निर्णय जिला प्रशासन बिलासपुर द्वारा लिया जा रहा हैं। इसके लिए प्रशासनिक स्तर पर पर्यटन विभाग से पैसा दिए जाने की मांग की है, जिसके लिए पर्यटन विभाग की तरफ से मुख्य सचिव ने हामी भर दी है।



यह प्रतियोगिता फरवरी के अंतिम सप्ताह या फिर मार्च महीने में करवाई जाएगी। बिलासपुर की बंदला धार स्थित पैराग्लाइडिंग साइट को एक्रोबेटिक के लिए सबसे उत्तम माना जाता है। पैराग्लाइडर लुहणू में और झील में भी उतर सकते हैं।

> बिलासपुर में पैराग्लाइडिंग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन करवाए जाने की योजना तैयार की गई है। इसके लिए पर्यटन विभाग से फंड मांगा गया है। उस ओर से अप्रूवल मिलने के बाद आगामी कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जाएगा।
>
> **–आबिद हुसैन सादिक**
> **उपायुक्त बिलासपुर**



**टैनिस** नोवाक 2024 में पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक के रूप में जीत पाए थे एकमात्र खिताब

# कोच मर्रे के साथ मिलकर सुधार करना चाहते है नोवाक जोकोविच

**एजेंसी, ब्रिस्बेन**

विश्व के पूर्व नंबर-1 खिलाड़ी नोवाक जोकोविच वर्ष 2024 में पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक के रूप में एकमात्र खिताब जीत पाए थे, लेकिन अब उन्होंने नए कोच एंडी मर्रे के साथ मिलकर यानिक सिनर और कार्लोस अल्कराज जैसे युवा खिलाड़ियों से मुकाबला करने के लिए नई रणनीति तैयार की है।

वर्तमान में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी 23 वर्षीय सिनर ने बीते साल ऑस्ट्रेलियाई और अमेरिकी ओपन तथा 21 वर्षीय अल्कराज ने विंबलडन और फ्रेंच ओपन में पुरुष एकल के खिताब जीते थे।

ब्रिस्बेन इंटरनेशनल में अपने पहले दौर का मैच जीतने के बाद 37 वर्षीय जोकोविच ने कहा कि उन्होंने 12 जनवरी से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन से पहले मर्रे के साथ मिलकर अपने युवा प्रतिद्वंदियों के वीडियो देखकर उनके खेल का आकलन किया है।


नोवाक जोकोविच

जोकोविच ने ऑस्ट्रेलिया के वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले रिंकी हिजिकाटा को 6-3, 6-3 से हराने के बाद कहा कि वह मर्रे साथ मिलकर अपने खेल में छोटे-छोटे बदलाव करेंगे। जोकोविच ने कहा, ''मैं अपने खेल में आमूलचूल बदलाव करने के बारे में नहीं सोच रहा हूं। मैं जियोवानी (फ्रांस का 21 वर्षीय स्टार जियोवानी एमपेत्शी पेरीकार्ड) की तरह नहीं बनने जा रहा हूं, जो पहले दो सर्विस करके नेट पर आ जाए, लेकिन मैं निश्चित रूप से सुधार करना चाह रहा हूं।

### नाओमी ओसाका ऑकलैंड टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में

ऑकलैंड। चार बार की ग्रैंड स्लैम एकल विजेता नाओमी ओसाका ने बुधवार को जूलिया ग्रैबर को 7-5, 6-3 से हराकर ऑकलैंड टेनिस क्लासिक के क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर वर्ष 2025 की शानदार शुरुआत की। तेज हवाओं और बारिश के कारण मैच में काफी देरी होने के बावजूद ओसाका ने सीधे सेटों में जीत दर्ज की। ओसाका 2017 में भी यहां अंतिम आठ में पहुंची थी। ऑकलैंड टूर्नामेंट 12 जनवरी से शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन की तैयारी के सिलसिले में खेला जाता है।



### ख्वाजा की जगह लेने पर है मैकस्वीनी की निगाह

**मेलबोर्न।** बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में खराब प्रदर्शन के बावजूद सलामी बल्लेबाज नाथन मैकस्वीनी ने ऑस्ट्रेलिया की टेस्ट टीम में वापसी की उम्मीद नहीं छोड़ी है और उन्होंने कहा कि वह उस्मान ख्वाजा के संन्यास लेने के बाद टीम में उनकी जगह लेने की कोशिश करेंगे।

मैकस्वीनी ने पहले तीन टेस्ट मैचों में ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत की, लेकिन निराशाजनक प्रदर्शन के कारण बॉक्सिंग-डे टेस्ट में उनकी जगह सैम कोंस्टास को लिया गया और इस 19 वर्षीय खिलाड़ी ने धमाकेदार अर्धशतक बनाकर शानदार आगाज किया।

पाकिस्तान मूल के 38 वर्षीय क्रिकेटर ख्वाजा ने संकेत दिए हैं कि अगली गर्मियों में एशेज के बाद वह संन्यास ले सकते हैं। मैकस्वीनी ने कहा, ''मुझे (टेस्ट टीम में वापस आना) अच्छा लगेगा, इसमें कोई संदेह नहीं है। उस्सी (उस्मान ख्वाजा) का प्रदर्शन शानदार रहा है, लेकिन अगर मौका मिलता है और वह संन्यास लेते हैं तो मैं उनकी जगह लेना पसंद करूंगा।''